आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 218 | उज्जैन, शुक्रवार 21 अगस्त, 2026 | श्रावण शुक्ल 9 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### ब्रिटेन के राजकुमार हैरी और मेगन बच्चों के साथ 6 साल बाद लौटेंगे ब्रिटेन

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन ने अपने देश लौटने का फैसला किया है लेकिन वे शाही परिवार के कामकाजी सदस्यों के रूप में अपनी भूमिकाएं दोबारा नहीं संभालेंगे। ब्रिटेन की मीडिया ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी है। समाचारपत्र डेली टेलीग्राफ की खबर के अनुसार, दंपति के बच्चों प्रिंस आर्ची (सात) और प्रिंसेस लिलिबेट (पांच) का ब्रिटेन के विद्यालयों में दाखिला हो चुका है और वे सितंबर से अपनी पढ़ाई शुरू करेंगे। खबर के मुताबिक, यह परिवार लंदन के बाहर एक निजी आवास में रहेगा। हैरी और मेगन ने छह साल से अधिक समय पहले शाही जिम्मेदारियां छोड़ दी थीं और आर्थिक रूप से स्वतंत्र जीवन जीने के लिए कैलिफोर्निया चले गए थे।

### मिसाइल-बम बनाने में निजी कंपनियों को जोड़ेगा डीआरडीओ

**नई दिल्ली।** देश में मिसाइल और बम जैसे हथियारों का निर्माण अब निजी कंपनियों की भागीदारी से और बढ़ाने की तैयारी है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने भारतीय निजी रक्षा कंपनियों को अपने साथ जुड़ने का मौका दिया है। इसके तहत कंपनियां डीआरडीओ के मिसाइल और रणनीतिक हथियारों से जुड़े प्रोजेक्ट के विकास और उत्पादन में भागीदार बन सकेंगी। यह कदम देश में रक्षा उत्पादन बढ़ाने और हथियारों के लिए विदेशी निर्भरता कम करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। डीआरडीओ के मिसाइल एंड स्ट्रैटेजिक सिस्टम्स (एमएसएस) क्लस्टर ने इसके लिए एक्सप्रेसंस ऑफ इंटरेस्ट जारी किया है। चुनी गई कंपनियों को डीआरडीओ की तकनीकी, उत्पादन और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी जरूरतों को पूरा करना होगा।

### भारत-जापान के बीच अहम डिफेंस डील, पाकिस्तान को बड़ा झटका

**नई दिल्ली।** भारत और जापान ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए रक्षा सहयोग को और मजबूत करने का फैसला किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी ने 20 अगस्त को नई दिल्ली में इसके लिए एक द्विपक्षीय बैठक की। इस मीटिंग में दोनों देशों के बीच समुद्री सुरक्षा सहयोग पर व्यवस्था संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता दोनों देशों के बीच समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में आगे के सहयोग के लिए ढांचा उपलब्ध कराएगा। समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों की सेनाओं के बीच व्यावहारिक सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी है।

राजपाल यादव बोले

### जिनका पैसा बकाया है, घर पहुंचा दूंगा



**कहा- 13 साल में 250 करोड़ का नुकसान हुआ, घर नीलाम कर रहा बैंक**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव ने चेक बाउंस और कर्ज विवाद के बीच दावा किया है कि पिछले 13 साल में उन्हें 200 से 250 करोड़ रुपए का निजी नुकसान हुआ है। 55 साल के एक्टर ने कहा कि वे एक जिम्मेदार इंसान हैं और जिन लोगों का पैसा बकाया है, वे उसे चुका देंगे या उनके घर तक पहुंचा देंगे। यह बयान ऐसे समय आया है जब सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 16 करोड़ रुपए का कर्ज न चुकाने पर उनके पैतृक घर की नीलामी का नोटिस जारी किया है। फीस कम मिली, 50 से ज्यादा विदेशी टूर छूटे राजपाल यादव ने बताया कि 2013 से 2016 के बीच उनका सबसे ज्यादा आर्थिक नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि इस दौरान विदेश में उनके कम से कम 50 टूर छूट गए और मिलने वाली फीस भी काफी कम हो गई। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि जहां उन्हें 100 रुपए मिलने चाहिए थे, वहां सिर्फ 10 रुपए मिले। हालांकि, राजपाल ने कहा कि वे आर्ट के स्टूडेंट हैं और वे पैसों से ज्यादा अपनी कला में परफेक्शन को अहमियत देते हैं। 'जिनका पैसा बकाया है, घर पहुंचा दूंगा' अपनी आर्थिक स्थिति और कर्ज पर बात करते हुए राजपाल यादव ने कहा कि उन्होंने जिनसे भी पैसा उधार लिया था, उसे चुका दिया है या जल्द चुका देंगे।

### नैनो न्यूज

- **नई दिल्लीः** पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार का तिहाड़ में निधन, सिख विरोधी दंगों में उम्रकैद काट रहे थे, 4 केस में से 2 में बरी, 2 में दोषी थे।
- **कोलकाताः** जादवपुर यूनिवर्सिटी में एबीवीपी-लेफ्ट छात्रों में हिंसक झड़प, कई घायल, दोनों पक्षों ने हिंसा और बाहरी लोगों को लाने के आरोप लगाए।
- **नई दिल्लीः** भारत दौरे पर आ सकते हैं चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग, 12-13 सितंबर को दिल्ली में ब्रिक्स समिट, दोनों देशों में सीमा विवाद पर होगी बातचीत।
- **विशाखापट्टनमः** टीचर ने पीटा, बच्चे ने गोद में गिरकर दम तोड़ा, परिवार का दावा- दहशत में आया हार्ट अटैक।
- **नई दिल्लीः** शाह ने कहा- कांग्रेस का पूरा वंदे मातरम न गाना देशविरोधी, उन्होंने 1937 में राष्ट्रगीत के दो टुकड़े कर मुस्लिम तुष्टीकरण किया और विभाजन की नींव डाली।

उत्तराखंड के चमोली जिले के नारायणबगड़ में हिंसक कुत्तों के हमलों से अब तक 11 लोग घायल

# पागल कुत्तों के आतंक से 10 स्कूल बंद, बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई हो रही

**एजेंसी ▸▸ चमोली**

उत्तराखंड के चमोली जिले के नारायणबगड़ में हिंसक कुत्तों के हमलों से अब तक 11 लोग घायल हो चुके हैं। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए 10 स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई है। इन स्कूलों के 600 से ज्यादा बच्चों की पढ़ाई ऑनलाइन कराई जा रही है। कुत्तों के डर से लोग घर से बाहर जाते समय हाथ में डंडा लेकर निकल रहे हैं।

चमोली कलेक्टर गौरव कुमार के निर्देश पर मुख्य शिक्षा अधिकारी आकाश सारस्वत ने स्कूलों में छुट्टी का आदेश जारी किया था। पहले 20 से 23 अगस्त तक चार दिन की छुट्टी की घोषणा हुई, जिसे बाद में घटाकर दो दिन कर दिया गया। हिंसक कुत्तों को पकड़ने के लिए वन विभाग की क्विक रिस्पॉन्स टीम अभियान चला रही है। 3 कुत्ते पकड़ लिए गए हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि एक पागल कुत्ते ने अन्य कुत्तों को काटा, जिसके बाद क्षेत्र में कई कुत्ते आक्रामक हो गए। इस दावे की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



#### ऐसे बढ़े कुत्तों के हमले

स्थानीय लोगों के अनुसार, रविवार और सोमवार को 3 लोग कुत्ते के हमले का शिकार हुए। मंगलवार को कुत्तों ने स्कूली बच्चों समेत 4 लोगों को काटा। बुधवार को 3 स्कूली बच्चों समेत 4 अन्य लोगों पर हमला हुआ। कल घायल हुए दीपांशु बिष्ट, मानवी, वैष्णवी, मजदूर प्रकाश और पंती गांव निवासी लक्ष्मी को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उन्हें एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए गए।

#### 17 सदस्यीय जॉइंट टीम चला रही ऑपरेशन

क्विक रिस्पॉन्स टीम में वन विभाग के 5, पशुपालन विभाग के 4 और तहसील के 4 कर्मचारी हैं। टीम के साथ 2-3 पुलिसकर्मी भी तैनात हैं। अभियान की निगरानी एसडीएम यदवीर सिंह कर रहे हैं। कुत्तों को जाल की मदद से पकड़ा जा रहा है। पशुपालन विभाग ने नारायणबगड़ पशु चिकित्सालय में 2 कैंप शुरू किए हैं। पकड़े गए कुत्तों का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। लोगों से अपने कुत्तों का टीकाकरण कराने के लिए भी कहा जा रहा है। चमोली के पशु चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र सिंह बिष्ट के अनुसार, नारायणबगड़ क्षेत्र में अब तक 22 कुत्तों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। दो गाय और एक बछड़े का भी टीकाकरण किया गया है।

#### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में स्कूल बंद करने पड़े थे

भारत में संभवतः यह दूसरा मौका है जब हिंसक कुत्तों के आतंक के कारण स्कूलों को बंद करना पड़ा। इससे पहले जम्मू-कश्मीर के राजौरी में कुत्तों के आतंक के कारण 8 पंचायतों के स्कूल एक दिन के लिए बंद करने पड़े थे। वहां लोगों की सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ भी तैनात करनी पड़ी थी।

सुकेश चंद्रशेखर ने जेल से केजरीवाल-सत्येंद्र जैन को लेटर लिखा

## तीन और घोटाले उजागर करने की धमकी दी

### आप को घोटालों की ऑलवेज पार्टी बताया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

सुकेश चंद्रशेखर ने जेल से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को नया लेटर लिखा है। लेटर में उसने पार्टी से जुड़े तीन और घोटाले उजागर करने की धमकी दी है।

चंद्रशेखर ने दावा किया कि दिल्ली शराब नीति और जल बोर्ड को लेकर उसके पिछले खुलासे सही साबित हुए हैं। यह लेटर गुरुवार को सामने आया। उसने आम आदमी पार्टी को घोटालों की ऑलवेज पार्टी बताते हुए पंजाब को लेकर भी चेतावनी दी है। सुकेश धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

#### सुकेश धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में तिहाड़ जेल में बंद है



आपके भ्रष्टाचार को उजागर करने की दिशा में यह एक और कदम है। 2021-22 के मेरे खुलासे सही साबित हुए हैं। शराब नीति मामले के बाद अब जल बोर्ड का मामला सामने आया है। आपके तीन अन्य विभागों में तीन और घोटाले और भ्रष्टाचार उजागर किए जाएंगे। आम आदमी पार्टी का अब मतलब है एनीटाइम, ऑलवेज पार्टी ऑफ स्कैम है। पंजाब को फिर से बेवकूफ बनाने की बात भूल जाइए। दिल्ली में जो हुआ, पंजाब में आपकी अकड़ और आपकी घोटाले वाली पार्टी के खिलाफ इससे भी ज्यादा गुस्सा दिखेगा। आप लोग भ्रम में हो सकते हैं, लेकिन मुझे सब याद है। मैं जल्द ही आपको चौंकाऊंगा। केजरीवाल जी और सत्येंद्र जी, जेल से आपके लिए 2.0 बधाई। अब यह भी आने वाला है।

### डॉक्टरों को एक यूनिक आईडी मिलेगी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

नेशनल मेडिकल कमीशन ने हर रजिस्टर्ड डॉक्टर को केंद्रीय स्तर पर एक यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर देने का प्रस्ताव रखा है। इसके बाद एक बार राज्य मेडिकल रजिस्टर में रजिस्ट्रेशन होने पर डॉक्टर को देश के किसी दूसरे राज्य में प्रैक्टिस करने के लिए अलग से नया रजिस्ट्रेशन या लाइसेंस नहीं लेना होगा। प्रस्ताव के तहत डॉक्टरों का एक राष्ट्रीय डिजिटल रिकॉर्ड भी तैयार होगा। इसमें रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस की स्थिति और डॉक्टर के खिलाफ हुई अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानकारी दर्ज रहेगी।

भागवत 29 अगस्त को न्यूयॉर्क जाएंगे

### अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने कहा- आरएसएस पर बैन लगे

**एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता आयोग यानी यूएससीआईआरएफ ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। आयोग ने अमेरिकी सरकार से आरएसएस नेताओं को राजनयिक सम्मान नहीं देने और उनके साथ उच्चस्तरीय बैठकें नहीं करने को कहा है। आयोग के चेयरमैन आसिफ महमूद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरएसएस के सदस्य हैं और इसके सहयोगी संगठनों ने धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमले किए हैं। पाकिस्तानी मूल के महमूद का यह बयान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के अमेरिका दौरे से कुछ दिन पहले आया है।



भागवत 25 अगस्त से अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन के दौरे पर जाएंगे। भागवत 29 अगस्त को न्यूयॉर्क में अमेरिकन हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग के यूनिवर्सल ऑननेस सेलिब्रेशंस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

ट्रम्प बोले-आर्थिक हमले से ईरान को दुनिया से काट देंगे

## जो देश ईरान का साथ देंगे, वे नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहें

**एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी आर्थिक कार्रवाई का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि ईरान ने समझौते का मौका गंवा दिया है। अब उसे आर्थिक तौर पर अलग-थलग किया जाएगा। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि ईरान की मदद करने वाले देशों और संस्थाओं पर भी कार्रवाई होगी। इसमें बैंक, कंपनियां, एयरपोर्ट और सरकारी संस्थाएं शामिल हैं।



उन्होंने तेल तस्करी नेटवर्क पर कार्रवाई करने और कैश ट्रांसफर, करेंसी एक्सचेंज, जहाजों के रजिस्ट्रेशन और फर्जी कंपनियों के जरिए ईरान तक पहुंचने वाली आर्थिक मदद को रोकने की बात कही। ट्रम्प का दावा- ईरान की सैन्य ताकत को भारी नुकसान ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान की नौसेना और वायुसेना को बड़ा नुकसान हुआ है। उसके कई सैन्य कारखाने तबाह हो गए हैं। ईरान की मुद्रा की हालत भी बहुत खराब है और देश आर्थिक संकट में है। ट्रम्प ने अमेरिका की नई आर्थिक कार्रवाई को इकोनॉमिक डी-डे बताया।

### मप्र के कई जिलों में बाढ़ के हालात

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

देश के कई राज्यों में लगातार बारिश जारी है। मध्य प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। सतना में भारी बारिश से चित्रकूट की गुप्तगोदावरी में जलस्तर बढ़ गया। डिंडौरी में नदी-नाले उफान पर हैं और 12 से ज्यादा गांवों का संपर्क टूट गया। पन्ना के कई गांवों में भी पानी भर गया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चार दिनों से बारिश हो रही है। पिछले तीन दिन में 205 मिमी पानी गिरा। शहर के कई इलाकों में 5 फीट तक पानी भर गया। घरों-हॉस्टल में पानी भर गया। बुधवार को करीब 2000 छात्र हॉस्टल छोड़कर चले गए। आज भी 9 जिलों में रेड अलर्ट है।

### जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाएं रद्द करने के आदेश पर लगाई रोक

**एजेंसी ▸▸ रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के उस फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसके तहत झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को रद्द कर दिया गया था। छात्रों के उग्र विरोध प्रदर्शनों और कथित अनियमितताओं की शिकायतों के बाद राज्य सरकार ने इन परीक्षाओं को रद्द करने का आदेश दिया था। हालांकि, इस फैसले के खिलाफ अदालत पहुंचे अभ्यर्थियों की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सरकारी आदेश पर रोक लगा दी। अदालत के इस रुख के बाद राज्य सरकार की प्रशासनिक कार्रवाई और भर्ती प्रक्रिया के भविष्य पर सवाल खड़े हो गए हैं। झारखंड सरकार द्वारा 22 भर्ती परीक्षाओं को रद्द करने के फैसले के खिलाफ प्रभावित उम्मीदवारों द्वारा शुरू की गई कानूनी लड़ाई तेज हो गई है।



### बांग्लादेश को मिला नया राष्ट्रपति, मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर जीते

**एजेंसी ▸▸ ढाका**

बांग्लादेश में राष्ट्रपति चुनाव का नतीजा आ गया है। सत्ताधारी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर देश के 23वें राष्ट्रपति चुने गए हैं। उन्हें संसद में 255 वोट मिले, जबकि विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार कर्नल (रिटायर्ड) ओली अहमद को 88 वोट मिले। राष्ट्रपति चुनाव के लिए गुरुवार को संसद भवन में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान हुआ। मतदान खत्म होते ही वोटों की गिनती शुरू की गई और इसके बाद नतीजे घोषित कर दिए गए। इस चुनाव में कुल 349 सांसदों ने मतदान किया। बांग्लादेश में राष्ट्रपति को जनता सीधे नहीं चुनती, बल्कि संसद के सदस्य राष्ट्रपति का चुनाव करते हैं। संसद में बीएनपी के पास दो-तिहाई बहुमत होने के कारण आलमगीर की जीत पहले से ही लगभग तय मानी जा रही थी।



### दिल्ली में 15 से 25 सितंबर तक श्रावक संयम साधना संस्कार शिविर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

श्री ऋषभोदय तीर्थ क्षेत्र, ऋषभ विहार, दिल्ली में 15 से 25 सितंबर 2026 तक 10 दिवसीय श्रावक संयम साधना संस्कार शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर आचार्य विशुद्धसागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में होगा। प्रतिष्ठाचार्य पं. कमल कुमार कमलाकुर शिविर का निर्देशन करेंगे। इसमें पूजन, अभिषेक, स्वाध्याय, प्रवचन, ध्यान एवं सामूहिक साधना के माध्यम से धार्मिक संस्कार और संयम की प्रेरणा दी जाएगी। आयोजकों ने देशभर के जैन समाज से सपरिवार शामिल होने की अपील की है।

### चीन ने कहा- जापान के पास 5500 परमाणु बम बनाने जितना प्लूटोनियम


**एजेंसी ▸▸ बीजिंग**

चीन ने जापान की परमाणु क्षमता को लेकर चिंता जताई है। रूस में चीन के राजदूत झांग हानहुई ने दावा किया कि जापान के पास करीब 44.4 टन अलग किया हुआ प्लूटोनियम है। उनके मुताबिक, इतनी मात्रा से सैद्धांतिक तौर पर करीब 5,500 परमाणु हथियार बनाए जा सकते हैं। झांग ने रूसी सरकारी समाचार एजेंसी तास से बातचीत में कहा कि जापान के पास इस्तेमाल किए गए परमाणु ईंधन को दोबारा प्रोसेस करके उसमें से प्लूटोनियम निकालने की तकनीक भी है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि जापान के पास 5,500 परमाणु हथियार हैं। यह चीन की ओर से प्लूटोनियम की मात्रा के आधार पर लगाया गया अनुमान है।

### राम मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष ने मनमानी की : चंपत राय

**एजेंसी ▸▸ अयोध्या**

अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट से इस्तीफे के बाद चंपत राय ने गुरुवार को 9 पन्नों का दूसरा लेटर जारी किया। इसमें उन्होंने मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष और पूर्व आईएएस अधिकारी नृपेंद्र मिश्र की भूमिका को लेकर कई दावे किए हैं। चंपत राय ने कहा, 'राम मंदिर निर्माण के लिए बने ट्रस्ट में 15 ट्रस्टी थे और नृपेंद्र मिश्र को निर्माण समिति का अध्यक्ष बनाया गया था। मिश्र के सुझाव पर लार्सन एंड टूब्रो को मंदिर निर्माण की जिम्मेदारी दी गई। भवनों के डिजाइन और निर्माण से जुड़े काम के लिए नोएडा की डिजाइन एसोसिएट फर्म का चयन भी किया। चंपत राय ने कहा कि नृपेंद्र मिश्र ने निर्माण समिति में अपनी पसंद के लोगों को शामिल किया। इनमें से कुछ लोग छह साल के दौरान केवल एक-दो बार ही अयोध्या आए। पूर्व एनबीसीसी चेयरमैन अनूप मित्तल लगातार नृपेंद्र मिश्र के साथ निर्माण समिति की बैठकों में शामिल होते थे।




जंतर-मंतर पर पुलिस कार्यवाही के आरोपों पर

# सुप्रीम कोर्ट ने जांच कमेटी बनाई

## इसमें रिटायर्ड जज, सीबीआई, पुलिस के पूर्व अफसर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को संसद मार्च के दौरान पुलिस की कार्रवाई के आरोपों की जांच के लिए 5 सदस्यों की हाई पावर्ड कमेटी के नामों का ऐलान किया। कमेटी का अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस आर सुभाष रेड्डी को बनाया गया है।

इसमें पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस रवि शंकर झा, दिल्ली हाईकोर्ट की पूर्व जज जस्टिस शलिंदर कौर, उइक के पूर्व डायरेक्टर ऋषि कुमार शुक्ला और मेघालय के रिटायर्ड डीजीपी डॉ. एलआर बिश्नोई शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 18 अगस्त को सुनवाई के दौरान इस कमेटी को बनाने का फैसला लिया था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पैलेटगन इस्तेमाल करने और महिलाओं से बदसलूकी के आरोप लगाए थे। नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जंतर-मंतर पर 36 दिन चला था। 25 जुलाई को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद खत्म हुआ था।

#### दिल्ली पुलिस ने कहा था- संसद मार्च गैरकानूनी था



सुप्रीम कोर्ट में 18 अगस्त को सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने कहा था कि 20 जुलाई का संसद मार्च गैरकानूनी था। इसकी परमिशन नहीं थी। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन में कई हिस्ट्रीशीटर भी आ गए थे। पुलिस ने बताया कि संसद मार्च में प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़े और पुलिस से मारपीट की, जिससे प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं रहा। हालात संभालने के लिए बल प्रयोग किया गया था, लेकिन प्रदर्शनकारियों पर जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग नहीं किया गया। डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस सचिन शर्मा ने हलफनामा दाखिल कर ये जानकारी दी। इसे पुलिस ज्यादती की कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग वाली याचिकाओं के जवाब के तौर पर पेश किया गया है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में हाई लेवल कमेटी बनाएगा।

# सितंबर-अक्टूबर में उज्जैन से तीन तीर्थ यात्राएं

## 568 श्रद्धालुओं को मिलेगा मौका, अयोध्या-काशी से लेकर हरिद्वार, ऋषिकेश और गया तक होगी यात्रा, नगर निगम में जमा होंगे आवेदन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत उज्जैन जिले के वरिष्ठ नागरिकों और पात्र आवेदकों के लिए सितंबर और अक्टूबर 2026 में तीन चरणों में तीर्थ यात्राएं आयोजित की जाएंगी। योजना के तहत अयोध्या-काशी (वाराणसी), हरिद्वार-ऋषिकेश तथा वाराणसी-गया की यात्रा प्रस्तावित है। तीनों यात्राओं के लिए कुल 568 यात्रियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।




**पहली यात्रा अयोध्या-काशी की-** अयोध्या एवं काशी (वाराणसी) की यात्रा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 1 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। यह यात्रा 7 सितंबर 2026 से प्रारंभ होगी। इस यात्रा के लिए उज्जैन जिले से 256 यात्रियों का लक्ष्य रखा गया है।

**दूसरी यात्रा हरिद्वार-ऋषिकेश की-** हरिद्वार एवं ऋषिकेश यात्रा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 9 सितंबर 2026 है। यात्रा 16 सितंबर 2026 से प्रारंभ होगी। इसके लिए 156 यात्रियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**तीसरी यात्रा वाराणसी-गया की-** वाराणसी एवं गया तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2026 रहेगी। यह यात्रा 4 अक्टूबर 2026 से प्रारंभ होगी। इस यात्रा में 156 यात्रियों को शामिल किए जाने का लक्ष्य है।

### नगर निगम मुख्यालय से मिलेगा आवेदन

इच्छुक आवेदक आवेदन पत्र कार्यालय नगर शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ, नगर पालिक निगम उज्जैन, आगर रोड स्थित कक्ष क्रमांक 214 से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जमा करना होगा। आवेदन दो सेट में जमा किए जाएंगे और केवल हिंदी भाषा में भरे गए आवेदन मान्य होंगे।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए पात्रता

योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक दंपती के साथ यात्रा कर सकते हैं। वहीं 65 वर्ष से अधिक आयु के दंपती अपने साथ 18 से 49 वर्ष की आयु के एक सहायक को ले जाने के पात्र होंगे। महिला आवेदकों को आयु सीमा में दो वर्ष की छूट दी गई है, इसलिए उनके लिए 58 वर्ष की आयु मान्य होगी। 60 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले आवेदकों के लिए आयु का बंधन नहीं रखा गया है। दिव्यांग आवेदक अपने साथ एक शारीरिक रूप से सक्षम सहायक ले जा सकते हैं।

### आवेदन के साथ ये दस्तावेज जरूरी

आवेदन के साथ आवेदक को आधार कार्ड, समग्र आईडी, पासपोर्ट साइज फोटो और स्वास्थ्य प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। समग्र आईडी में आवश्यक ई-केवाईसी भी पूर्ण होना जरूरी है। आवेदक आयकरदाता नहीं होना चाहिए तथा उसका उज्जैन निकाय क्षेत्र का मूल निवासी होना आवश्यक है।

### अंतिम तारीखों पर रखें विशेष ध्यान

तीर्थ यात्रा में शामिल होने के इच्छुक पात्र नागरिक आवेदन की अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए समय पर आवेदन जमा करें। अयोध्या-काशी-1 सितंबर, हरिद्वार-ऋषिकेश-9 सितंबर और वाराणसी-गया-23 सितंबर 2026 आवेदन की अंतिम तिथियां हैं।

### महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### नैनो न्यूज

- **वर्तमान दौर की सभी समस्याओं के उत्तर रामचरितमानस में मौजूद:** राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना उज्जैन द्वारा तुलसी जयंती के उपलक्ष्य में 'गोस्वामी तुलसीदास का युगबोध और वर्तमान विश्व' विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- **फाइनेंशियल एजूकेशन एंड इन्वेस्टमेंट अवेयरनेस कार्यक्रम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित:** वर्तमान समय में पैसा कमाना जितना जरूरी है, उससे कहीं अधिक कमाए हुए पैसे को सुरक्षित, संग्रहित और निवेश करना जरूरी है।
- **पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस कार्यकताओं ने किया माल्यार्पण-** पीपली नाका स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा पर शहर जिला कांग्रेस एवं जीवाजीगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- **शहीद पार्क से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी रैली-** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर देव जनजागरण विकास समिति और जिला युवक कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान खेल और समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को राजीव गांधी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
- **जीवाजीगंज शहरी परिवार कल्याण केंद्र में हुआ स्वागत-** एनबीएसके जिला आगर की जिला अध्यक्ष मोना सर्वेकर की पदोन्नति शहरी परिवार कल्याण केंद्र जीवाजीगंज, उज्जैन में होने पर उनका स्वागत किया गया। एनबीएसके के संभागीय अध्यक्ष एमआर मंसूरी के नेतृत्व में उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया।
- **हेमलता सरकार को मिला 12वां मानस तुलसी सम्मान-** श्रीधाम आश्रम स्थित राम जानकी मंदिर में विचार क्रांति साहित्य मंच द्वारा तुलसी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भारत माता मंदिर न्यास की संस्थापिका हेमलता सरकार को 12वें मानस तुलसी सम्मान से अलंकृत किया गया। समारोह में हरियाणा, राजस्थान और स्थानीय साहित्यकारों का भी प्रतिभा सम्मान किया गया।
- **निर्मला कॉलेज और निर्मला कॉलेज ऑफ एजुकेशन का संयुक्त आयोजन-** निर्मला कॉलेज और निर्मला कॉलेज ऑफ एजुकेशन की पर्यावरणीय स्थिरता समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को निर्मला महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पर्यावरण पर आधारित एक मिनट की स्वनिर्मित रील्स का प्रदर्शन कर अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।
- **आलौकिक चातुर्मास की धर्मसभा में समझाया प्रज्ञापना आगम सूत्र का मर्म-** अरविंद नगर के श्री नागेश्वर पाश्र्वनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर में चल रहे अलौकिक चातुर्मास के तहत गुरुवार को धर्मसभा में प्रज्ञापना आगम सूत्र पर पंन्यास प्रवर श्री ऋषभरत्नविजयजी महाराज ने प्रवचन दिए।
- **बिना नक्शे जारी किए गए नोटिस पर जताई आपत्ति-** सिंहस्थ 2028 के तहत शहर में कोयला फाटक से छत्रीचौक मार्ग के 15 मीटर चौड़ीकरण को लेकर नगर निगम की कार्रवाई का विरोध शुरू हो गया है। गोपाल मंदिर मार्ग स्थित शाही मस्जिद वक्फ पंचायत मोचीयान ने भवन अधिकारी द्वारा 14 अगस्त को जारी सूचना पत्र के खिलाफ आपत्ति दर्ज कराई है।
- **आनंद क्लब ने किया शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके का सम्मान-** बीएसएनएल के सेवानिवृत्त अधिकारियों के आनंद क्लब ने स्थानीय होटल में देहदानी, नेत्रदानी और राष्ट्रपति पुरस्कार से अलंकृत शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके का सम्मान कर अभिनंदन किया।
- **खाराकुआ स्थित ऋषभदेव केशरीयानाथ मंदिर में हुआ आयोजन-** खाराकुआ स्थित ऋषभदेव केशरीयानाथ मंदिर में जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस पर विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर चंदादेवी हुकुमचंद जैन परिवार के मुकेश, मयंक और वीर द्वारा परमात्मा के समक्ष निर्वाण लाड़ू अर्पित किया गया।

### ट्रेंडिंग




नगर निगम ने दुकानदारों पर 12 हजार का जुर्माना

# 1.5 क्विंटल से अधिक डिस्पोजल पर चली जेसीबी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक और डिस्पोजल सामग्री के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई लगातार जारी है। गुरुवार को नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने इंदौर गेट स्थित गणेश ट्रेड से जब्त किए गए 1.5 क्विंटल से अधिक प्रतिबंधित डिस्पोजल ग्लास को एमआर-5 स्थित ट्रांसफर स्टेशन पर जेसीबी की मदद से नष्ट कर दिया। जब्त सामग्री की बाजार कीमत 65 हजार रुपए से अधिक बताई गई है।

स्वास्थ्य विभाग के उपायुक्त संजेश गुप्ता के अनुसार, गणेश ट्रेड से प्रतिबंधित डिस्पोजल ग्लास के 8 से अधिक बड़े बॉक्स जब्त किए गए थे। कार्रवाई के बाद इनकी निर्धारित प्रक्रिया के तहत नष्ट किया गया, ताकि जब्त सामग्री दोबारा बाजार में न पहुंच सके और उसका इस्तेमाल न हो।




### दुकानों के बाहर गंदगी मिली तो काटे चालान

कार्रवाई के दौरान निगम की टीम ने इंदौर गेट से देवास गेट बस स्टेशन तक क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी और कचरा फैलाने वाले दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। निगम के अनुसार, कार्रवाई में 12 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

### सिर्फ जब्ती नहीं, रोकथाम पर भी जोर

नगर निगम का कहना है कि प्रतिबंधित पॉलीथिन, सिंगल यूज प्लास्टिक और डिस्पोजल सामग्री के खिलाफ कार्रवाई का उद्देश्य केवल जुमार्ना वसूलना नहीं है। इसके जरिए ऐसी सामग्री के उपयोग और बिक्री पर रोक लगाने के साथ व्यापारियों और नागरिकों को स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत शहर में लगातार जब्ती और चालानी कार्रवाई की जा रही है। निगम ने व्यापारियों और शहरवासियों से प्रतिबंधित पॉलीथिन, सिंगल यूज प्लास्टिक और डिस्पोजल सामग्री का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने की अपील की है।

मूंछें हों तो मिलिंद पन्हालकर जैसी...

# रौबदार लुक से जल्लाद की जगह मिला था राजा का किरदार





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बॉलीवुड का मशहूर डायलॉग 'मूंछें हों तो नत्थूलाल जैसी...' और 'बैल सिंगाड़ा और मर्द मूंछाड़ा' जैसी कहावतें उज्जैन के मिलिंद पन्हालकर पर बिल्कुल सटीक बैठती हैं। अपनी लंबी और रौबदार मूंछों के कारण शहर में उनकी एक अलग पहचान है। उनके व्यक्तित्व का प्रभाव ऐसा है कि कई महिलाएं आज भी उन्हें देखकर घूंघट निकाल लेती हैं। उनकी मूंछों की तुलना विंग कमांडर अभिनंदन और व्यक्तित्व की तुलना महाराणा प्रताप से की जाती है।

**लुक देखकर डायरेक्टर ने बदल दिया था फैसला-** सालों पहले मिलिंद को उनकी दमदार मूंछों के कारण ही फिल्म 'हंटिंग इन मध्यप्रदेश' में राजा का किरदार मिला था। वे फिल्म में जल्लाद की भूमिका के लिए गए थे, लेकिन उनके लुक से प्रभावित होकर डायरेक्टर कादिर खान और उज्जैन के चंदू यादव ने अपना फैसला बदल दिया। उन्हें जल्लाद की बजाय सीधे राजा की भूमिका सौंप दी गई। फिल्म में उन्होंने एक ऐसे राजा का किरदार निभाया था, जो सात चुड़ैलों को फांसी की सजा सुनाता है।

**कलेक्टर और एसपी कर चुके हैं सम्मानित-** साल 2011 से मूंछें रखने का शौक पाल रहे मिलिंद शहर में आयोजित मूंछ प्रतियोगिता के विजेता भी रह चुके हैं। तत्कालीन कलेक्टर और एसपी ने उन्हें प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया था। इतने सालों में उन्होंने केवल परिवार में गमी होने और अपनी बेटी की शादी के समय ही मूंछें कटवाईं। मूंछों के साथ-साथ उनके पास पत्नी के नाम की मारुति कार थी, जिसका वीआईपी नंबर 'एमपी 13 डीपी 6666' शहर में काफी चर्चित था। इस नंबर को देखकर अक्सर महिलाएं हंस देती थीं।

# महाराजा महाविद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्थानीय महाराजा महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए छात्र प्रेरण कार्यक्रम दीक्षा आरंभ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए विद्यार्थियों को कॉलेज के शैक्षणिक माहौल, अनुशासन, उपलब्ध सुविधाओं और पाठ्येतर गतिविधियों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, संस्था प्राचार्य एवं प्राध्यापकों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी शांतिलाल जैन ने नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा जीवन का वह महत्वपूर्ण पड़ाव है जहाँ विद्यार्थी अपने भविष्य की मजबूत नींव रखते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, लक्ष्य निर्धारण और नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। विभिन्न संकायों के विभागाध्यक्षों ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति, परीक्षा प्रणाली, लाइब्रेरी, खेलकूद, एनएसएस, एनसीसी एवं अन्य छात्र कल्याण योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



# धर्म पर मंथन करने महाकाल की नगरी उज्जैन में जुटेंगे 24 राज्यों के 1700 युवा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भगवान महाकाल की नगरी सितंबर में देश की युवा वैचारिक चेतना के बड़े केंद्र के रूप में सामने आएगी। यहां 24 राज्यों के 1700 से अधिक युवा एकत्र होकर धर्म, राष्ट्र, संस्कृति, शिक्षा, विज्ञान और समकालीन जीवन की चुनौतियों पर मंथन करेंगे। अवसर होगा युवा धर्म संसद-2026 के षष्ठम अंक का। सेवाज्ञ संस्थानम् द्वारा आयोजित यह राष्ट्रीय आयोजन 17 से 19 सितंबर तक गीता भवन में होगा। विद्यार्थी, शिक्षक, शिक्षाविद्, संत, मनीषी और सामाजिक चिंतक इसमें सहभागी होंगे। संरक्षक आचार्य मिथिलेशनन्दिनीशरण महाराज के मार्गदर्शन में सेवाज्ञ संस्थानम् द्वारा होने वाले वाले इस कार्यक्रम की शुरूआत 17 सितंबर को प्रदर्शनी के उद्घाटन और युवा पंचायत से होगी।

# महाकाल की शरण में मनु भाकर भस्म आरती में हुईं शामिल



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पेरिस ओलंपिक में देश का नाम रोशन करने वाली स्टार निशानेबाज और ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर उज्जैन पहुंचीं। उन्होंने विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए और प्रातःकाल होने वाली दिव्य भस्म आरती में शामिल होकर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। मनु भाकर ने पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ भगवान महाकाल का पूजन-अभिषेक किया। दर्शन के दौरान मनु भाकर पारंपरिक सलवार-कुर्ती में बेहद सादगी और भक्तिमय अंदाज में नजर आईं।

# महाकाल के दरबार में गूंजा अच्छी बारिश का जयघोष



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अच्छी बारिश और सुख-समृद्धि की मंगलकामना को लेकर गुरुवार को पाटपाला, मक्सी रोड निवासी महिलाओं एवं बालिकाओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ कलश यात्रा निकाली। यात्रा में मोक्षदायिनी मां शिप्रा का पवित्र जल कलशों में लेकर महिलाएं एवं बालिकाएं बाबा महाकाल के दरबार पहुंचीं। कलश यात्रा के दौरान महिलाओं के साथ 5 वर्षीय बाल कांवड़िया अतिक्ष सिंह विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। नन्हे अतिक्ष ने कांवड़ लेकर यात्रा में भाग लिया तो श्रद्धालुओं का ध्यान उसकी ओर आकर्षित हो गया। महिलाओं ने बाबा महाकाल को मां शिप्रा का पवित्र जल अर्पित कर विधिवत पूजन-अर्चन किया। इस दौरान प्रदेश में पर्याप्त एवं अच्छी बारिश होने, किसानों की खुशहाली तथा क्षेत्र में सुख-समृद्धि की मंगलकामना की गई।

# शिप्रा नदी में डूब रहे दो युवकों को तैराक दल ने बचाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देव दर्शन के लिए जम्मू-कश्मीर से उज्जैन आए दो युवक सिद्धाश्रम घाट पर स्नान के दौरान पैर फिसलने से गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। युवकों को डूबता देख रामघाट पर तैनात मां शिप्रा तैराक दल के गोताखोर दीपक कहार ने तत्काल शिप्रा नदी में छलांग लगा दी और दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

घटना के बाद दोनों युवकों को सुरक्षित देखकर परिजनों और श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली। मां शिप्रा तैराक दल की सतर्कता और गोताखोर दीपक कहार की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। दल के सचिव संतोष सोलंकी ने घटना की जानकारी दी।















# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | शुक्रवार, 21 अगस्त, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### इंदौर जिले में जन-विश्वास शिविर आज शुक्रवार को

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेशानुसार मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत 20 अगस्त को विधानसभा क्षेत्र सांवेर के लसुड़िया परमार के पंचायत भवन में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। जन-विश्वास शिविर में इंदौर से अधिकारियों का दल सुबह साढ़े आठ बजे सांवेर के लिए रवाना होंगे। शिविर में बुढ़ी बरलाई, पीरकराड़िया, पुर्वाड़ाहप्पा, पुवार्डादाई, बरलई जागीर, मकोडिया, मांगलिया सड़क, सुल्लाखेड़ी, रामपिपल्या, ढ़ाबली, डकाच्या, पलासिया, मण्डलावदा, लसुडिया परमार के नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों का निराकरण किया जाएगा शिविर के दौरान जिला प्रशासन, जिला पंचायत एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। अधिकारियों द्वारा क्षेत्र की शासकीय संस्थाओं एवं आधारभूत सुविधाओं का मैदानी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की स्थिति देखी जाएगी। अभियान के अंतर्गत जनसंवाद के माध्यम से नागरिकों की समस्याएं सुनी जाएंगी।

### क्षेत्र और आसपास के सैकड़ों युवाओं को मिला रोजगार

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आज विकास और आत्मनिर्भरता के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। वर्ष 2014 के पहले के भारत और उसके बाद के भारत में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है। आज भारत का नवीन स्वरूप पूरी दुनिया के सामने उभरकर आया है। मध्यप्रदेश भी इसी विकास यात्रा में कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित 2 आधुनिक औद्योगिक इकाइयों के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज से प्रारंभ हुई नई औद्योगिक इकाइयां विकास और समृद्धि की नई धारा को आगे बढ़ाएंगी।

### प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को अतिरिक्त अवसर

**इंदौर।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश से वंचित विद्यार्थियों को प्रवेश का एक और अवसर प्रदान किया गया है। उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अतिरिक्त कॉलेज लेवल काउंसलिंग चरण की अवधि 21 से 31 अगस्त तक बढ़ा दी है। इस चरण में विद्यार्थियों को उपलब्ध रिक्त सीटों पर ₹पहले आओ, पहले पाओ₹ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्रदेश के शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर निर्धारित अवधि में प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जाएगी। महाविद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि पात्र विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया समय-सीमा में पूर्ण कराते हुए उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराएं।

### एकलव्य विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए



**इंदौर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की सचिव रंजना चोपड़ा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक संभागायुक्त कार्यालय इंदौर में सम्पन्न हुई। बैठक में दोनों अभियानों के अंतर्गत संभाग के जनजातीय क्षेत्रों में संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। सचिव श्रीमती रंजना चोपड़ा ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में जनजातीय समाज की बड़ी आबादी निवास करती है। इसलिए जनजातीय वर्ग के लोगों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, रोजगार एवं कैरियर विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड निर्धारित समय-सीमा में बनाए जाएं तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जनजातीय वर्ग के लिए संचालित सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

## नैनो न्यूज

- **देवास – तिरंगा यात्रा में मधुमक्खियों का हमला:** देवास के ग्राम राला मंडल क्षेत्र में तिरंगा यात्रा के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे कई लोग प्रभावित हुए।
- **रतलाम – मंडी में प्याज की बंपर आवक:** रतलाम मंडी में प्याज की बंपर आवक से महू-नीमच रोड पर यातायात प्रभावित हुआ और जाम की स्थिति बनी।
- **मंदसौर – मुफ्त किताबों पर छात्रों का प्रदर्शन:** मंदसौर में त्रैमासिक परीक्षा नजदीक आने के बावजूद मुफ्त किताबें नहीं मिलने पर एबीवीपी और छात्रों ने प्रदर्शन किया।
- **नीमच – अस्पताल व्यवस्था फिर सवालों में:** नीमच की ताजा खबरों में प्रसव पीड़ा से परेशान महिला को अस्पताल से बाहर निकालने के बाद सड़क पर प्रसव होने का मामला सामने आया।
- **शाजापुर – बारिश से मौसम सक्रिय:** शाजापुर समेत पश्चिमी मध्यप्रदेश में मानसून सक्रिय है। जिले में आगामी दिनों में तेज बारिश की संभावना के चलते प्रशासन को सतर्कता की जरूरत है।
- **आगर-मालवा – बारिश का असर जारी:** आगर-मालवा में भी मानसून की गतिविधियां जारी हैं। मौसम विभाग ने पश्चिमी मध्यप्रदेश के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई है।

वरिष्ठ नेताओं को बड़ी जिम्मेदारियां मिलने से सरकार में था स्पष्ट राजनीतिक नेतृत्व, अब मुख्यमंत्री के पास कई महत्वपूर्ण विभाग

# शिवराज सरकार में बंटा था काम, मुख्यमंत्री के पास कई महत्वपूर्ण विभाग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्यप्रदेश की मौजूदा सरकार में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास कई महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी होने को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में बहस तेज हो गई है। सवाल यह है कि जब भाजपा में अनुभवी और वरिष्ठ नेताओं की बड़ी टीम मौजूद है, तो महत्वपूर्ण मंत्रालयों का अधिक विकेंद्रीकरण क्यों नहीं किया जा रहा।

मोहन यादव सरकार के शुरूआती विभागीय बंटवारे में मुख्यमंत्री ने सामान्य प्रशासन, गृह, जेल, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, जनसंपर्क, नर्मदा घाटी विकास, विमानन, खनिज साधन, लोक सेवा प्रबंधन और प्रवासी भारतीय विभाग सहित कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपने पास रखी थीं। साथ ही जो विभाग किसी अन्य मंत्री को आवंटित नहीं थे, वे भी मुख्यमंत्री के पास थे।

### मोहन सरकार में मुख्यमंत्री पर बढ़ती जिम्मेदारियां

वर्तमान कार्यकाल में विभागीय जिम्मेदारियों का केंद्रीकरण लगातार चर्चा में रहा है। जुलाई 2026 में प्रदर्शन समीक्षा के बाद पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग भी मुख्यमंत्री ने अपने पास ले लिया। मुख्यमंत्री को सरकार की समग्र निगरानी के साथ गृह, प्रशासन, निवेश, खनिज, जनसंपर्क सहित अनेक क्षेत्रों पर नजर रखनी पड़ती है। इसके अलावा राजनीतिक, संगठनात्मक और प्रदेशव्यापी कार्यक्रमों की व्यस्तता अलग है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या इतने बड़े विभागीय दायित्वों के बीच प्रत्येक मंत्रालय को अपेक्षित समय और नियमित निगरानी मिल पा रही है।

### भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को और जिम्मेदारी देने की मांग

राजनीतिक हलकों में यह सवाल भी उठ रहा है कि भाजपा के पास ऐसे कई नेता हैं, जिन्हें प्रशासन और संगठन का लंबा अनुभव है। यदि उन्हें अतिरिक्त मंत्रालयों की जिम्मेदारी दी जाती है तो मुख्यमंत्री का बोझ कम हो सकता है और विभागीय निर्णय प्रक्रिया को भी गति मिल सकती है। यह मुद्दा केवल जनसंपर्क विभाग तक सीमित नहीं है। गृह, प्रशासन, निवेश, खनिज, नर्मदा घाटी विकास, विमानन, पशुपालन सहित मुख्यमंत्री के पास मौजूद तमाम विभागों को लेकर यह बहस है कि क्या जिम्मेदारियों का और बेहतर बंटवारा किया जाना चाहिए।

#### विभागों के बंटवारे से राजनीतिक संदेश भी

सरकार में विभागों का वितरण केवल प्रशासनिक व्यवस्था नहीं बल्कि राजनीतिक संदेश भी होता है। वरिष्ठ नेताओं को महत्वपूर्ण मंत्रालय सौंपने से पार्टी के भीतर उनकी भूमिका स्पष्ट होती है और संगठन के अनुभवी चेहरों का सरकार में उपयोग भी बढ़ता है। इसीलिए राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी है कि यदि मुख्यमंत्री के पास विभागों का बोझ कम किया जाता है और वरिष्ठ नेताओं को नई जिम्मेदारियां मिलती हैं तो इससे सरकार की कार्यक्षमता के साथ-साथ भाजपा के अंदर का संतुलन भी बेहतर हो सकता है।

इसके मुकाबले शिवराज सिंह चौहान के लंबे कार्यकाल के अंतिम दौर में सरकार में कई वरिष्ठ नेताओं के बीच महत्वपूर्ण विभागों का स्पष्ट बंटवारा था। विजय शाह जैसे वरिष्ठ नेता पंचायत एवं ग्रामीण विकास, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, जनजातीय कार्य, वन और पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को अलग-अलग महत्वपूर्ण मंत्रालय देकर सरकार के कामकाज को व्यापक राजनीतिक नेतृत्व मिला था। मुख्यमंत्री पद को लेकर समय-समय पर सामने आने वाली चचाओं को भी इसी राजनीतिक वातावरण से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है, लेकिन ऐसी चचाओं का बार-बार सामने आना यह संकेत जरूर देता है कि सरकार के भीतर जिम्मेदारियों के बंटवारे और नेतृत्व शैली को लेकर राजनीतिक चर्चा जारी है। अब सवाल यह है कि क्या मोहन सरकार मुख्यमंत्री के पास मौजूद कुछ महत्वपूर्ण विभाग वरिष्ठ और अनुभवी भाजपा नेताओं को सौंपकर सरकार के कामकाज को और अधिक विकेंद्रीकृत करेगी?

स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल

# उज्जैन में एच1 एन1 से पीड़ित महिला की मौत

## 31 जुलाई को एच1 एन1 पॉजिटिव आई थी रिपोर्ट, इंदौर में उपचार के दौरान 60 वर्षीय सरोज नागर ने तोड़ा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर में स्वाइन फ्लू (एच1एन1) संक्रमण ने चिंता बढ़ा दी है। ऋषि नगर एक्सटेंशन निवासी 60 वर्षीय सरोज नागर की इंदौर के कोकिलाबेन अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। महिला की ल्1ठ1 रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद कई दिनों तक उपचार चला, लेकिन स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो सका। इस घटना को मध्यप्रदेश में इस सीजन में एच1एन1 से हुई पहली मौत बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार सरोज नागर की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें उज्जैन के अवंती अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच के दौरान उनके सैंपल में इन्फ्लुएंजा-ए तथा 2009 एच1एन1 वायरस की पुष्टि हुई। इसके बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें इंदौर रेफर किया गया, जहां कोकिलाबेन अस्पताल में उनका उपचार जारी रहा। करीब दो से तीन सप्ताह के उपचार के बाद बुधवार को उनकी मौत हो गई।

महिला में एच1एन1 संक्रमण की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की टीम ने वार्ड क्रमांक 49 में उनके घर के आसपास सर्वे कराया था। विभाग के अनुसार आसपास के करीब 28 घरों में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई और किसी अन्य व्यक्ति में स्वाइन फ्लू जैसे लक्षण नहीं पाए गए। हालांकि, अब महिला की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि परिवार के सदस्यों की विधिवत स्क्रीनिंग नहीं कराई गई। उनके अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकताओं के माध्यम से परिवार के सदस्यों की सूची तो तैयार कराई गई, लेकिन परिवार के सदस्यों और महिला के संपर्क में आए लोगों की जांच नहीं की गई।

### मौत के कारण की आधिकारिक पुष्टि को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं

मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के बयानों को लेकर भी स्थिति चर्चा में है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल ने महिला की मौत के कारण की आधिकारिक पुष्टि के लिए इंदौर के अस्पताल से जानकारी लेने की बात कही है। दूसरी ओर, महिला की एच1एन1 पॉजिटिव रिपोर्ट परिजनों के पास मौजूद होने की बात सामने आई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब मरीज की जांच में एच1एन1 संक्रमण की पुष्टि हो चुकी थी और लंबे समय तक उसका उपचार भी चला, तो मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग के स्तर पर आधिकारिक स्थिति स्पष्ट करने में देरी क्यों हो रही है।

**अब उठ रहे हैं ये सवाल-** सरोज नागर की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल सामने हैं—क्या संक्रमित मरीज के परिवार की पर्याप्त स्क्रीनिंग हुई? महिला के संपर्क में आए लोगों की पहचान और निगरानी कितनी प्रभावी रही? संक्रमण की पुष्टि के बाद क्षेत्र में लोगों को आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई या नहीं? और सबसे महत्वपूर्ण, मौत के कारण की आधिकारिक पुष्टि में देरी क्यों हुई? स्वास्थ्य विभाग की ओर से मामले की विस्तृत जानकारी और आधिकारिक स्थिति सामने आने के बाद ही इन सवालों का स्पष्ट जवाब मिल सकेगा।

मुस्लिम समुदाय ने सौंपे राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

# यूसीसी के खिलाफ मध्यप्रदेश में शक्ति प्रदर्शन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के विरोध में मध्यप्रदेश में मुस्लिम समुदाय ने एक साथ आवाज बुलंद की। विधायक आरिफ मसूद के आह्वान पर प्रदेश के करीब 50 जिला मुख्यालयों पर समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर यूसीसी को वापस लेने की मांग की। कई जगह महिलाओं ने भी प्रदर्शन में भाग लिया। राजधानी भोपाल में 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर समान नागरिक संहिता का विरोध दर्ज कराया। आरिफ मसूद ने कहा कि यूसीसी के खिलाफ विरोध केवल ज्ञापन तक सीमित नहीं रहेगा। आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस मुद्दे को लेकर प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे और सरकार से यूसीसी को वापस लेने की मांग जारी रहेगी। विधायक आरिफ मसूद ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि यूसीसी के खिलाफ आंदोलन का यह पहला चरण है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में मुस्लिम समुदाय के लोग जिला मुख्यालय पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है।

इंदौर में हुए 100 करोड़ के घोटाले में 32 आरोपी बनाए

# ड्रेनेज घोटाले में ईडी ने किया चालान पेश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के चर्चित 100 करोड़ रुपये के ड्रेनेज लाइन घोटाले में ईडी ने कोर्ट में चालान पेश कर दिया है। इस घोटाले में ईडी ने 32 आरोपियों को बनाया है, जिनमें इंजीनियर, लेखा विभाग के कर्मचारी और ठेकेदार शामिल हैं। उधर, जेल में बंद दो आरोपियों ने जमानत के लिए अर्जी लगाई थी, जिसे खारिज कर दिया गया है। पेश किए गए चालान में चीफ इंजीनियर अभय राठौर को मुख्य आरोपी बनाया गया है। बगैर काम किए फाइल मंजूर करने और लेखा विभाग के कर्मचारियों की मदद से बिल मंजूर कराने के खेल में अभय माहिर था।

चार साल में 100 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों की फर्जी फाइल तैयार कर लेखा विभाग में बिल भुगतान के लिए भेजे गए थे। जब इसकी शिकायत बड़े अफसरों के कानों तक पहुंची तो जांच शुरू हुई।

### यह है फर्जी बिल घोटाला

आरोपितों ने नगर निगम में फर्जी टेंडर तैयार किए। कागज पर फर्जी काम बताया गया। जाली वर्क आर्डर और फर्जी बिल भी बनाए। झूठे कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए और निगम से 103 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान प्राप्त कर लिया। जांच में यह बात सामने आई थी कि कई काम कभी किए ही नहीं गए। कुछ काम पहले ही पूरे हो चुके थे। इसके बावजूद उन्हीं कामों के नाम पर भुगतान हुआ।

इस बीच घोटाले की फाइलें नगर निगम के एक अधिकारी की कार से गायब हो गईं। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा और फिर घोटाले की परतें खुलती चली गईं। बाद में इस केस में ईडी की एंट्री हुई और उसने आरोपियों की संपत्तियां अटैच करना शुरू कीं। ईडी ने जो चालान कोर्ट में पेश किया है, वह 20 हजार पेज से ज्यादा का है और 32 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं।

ईडी ने पिछले साल अगस्त में आरोपियों के ठिकानों पर छापे मारकर 200 करोड़ रुपये की संपत्ति, खाते और लॉकर फ्रीज किए थे और फिर संपत्तियां अटैच करना शुरू कीं। अब तक कुल 59 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां जब्त की गई हैं। घोटाले के मुख्य आरोपी अभय राठौर का कहना है कि उसका घोटाले से कोई लेना-देना नहीं है। वह तो लंबे समय तक निलंबित था, लेकिन जैसे ही बहाल हुआ, उसे इस घोटाले में फंसा दिया गया। जिन फाइलों पर भुगतान हुआ, उन पर वरिष्ठ अफसरों के हस्ताक्षर थे। ईडी अब कोर्ट में आरोपों को साबित करेगा। फिलहाल इस घोटाले के तीन आरोपी जेल में बंद हैं।

## इंदौर जिले में पीओपी एवं रासायनिक पदार्थों से मूर्ति निर्माण पर प्रतिबंध


**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर जिले में मूर्ति निर्माण एवं विसर्जन से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम तथा जन-सामान्य के स्वास्थ्य और लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत इंदौर जिले की राजस्व सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होकर 18 अक्टूबर 2026 तक प्रभावशील रहेगा। जारी आदेश के अनुसार मूर्ति एवं प्रतिमाओं के निर्माण में केवल प्राकृतिक सामग्री का उपयोग किया जा सकेगा। मूर्ति निर्माण के लिए परंपरागत मिट्टी का ही उपयोग किया जाना अनिवार्य किया गया है।

# वार्ड 6 में 40 लाख की लागत से पुलिया निर्माण का भूमिपूजन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नलखेड़ा**

नगर परिषद नलखेड़ा द्वारा वार्ड क्रमांक 06 में खाल पुलिया निर्माण कार्य का आज विधिवत भूमिपूजन किया गया। पुलिया का निर्माण 40 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा।



भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष ओम जी मालवीय, पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह जी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप सकलेचा जी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय जी सोनी एवं नगर परिषद सीएमओ श्रीमती मिनी अग्रवाल जी उपस्थित रहे। वार्ड क्रमांक 06 की पार्षद श्रीमती आशा मनोज गायरी जी की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद के सभी पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं वार्ड सहित नगर नलखेड़ा के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पुलिया निर्माण से वार्ड क्रमांक 06 के नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

इस अवसर पर नगर नलखेड़ा एवं वार्ड क्रमांक 06 की जनता ने पुलिया निर्माण कार्य स्वीकृत कराने एवं विकास कार्य की सौगात देने के लिए नगर परिषद नलखेड़ा तथा वार्ड क्रमांक 06 की पार्षद श्रीमती आशा मनोज गायरी का आभार व्यक्त किया

पत्रकार संगठनों की बढ़ती परेशानी से उठे सवाल

# जनसंपर्क विभाग को पूर्णकालिक मंत्री की दरकार, मुख्यमंत्री पर कई विभागों का बोझ

## भाजपा में वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी के बावजूद राजनीतिक जिम्मेदारी नहीं मिलने से उठने लगे सवाल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मध्यप्रदेश में जनसंपर्क विभाग को पूर्णकालिक राजनीतिक नेतृत्व दिए जाने की मांग अब केवल पत्रकारों तक सीमित नहीं रह गई है। विभिन्न पत्रकार संगठन भी अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर लगातार परेशानियों का सामना कर रहे हैं। संगठनों का कहना है कि उनकी बात सुनने और सरकार के समक्ष प्रभावी तरीके से रखने के लिए जिम्मेदार राजनीतिक स्तर पर स्थायी व्यवस्था होना जरूरी है।



वर्तमान व्यवस्था में मुख्यमंत्री के पास पहले से कई महत्वपूर्ण विभागों और जिम्मेदारियों का दायित्व है। ऐसे में उनसे यह अपेक्षा करना कि वे पत्रकारों, संपादकों और मीडिया संगठनों की प्रत्येक समस्या के लिए नियमित रूप से समय निकाल सकें, व्यावहारिक नहीं माना जा रहा है। दूसरी ओर जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के पास भी अनेक महत्वपूर्ण दायित्व हैं। ऐसे में पत्रकारों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि जब कोई गंभीर समस्या सामने आए तो अपनी बात आखिर किसके समक्ष रखी जाए।

प्रदेश के पत्रकार संगठन समय-समय पर अधिमान्यता, विज्ञापन नीति, पत्रकार सुरक्षा, छोटे और मध्यम समाचार पत्रों की समस्याओं, आर्थिक कठिनाइयों तथा अन्य मुद्दों को लेकर सरकार के समक्ष अपनी बात रखते रहे हैं। लेकिन राजनीतिक स्तर पर नियमित संवाद का अभाव होने से कई मांगों के समाधान में अपेक्षित गति नहीं आ पाती। मीडिया जगत से जुड़े लोगों का मानना है कि जनसंपर्क विभाग केवल सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तक सीमित विभाग नहीं है। यह सरकार और पत्रकारिता जगत के बीच संवाद का महत्वपूर्ण सेतु भी है। इसलिए विभाग के पास पूर्णकालिक राजनीतिक नेतृत्व होना आवश्यक है।

### भाजपा में अनुभवी नेताओं की कमी नहीं

राजनीतिक हलकों में यह चर्चा भी है कि भाजपा के पास प्रदेश में कई वरिष्ठ, अनुभवी और संगठनात्मक रूप से मजबूत नेता मौजूद हैं, जिन्हें महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी दी जा सकती है। ऐसे में जनसंपर्क जैसे संवेदनशील विभाग का राजनीतिक नेतृत्व लंबे समय तक मुख्यमंत्री के पास रहने को लेकर पार्टी के भीतर भी सवाल उठने लगे हैं। भाजपा के अंदर यह भावना भी बताई जा रही है कि वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारियां देकर उनका अनुभव सरकार के कामकाज में इस्तेमाल किया जाना चाहिए। लगातार बढ़ती प्रशासनिक और राजनीतिक जिम्मेदारियों के बीच मुख्यमंत्री के पास अतिरिक्त विभाग रहने से कार्यकताओं और नेताओं के बीच भी असंतोष की स्थिति बनने की चचाएं हैं।

### अब फैसला संगठन और सरकार को करना है

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि जनसंपर्क विभाग की जिम्मेदारी किसी अनुभवी भाजपा नेता को सौंपी जाती है तो इससे दोहरा लाभ हो सकता है। एक ओर मुख्यमंत्री के विभागीय दायित्वों का बोझ कम होगा, वहीं दूसरी ओर पत्रकारों, संपादकों और मीडिया संगठनों के लिए संवाद का एक स्पष्ट राजनीतिक मंच उपलब्ध होगा। अब निगाहें सरकार और भाजपा संगठन के अगले फैसले पर हैं। सवाल सिर्फ जनसंपर्क विभाग में मंत्री की नियुक्ति का नहीं, बल्कि सरकार, भाजपा संगठन और मीडिया के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने का भी है।

## न्यूज कालम



## अक्षय ऊर्जा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन

**मंडलेश्वर।** अक्षय ऊर्जा दिवस पर सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन पर संचालक बीएम पाटीदार और एकेडमिक संचालक संजय गर्ग ने उच्च शिक्षा विभाग की पहल का स्वागत किया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल ऊर्जा सहित अन्य अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों के महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम में वक्ताओं ने वरिष्ठ प्राध्यापक हरिवल्लभ शास्त्री ने कहा कि वर्तमान समय में ऊर्जा की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए अक्षय ऊर्जा का उपयोग भविष्य की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। सौर एवं पवन ऊर्जा जैसे स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोत प्रदूषण को कम करने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राध्यापिका पूजा सोलंकी ने विद्यार्थियों को बताया कि भारत अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में बहुत तेजी से प्रगति कर रहा है, अक्षय ऊर्जा जिससे प्रदूषण रहित ऊर्जा लंबे समय जरूरत को पूरा करते रहेगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अक्षय ऊर्जा के महत्व, ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा से संबंधित विचार प्रस्तुत किए। महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों से ऊर्जा की बचत करने तथा समाज में अक्षय ऊर्जा के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण एवं स्वच्छ पर्यावरण के लिए जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## उमिया कन्या शिक्षा महाविद्यालय की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**मंडलेश्वर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा घोषित डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा-2026 के परिणाम में उमिया कन्या शिक्षा महाविद्यालय, मंडलेश्वर की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को एक बार फिर प्रमाणित किया है। छात्राओं की इस उल्लेखनीय सफलता से महाविद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। महाविद्यालय की सोनाली वर्मा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं रूपाली यादव एवं शिवानी तंवर ने 82.3 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भूमिका साहू ने 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं में वैशाली केवट 81.9 प्रतिशत, अंशिका कुशवाह 81.4 प्रतिशत, सुनीता परमार 80.0 प्रतिशत, प्रियंका अमोदे 80.8 प्रतिशत, सोनाली अन्तरसिंह जमरे 80.4 प्रतिशत, किरन 80.4 प्रतिशत, पूजा मोरे 80 प्रतिशत तथा शालिनी दिनेश चौहान 80 प्रतिशत शामिल हैं। विशेष उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय की सभी छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जो महाविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं छात्राओं की मेहनत का परिचायक है।इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. ब्रह्मप्रकाश शर्मा ने सभी छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि, च्यह शानदार परिणाम हमारी छात्राओं की मेहनत, नियमित अध्ययन, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। छात्राओं की यह सफलता हमारे लिए गर्व का विषय है। कामना की।

## तीन माह से वेतन न मिलने से नाराज एमटी एस कर्मचारियों ने सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन



**बुरहानपुर।** जिले के उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ रूञ्जस् कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिलने का मामला सामने आया है। नाराज कर्मचारियों ने मंगलवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आउटसोर्स कंपनी के खिलाफ कार्रवाई और बकाया वेतन के तत्काल भुगतान की मांग की। ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया कि वे सिविल हाउस कीपिंग सर्विस इंदौर कंपनी के माध्यम से जिले के सभी उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में हाउस कीपिंग का कार्य कर रहे हैं। सभी कर्मचारी नियमित रूप से ड्यूटी कर रहे हैं, लेकिन पिछले तीन माह से उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। इस संबंध में कंपनी के सुपरवाइजर और संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। कर्मचारियों ने ष्टरू॥ह्र से मामले की जांच कर संबंधित आउटसोर्स कंपनी को तीन माह का बकाया वेतन दिलवाने और आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन 13 अगस्त 2026 को समस्त बुरहानपुर रूञ्जस् कर्मचारियों के हस्ताक्षर से सौंपा गया।

## सुरेश दहीभाते के निधन के बाद परिवार की सहमति से नेत्रदान किया गया

**बड़वानी ।** जीवन के साथ भी और जीवन के बाद भी मानव धर्म का मूल्य समझने वाले अंजड़ के दहीभाते परिवार नें अपने परिजन के निधन पर नेत्रदान करवाकर उनकी आँखों से दो लोगो को रौशनी मिल सके ऐसे विचारों के साथ पुण्य का कार्य किया है। सुरेश दहीभाते के निधन पर श्री रविंद्र कुलकर्णी नें पुत्र समीर एवं परिवार से नेत्रदान की सहमति प्राप्त कर सामाजिक कार्यकर्त्ता अजित जैन को सुचना दी.सुचना प्राप्त होते ही नेत्रदान के क्षेत्र मे अग्रणी होकर कार्य कर रहे डॉ.चक्रेश पहाड़िया, अजित जैन एवं निशा रणदा निवास पर पहुँच कर नेत्रदान संपन्न करवाया और कॉर्निया को सुरक्षित रूप से एम के इंटरनेशनल ऑइ बैंक इंदौर पहुंचाया .दुःखद परिस्थिति मे मानव कल्याण के हित मे ध्यान रखकर नेत्रदान करवाने वाले दहीभाते परिवार का रोटरी क्लब की टीम नें धन्यवाद दिया।

## सपोर्ट विंग्स और बाला ने चलाया ब्लीड विद प्राइड अभियान

**इंदौर।** मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाने और इससे जुड़ी सामाजिक वर्जनाओं को दूर करने के उद्देश्य से सपोर्ट विंग्स ने बाला के सहयोग से नेहरू नगर क्षेत्र में ब्लीड विद प्राइड अभियान आयोजित किया। कार्यक्रम में स्कूल की छात्राओं और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं सहित 170 से अधिक लाभार्थियों ने भाग लिया। 10 स्वयंसेवकों की टीम ने प्रतिभागियों को मासिक धर्म स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। बाला की ओर से पुनः उपयोग किए जा सकने वाले सैनिटरी पैड भी वितरित किए गए, जिससे पर्यावरण के अनुकूल विकल्प को बढ़ावा मिला। आयोजकों ने कहा कि खुली बातचीत और सही जानकारी के माध्यम से मासिक धर्म से जुड़े संकोच और भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

# डेकाकुंड से टांडा रोड तक सीआरएस निरीक्षण, रेल मंत्रालय की अनुमति के बाद शुरू होगी यात्री ट्रेन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ टांडा (धार)

क्षेत्र के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा। छोटा उदयपुर धार रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत डेकाकुंड से टांडा रोड रेलवे स्टेशन तक निर्मित लगभग 15.77 किलोमीटर लंबे रेलखंड का रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) निरीक्षण संपन्न हुआ। निरीक्षण के बाद क्षेत्र वासियों में इस रेलखंड पर जल्द यात्री ट्रेन शुरू होने की उम्मीद और मजबूत हो गई है। लंबे समय से रेल सुविधा का इंतजार कर रहे टांडा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए यह निरीक्षण महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।



20अगस्त को रेल संरक्षा आयुक्त (पश्चिम सर्कल, मुंबई) ई. श्रीनिवास, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), चर्चगेट, पश्चिम रेलवे विनीत गुप्ता, डीआरएम वडोदरा राजू भड़के सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों और तकनीकी टीम ने डेकाकुंड से टांडा रोड तक पूरे रेलखंड का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रेलवे ट्रैक, पुल-पुलियाओं, सिग्नल प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, ट्रैक की संरचना तथा सुरक्षा से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं का परीक्षण किया। रेलवे अधिकारियों की टीम निरीक्षण करते हुए लगभग 1.30 बजे टांडा रोड रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां भी स्टेशन परिसर और रेल संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

पूरे निरीक्षण के दौरान रेलवे की तकनीकी टीम ने विभिन्न बिंदुओं पर सुरक्षा मानकों की जांच की। निरीक्षण के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए रेल संरक्षा आयुक्त ई. श्रीनिवास ने बताया कि डेकाकुंडझ्रटांडा रोड नई रेल लाइन का निरीक्षण किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस रेलखंड में कई बड़े पुल और ब्रिज बनाए गए हैं, जिनकी ऊंचाई करीब 20 फीट तक है। क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियां रेल लाइन के निर्माण और भविष्य में रेल संचालन की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण रही हैं। उन्होंने बताया कि रेलखंड में आधुनिक सिग्नल प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सहित कई आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। निरीक्षण के दौरान रेलखंड को संतोषजनक पाया गया है। हालांकि यात्री ट्रेन का संचालन शुरू करने से पहले निरीक्षण के दौरान सामने आने वाले आवश्यक सुधारों और तकनीकी बिंदुओं को लेकर रिपोर्ट तैयार की जाएगी।



## मेक्रो विजन एकेडमी में 'वंदे मातरम' पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**बुरहानपुर।** मेक्रो विजन एकेडमी के अनहद आनंद ऑडिटोरियम में 'वंदे मातरम्' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देश के प्रति कर्तव्यों और नागरिक जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विजेंद्र गोठी, प्रचारक प्रमुख खंडवा विभाग, ने अपने विचार व्यक्त किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक राष्ट्रीय गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति हमारी भक्ति और समर्पण का प्रतीक है। हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह देश के विकास और सुरक्षा में अपना योगदान देकर राष्ट्रभक्ति का परिचय दे।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में अनुशासन और समाज सेवा की भावना सबसे महत्वपूर्ण है। जब हर नागरिक अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करेगा, तभी देश प्रगति के नए आयामों को छुएगा। उन्होंने कहा कि व्यापार और उद्योग जगत को भी समाज सेवा और राष्ट्रहित के कार्यों से निरंतर जुड़े रहना चाहिए।

## भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में गजेंद्र सिंह पटेल को राष्ट्रीय महामंत्री बनाए जाने पर हर्ष व्याप्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

खरगोन-बड़वानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद गजेंद्र सिंह पटेल को भारतीय जनता पार्टी की नवीन राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर महेश्वर विधानसभा क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

सांसद पटेल के राष्ट्रीय महामंत्री बनने के बाद मंडलेश्वर में प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उनका आत्मीय एवं भव्य स्वागत कर अपनी खुशी का इजहार किया।मंडलेश्वर पहुंचने पर सबसे पहले महाराजा होटल में सांसद गजेंद्र सिंह पटेल का स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें साफा पहनाकर, फूलमाला एवं भगवा गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। भाजपा खरगोन जिला अध्यक्ष नंदा दीदी एवं महेश्वर विधानसभा के सनातनी विधायक राजकुमार मेव ने भी सांसद पटेल



का फूलमाला एवं भगवा गमछा पहनाकर अभिनंदन किया। स्वागत के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया।इसके बाद मंडलेश्वर बस स्टैंड पर भाजपा मंडल मंडलेश्वर की ओर से सांसद गजेंद्र सिंह पटेल का जोरदार स्वागत किया गया। जेसीबी मशीन से पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। नगर के विभिन्न स्थानों पर भी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने फूलमालाओं से सांसद का स्वागत किया तथा राष्ट्रीय महामंत्री बनाए जाने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

स्वागत कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री विवेक भटोरे, हरे सिंह चावड़ा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पाटीदार, मंडल महामंत्री अनिरुद्ध हलवे, सतीशचंद्र मोयदे, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, समाजसेवी नितिन पाटीदार, पूर्व पार्षद चेतन राठौड़, अभिलाष ठाकुर, रोहीत केवट, विलास ठकुर, राजा केवट, गोलू मामा पाटीदार हरि गाडगे, मंजुला मेवाड़े, परीश चौहान, जया वर्मा, ब्रह्मदत्त चौहान सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





## बड़वानी में शिव डोले को लेकर हुई आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

सावन मास की समाप्ति पर प्रतिवर्ष निकलने वाला राजाधिराज भगवान श्री रामकुल्लेश्वर महादेव का पारंपरिक एवं भव्य शिव डोला इस वर्ष 31 अगस्त सोमवार को राजसी ठाठ-बाठ के साथ नगर भ्रमण पर निकलेगा। इस वर्ष शिव डोला उत्सव की 46वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी।

भगवान श्री रामकुल्लेश्वर महादेव पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण करते हुए प्रजा का हाल जानेंगे। आयोजन को लेकर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शिव भक्तों में उत्साह का माहौल है। श्री रामकुल्लेश्वर शिव डोला उत्सव समिति द्वारा गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आगामी शिव डोला आयोजन की तैयारियों, धार्मिक कार्यक्रमों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मंदिर निर्माण की योजनाओं को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरूआत भगवान श्री रामकुल्लेश्वर महादेव के पूजन से हुई। इसके बाद समिति पदाधिकारियों ने पत्रकारों को आयोजन की रूपरेखा बताई तथा पत्रकारों का सम्मान भी किया। समिति ने बताया कि इस वर्ष शिव डोले को भव्य और यादगार बनाने के लिए देश के विभिन्न स्थानों से विशेष प्रस्तुतियां शामिल की जा रही हैं।

## जल उपभोक्ता संथा के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**बड़वानी ।** मध्यप्रदेश सिंचाई प्रबंधन में कृषको की भागीदारी अधिनियम 1999 के अधीन जिले में नर्मदाघाटी विकास प्राधिकरण, कार्यालय मुख्य अभियंता, इंदिरा सागर परियोजना (नहर) के तृतीय एवं चतुर्थ चरण के अंतर्गत रिक्त हुये प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र सदस्य (टीसी) अध्यक्ष पदो के निर्वाचन हेतु कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह बड़वानी द्वारा तहसीलदार अंजड़, बड़वानी, राजपुर एवं ठीकरी को रिटर्निंग अधिकारी एवं नायब तहसीलदार अंजड़, बड़वानी, राजपुर एवं ठीकरी को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। नर्मदाघाटी विकास प्राधिकरण, कार्यालय मुख्य अभियंता, इंदिरा सागर परियोजना (नहरें) अंतर्गत कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 11 बड़वानी की 7 जल उपभोक्ता संथा की कुल 28 प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र सदस्य (टीसी), कार्यपालन यंत्री नियुक्त किया।



## पुलिस गश्त के दौरान वाहन छोड़कर भागे अज्ञात बदमाश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

शहर में देर रात पुलिस गश्त के दौरान मनोज टॉकीज क्षेत्र में अज्ञात बदमाश पुलिस को देखकर अर्टिगा वाहन बीच सड़क पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से वाहन और उसमें रखी लूट के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री को जप्त कर लिया है। घटना देर रात की है।

पुलिस गश्ती दल जब मनोज टॉकीज क्षेत्र से गुजर रहा था, तब एक संदिग्ध अर्टिगा वाहन खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वाहन में सवार अज्ञात बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो उसके अंदर से लूट के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सामान बरामद हुए। पुलिस ने अर्टिगा वाहन को जब्त कर थाने लाया गया है। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता देखी गई।

पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर अज्ञात बदमाशों की तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मामला सिर्फ एक छोटी घटना तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके किसी बड़े गिरोह से जुड़े होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस वाहन मालिक और बदमाशों के नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

## 21 अगस्त को राजगढ़ में आयोजित होगा जनसंवाद कार्यक्रम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ धार

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत 21 अगस्त 2026 को शिव वाटिका, मेला मैदान राजगढ, तहसील सरदारपुर में जनसंवाद, क्षेत्र भ्रमण एवं समस्या निराकरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

अभियान का उद्देश्य आमजन की शिकायतों का त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग तथा लोक सेवाओं का समय-सीमा में प्रदाय सुनिश्चित करना है। कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कुक्षी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान अधिकारी फील्ड में रहकर आमजन से सीधे संवाद करें तथा स्थानीय स्तर पर चिन्हित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करें।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को पूर्व से चिन्हित कर उपस्थित कराया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान करने की कार्यवाही की जाएगी।

साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई की लंबित शिकायतों, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों, अविवादित नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा, न्यायालयीन आदेशों के पालन, किसान फार्मर आईडी, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, आंगनवाड़ी सेवाओं, स्वास्थ्य संस्थानों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों, खाद-बीज की उपलब्धता तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## जिले में 15 सितम्बर तक ग्राम पंचायत एवं पैक्सवार अभियान चलाया जायेगा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

म.प्र. शासन, द्वारा प्रदेशव्यापी एग्रीस्टेक, पैक्स सदस्यता एवं अग्रिम उर्वरक उठाव अभियान 20 अगस्त, से 15 सितम्बर, तक ग्राम पंचायत एवं पैक्सवार अभियान चलाया जायेगा ।

उक्त् अभियान का उद्देश्य, रणनीति के संबंध में जन प्रतिनिधियों एवं विभागीय अमले जानकारी देने हेतु जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन गुरूवार को जिला पंचायत बड़वानी के सभागृह में आयोजित किया गया । कार्यशाला में श्री प्रेमसिंह पटेल पूर्व केबिनेट मंत्री, म.प्र. शासन, श्रीमति सुमन वर्मा उपाध्यक्ष, जिला पंचायत, श्री बरमा सोलंकी जिला पंचायत सदस्य, श्री भगवानसिंह पटेल भारतीय किसान संघ, अनिल इश्के जिला अध्ययक्ष, राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ एवं विभागीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित हुये है ।

कार्यशाला में बताया गया कि अभियान अंतर्गत राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, सहकारिता विभाग एवं कृषि विभाग विभागीय अधिकारियों द्वारा किसानों को फार्मर आईडी बनाना एवं फार्मर आईडी में सभी खाते शामिल करना, पैक्स में नवीन सदस्यों को जोड़ना, किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बनवाना, कृषकों से अग्रिम उर्वरक उठाव करवाना, शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषक सदस्यों को ऋण उपलब्ध करवाना तकनीकी सुधार का कार्य किया जायेगा।

## मंत्री श्री नागरसिंह चौहान का दौरा कार्यक्रम

**बड़वानी।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के मंत्री श्री नागरसिंह चौहान 21 अगस्त को दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत सलून (निवाली) आकर जन विश्वास अभियान के अंतर्गत लगाये गये शिविर में सम्मिलित होंगे। मंत्री श्री चौहान सायं 4 बजे ग्राम पंचायत सलून से आलीराजपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जनविश्वास शिविर आयोजित होगा

**रतलाम ।** शासन निदेर्शानुसार जन विश्वास कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षेत्र भ्रमण, जन समस्याओं के प्रभावी निराकरण एवं शासकीय सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने हेतु 14 अगस्त 2026 से 29 जनवरी 2027 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित किये जाने वाले शिविरों के तहत 21 अगस्त शुक्रवार को वार्ड 29 से 40 तक के लिये नगर निगम विकास शाखा कार्यालय परिसर में कार्यालयीन समय में आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम के तहत आम नागरिक की समस्याओं का समयबद्ध एवं संवेदनशील निराकरण एवं शासन की सेवाओं की सहज उपलब्धता हेतु आयोजित शिविर में शासन के विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

## अग्निवीर वायु भर्ती प्रक्रिया पर विद्यार्थियों को दिया प्रशिक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

जिला प्रशासन के तत्वाधान एवं कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-१ बड़वानी में एक विशेष मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के 250 से अधिक विद्यार्थियों को भारतीय वायु सेना में भर्ती प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला रोजगार कार्यालय बड़वानी के उपसंचालक टी. एस. डुडवे ने बताया कि 15 एयरमैन सिलेक्शन सेंटर, भोपाल से आए जेडब्ल्यूओ श्री आनंद राज एवं कॉर्पोरल श्री अमन द्वारा प्रोजेक्टर एवं पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को अग्निवीरवायु की चयन प्रक्रिया से अवगत कराया गया। वायु सेना के अधिकारियों ने भारतीय वायु सेना की कार्यप्रणाली, लड़ाकू विमानों, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, हेलीकॉप्टरों तथा सर्विलांस प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मार्गदर्शन सत्र के अंत में वायु सेना अधिकारियों ने भारतीय सेना एवं वायु सेना से संबंधित प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता का आयोजन किया। सही उत्तर देने वाले मेधावी विद्यार्थियों श्वेता भलराय, अंजलि भावरे, अंकित जाधव, रश्मि खरते एवं पूजा प्रजापत को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रकाश गोयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य आशीष शुक्ला, संदीप शर्मा, सहित अन्य शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## संत रविदास के समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगी भाजपा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश स्तरीय कलश वंदन यात्रा का दीप प्रज्ज्वलन कर भोपाल में मंगलवार को इसका शुभारंभ हुआ था। जी की जयंती के अवसर पर पूरे जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक समरसता का भाव लेकर कलश यात्रा गांव-गांव पहुंचेगी भोपाल से कलश खंडवा पहुंच चुका है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि कलश यात्रा के कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यालय में बुधवार को पार्टी के वरिष्ठ जनो एवं जन प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई,जिसमें जिले से गांव तक पहुंचने वाली कलश यात्रा की रूपरेखा तैयार की गई। गुरुवार से सामाजिक समरसता कलश यात्रा का शुभारंभ दोपहर 12 बजे जिला पंचायत कार्यालय से प्रारंभ होगा। प्रथम चरण में यह यात्रा मांधाता विधानसभा पहुंचेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के संदेश को जीवन में उतारकर सामाजिक समरसता को मजबूत करें। जातिवाद और छुआछूत की विसंगतियां दूर कर एकजुट समाज का निर्माण हमारा संकल्प है। संत रविदास जी की 650वीं जयंती वर्ष को मध्यप्रदेश में सरकार भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाएगी। श्री तोमर ने कहा कि भाजपा संत रविदास जी के समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगी। भाजपा की विचारधारा का मूल आधार ही संत रविदास जी की सामाजिक समरसता है।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा संख्या SnT-RTM-26-Tele-02R दिनांक: 19.08.2026** निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम रेलवे, रतलाम द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** निम्नलिखित के संबंध में दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग रतलाम मंडल- (i) इंदौर-देवास-उज्जैन सेक्शनः लेवल क्रॉसिंग नंबर 10,13,34 और 36 को खत्म करने के लिए सबवे (RUB) बनाना (ii) नीमच-रतलाम सेक्शन में LC नंबर 141 पर RUB का निर्माण। (iii) नीमच-रतलाम सेक्शन में Br.No. 429 और 430 के बीच RUB का निर्माण (JAO-BRLA सेक्शन के बीच)। **कार्य की अनुमानित लागत:** Rs. 25,53,586.82/- (रुपये पच्चीस लाख तिरपन हजार पाँच सौ छियासी और बयासी पैसे मात्र) **निविदा फार्म का मूल्य :** शून्य **बयाना राशि :** Rs.51,100.00/- **कार्य पूरा करने की अवधि:** दस (10) महीने **ई-निविदा जमा करने के लिये बंद करने का समय एवं दिनांक :** दिनांक 11/09/2026 समय 15:00 बजे तक **ई-निविदा खुलने का समय एवं दिनांक :** दिनांक 11/09/2026 समय 15:30 बजे के बाद **वैधता :** निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन । यह टेंडर **https://www.ireps.gov.in** वेबसाईट पर देखा जा सकता है । निविदाकार के पास Class-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होने चाहिए और IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए । केवल पंजीकृत निविदाकार ही e-Tendering में भाग ले सकते हैं । सभी संबंधित दस्तावेज e-Tendering में भाग लेने के समय अपलोड करने होंगे ।

Apex/215

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## न्यूज -कॉलम

### स्नेचिंग करने वाले बदमाशों को उज्जैन लाई पुलिस

**उज्जैन।** फव्वारा चौक पर 5 अगस्त की रात ड्रायफ्रूट की दुकान संचालित करने वाले मुकेश नीमा की पत्नी मनीषा के गले से चेन स्नेचिंग करने वाले 2 बदमाशों मोहम्मद जाबीर हुसैन उर्फ सत्तारिया उर्फ अठारिया पिता जाकीर 28 साल और रेहान पिता हनीफ शेख 20 साल निवासी इंदौर को कोतवाली थाना पुलिस देवास जेल से पूछताछ के लिये एक दिन के प्रोटेक्शन रिमांड पर उज्जैन लेकर आई। थाना प्रभारी दिनबंधूसिंह तोमर ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि बदमाशों में शामिल मोहम्मद जाबीर हुसैन आदतन स्नेचर है, उसके खिलाफ पूर्व में 13 मामले दर्ज है। वहीं उसका साथी रेहान पहली बार वारदात में शामिल हुआ था। दोनों से वारदात के बाद भागने वाले रास्ते की जानकारी ली गई और प्रकरण में विवेचना पूरी करने के बाद दोनों को वापस देवास जेल भेज दिया गया। विदित हो कि 5 अगस्त को दोनों बदमाशों ने पहले देवास स्थित सिविल लाइन क्षेत्र में मंगलसूत्र झपटा था उसके बाद उज्जैन आकर माधवनगर थाना क्षेत्र के कोठीरोड पर दूसरी चेन स्नेचिंग कर तीसरी वारदात फव्वारा चौक पर की थी। बदमाशों को देवास पुलिस ने गिरफ्तार किया था, जिनसे उज्जैन की दोनों वारदातों का खुलासा हुआ था। अब माधवनगर थाना पुलिस बदमाशों को प्रोटेक्शन रिमांड पर लेकर आयेगी।

### सिहोर से 2 दिन पहले उज्जैन आया बुजुर्ग लापता

**उज्जैन।** सिहोर के इछावर तहसील के ग्राम दिवदिया में रहने वाला बुजुर्ग प्रहलाद पिता जगन्नाथसिंह वर्मा 52 साल 2 दिन पहले परिवार से उज्जैन स्थित कार्तिक चौक जगदीश मंदिर धर्मशाला जाने का बोलकर निकला था। परिजनों से संपर्क किया तो नहीं हुआ। पुत्र कन्हैयालाल वर्मा 24 साल उज्जैन पहुंचा और जगदीश मंदिर धर्मशाला पहुंचकर तलाश की, लेकिन पिता नहीं पहुंचे थे, पुत्र ने उज्जैन में तलाश करने के साथ सभी रिश्तेदारों से जानकारी ली। पिता का कुछ पता नहीं चला। बीती रात पुत्र ने खाराकुआ थाने पहुंचकर पिता के लापता होने की शिकायत करते हुये अज्ञात व्यक्ति द्वारा बंधक बनाने की शंका जताई। पुलिस ने मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

### रात 1 बजे पुरानी रंजीश में 2 पक्षों के बीच मारपीट

**उज्जैन।** कानीपुरा स्थित गिरीराज रतन कालोनी में बुधवार-गुरूवार रात 1 बजे मनीष उर्फ साहिल पिता संतोष माली 23 साल निवासी गिरीराज रतन कालोनी और बहादूर पिता सिद्धू वर्मा 46 साल निवासी तिरूपतिधाम के पास देवनगर में रहने वाले के बीच पुरानी रंजीश को लेकर विवाद हो गया। दोनों के साथी भी विवाद में शामिल हो गये और मामला मारपीट में बदल गया। दोनों ओर से लात-घूंसे चले और जान से मारने की धमकी दी गई। यहीं नहीं बहादूर वर्मा की आटो में मनीष और उसके साथियों ने तोडफोड कर दी। मामला चिमनगंज थाना पुलिस के पास पहुंचा तो दोनों पक्षों की शिकायत पर रात 3 बजे क्रास प्रकरण दर्ज किया गया।

### हफ्ता देने से मना किया तो रिक्शा में की तोड़फोड़

**उज्जैन।** तराना का रहने वाला राजेश पिता आनंदीलाल वंश 46 साल उज्जैन स्थित राजीव नगर में किराये का मकान लेकर उज्जैन में ई-रिक्शा चलता है। रात में वह रिक्शा लेकर घर लौट रहा था, उसी दौरान घर से कुछ दूरी पर उसे क्षेत्र के बदमाश गोलू ने रोक लिया। राजेश का लगा सवारी होगी, उसे जैसे ही रिक्शा रोका बदमाश ने हफ्ता देने की बात कहने लगा। राजेश ने पैसे देने से मना किया तो बदमाश ने पहले तो मारपीट की और फिर रिक्शा में तोडफोड कर नुकसान कर दिया। बदमाश ने रंगदारी करते हुये कहा कि हफ्ता नहीं दिया तो जान से मार देगा। लोगों के आने पर बदमाश भाग निकला। मामले में चिमनगंज थाना पुलिस ने बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है।

### ठगों ने फिर 2 लोगों के खाते से उड़ाये हजारों रूपये

**उज्जैन।** ऑनलाइन फ्रॉड के मामले लगातार सामने आ रहे है। साइबर ठग लिंक भेजकर मोबाइल हैक कर रहे है। नया मामला बडनगर के ग्राम पीरझलार में रहने वाले राजेन्द्र पिता जुवारसिंह चावडा के साथ हुआ। साइबर ठग ने झांसे में लेकर 60 हजार का ट्रांजेक्शन कर लिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाध?ी और आईटी एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज किया है। दूसरा मामला महाकाल थाना क्षेत्र के मुल्लापुरा में रहने वाले ओमप्रकाश पिता कालू मकवाना के साथ हुआ। मोबाइल हैक होने के बाद उसके खाते से 50 हजार के लगभग राशि गायब हो गई। पिछले एक माह में जिले के अधिकांश थानों पर साइबर फ्रॉड के दर्जनों मामले दर्ज हो चुके है। लेकिन अब तक फ्रॉड करने वाला का सुराग नहीं मिल पाया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 170-8 | 369-8 |
| मेन बाजार | 345-2 | 356-4 |
| कल्याण नाइट | 235-0 | 790-6 |
| मिलन डे | 290-1 | 668-0 |
| मिलन नाइट | 34-0 | 660-2 |
| मधुर डे | 688-2 | 567-8 |
| मधुर नाइट | 569-0 | 279-8 |
| शुभांक | 6 9 | 1 |

## जयपुर के मानसरोवर से हिरासत में आया आरोपी...

# शादी का झांसा देकर महिला से ठगे 1.27 करोड़





**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शादी का झांसा देकर महिला से 1.27 करोड ठगने वाले आरोपी को 3 माह की तलाश के बाद जयपुर के मानसरोवर से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी काफी शातिर है, जो अपना ठिकाना बदलकर महिलाओं को अपने जाल में फंसाता था और शारिरीक संबंध बनोन के बाद उनसे रूपये ऐंठ लेता था।

माधवनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने 13 मई को शिकायती आवेदन देकर बताया था कि उसकी कुछ माह पहले आटो में मनीष पिता तीरथदास 36 साल निवासी मानसरोवर जयपुर राजस्थान से मुलाकात हुई थी। बातों में उसने मोबाइल नम्बर ले लिया था। बातचीत के दौरान उसने शादी का विश्वास दिलाया और अनैतिक कृत्य किया, यहीं नहीं उसने अलग-अगल समय पर करीब 1.27 करोड रूपये भी ले लिये। मार्च 2006 में शादी से इंकार कर दिया। मामला गंभीर होने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। सूचना मिलने पर एक टीम राजस्थान के जयपुर स्थित मानसरोवर भेजी गई, जहां से उसे गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। रिमांड अवधि के दौरान उससे महिला का झांसा देकर की गई ऑनलाइन शॉपिंग का सामान, 2 मंहगे मोबाइल, नगद राशि बरामद की गई है। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी पूर्व में भी कई महिलाओं को झांसा देकर अपने जाल में फंसा चुका है। उसने धार की एक युवती को अहमदाबाद में पत्नी बनाकर रखा है। लिम्बाहेडा में महिला को जाल में फंसा रखा है। कुछ ओर महिलाओं की जानकारी भी सामने आई है। जिनके साथ झांसेबाजी कर उनका शोषण किया और पैसे ऐंठे है। गुरूवार को पूरे मामले का एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा खुलासा किया।

#### ठिकाने बदलकर लेता था किराये का मकान

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि उज्जैन की महिला से मुलाकत करने के दौरान आरोपी ने देवास में किराये का मकान लेकर ठिकाना बना रखा था। मिलने के बाद खुद को बिजनेसमेन बताया था। ऐसे ही अलग-अलग शहरों में महिलाओं को अपने जाल में फंसाने के लिये उसने अपना ठिकाना बदला था। उसे बरामद किये गये मोबाइल से अन्य महिलाओं की जानकारी पुलिस के सामने आई है। आरोपी के शौक काफी मंहगे है।

#### ऊंचे घरानों की महिला का रखा था नजर

बताया जा रहा है कि आरोपी खुद तलाकशुदा है और ऊंचे घरानों की महिलाओं पर नजर रखा है। बातचीत के दौरान उसे महिला पैसे वाली होना सामने आती थी तो वह संपर्क बढ़ाना शुरू कर देता था। वह तलाशशुदा महिलाओं को अपने जाल में फंसाता था, ताकि महिला उस पर आसानी से विश्वास कर लें। जबकि आरोपी की मां राजस्थान स्थित जयपुर में रहकर घरों में बर्तन मांझने का काम करती है। आरोपी अधिकांश समय घर से बाहर ही रहता था।

# जमीन का सवा करोड़ में सौदा कर ठगे थे 31 लाख

## 9 माह बाद गिरफ्त में आया 10 हजार का इनामी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

जमीन का सौदा कर 31 लाख की धोखाधडी करने वाला 9 माह से फरार चल रहा था। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया था।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 9 माह पहले ग्राम बनीखेडी में रहने वाले भादरलाल पिता थावर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने महिदपुर तहसील में सवा करोड की जमीन का सौदा किया था। सौदे कराने में प्रकाश यादव, शैतानसिंह, राघोसिंह और चैनलाल शामिल थे। सौदा तय होने पर 31 लाख बयान दिया गया था, लेकिन चारों ने उसके साथ कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर धोखाधडी की है। पुलिस ने जांच के बाद मामले में प्रकरण दर्ज कर 3 आरोपी प्रकाश, राघोसिंह और चैनलाल को गिरफ्तार कर लिया था। चौथा आरोपी शैतानसिह पिता ऊँकारसिह सौंधिया निवासी मालाखेडा थाना ताल जिला रतलाम लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार के इनाम की उद्घोषणा की गई थी। फरार आरोपी की तलाश के लिये एएसआई राधेलाल निनामा, आरक्षक समरथ पाटीदार का जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिन्होने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबीर तंत्र के आधार पर फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसे पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।



# ब्रांडेड सिगरेट चोरी करने वाले को भेजा जेल

## दूसरे बदमाश को गुजरात से लायेगी पुलिस

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

जून माह में महेश्वरी एजेंसी के गोदाम से लाखों की ब्रांडेड सिगरेट चोरी में गिरफ्तार एक बदमाश को गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। बदमाश का दूसरा साथी गुजरात स्थित वलसाड़ पुलिस की हिरासत में है, जिसे जल्द उज्जैन लाया जायेगा।

दशहरा मैदान स्थित महेश्वरी एजेंसी से हुई 20 से 25 लाख की ब्रांडेड सिगरेट के मामले में माधवनगर थाना पुलिस ने रामपाल उर्फ रामा पिता हरिराम चौधरी निवासी इंद्रा कालोनी विस्तार पाली राजस्थान हाल मुकाम पूणे महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया था। जिसकी निशानदेही पर 15 लाख कीमत की सिगरेट, एक किया सेनोट कार और 1.35 लाख रूपये बरामद किये थे।

गुरूवार को मामले का खुलासा करने के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के अनुसार चोरी में शामिल आरोपी का दूसरा साथी रेहान उर्फ राजा ठाकुर गुजरात वलसाड पुलिस की हिरासत में है, जिसे उज्जैन लाया जायेगा। दोनों ने सिगरेट चोरी करने के साथ नागझिरी थाना क्षेत्र और मंदसौर के दलोदा से कारें चोरी की थी। दोनों गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्यप्रदेश में ब्रांडेड सिगरेट चोरी को अंजाम दे चुके है। दोनों के खिलाफ कई मामले दर्ज है। वारदात से पहले दोनों गगूल पर आईटीसी एजेंसी को सर्च करते थे और रैकी करने आते थे। उसके बाद कार चुराकर सिगरेट गोदाम पर वारदात करने पहुंचते थे।

### रोपे 51 छायादार पौधे

**उज्जैन।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पंजाबी महिला विकास समिति ने इंदौर रोड पर 51 छायादार पौधे रोपे। समिति की महिलाओं ने पौधारोपण कर समाज को हरियाली सहेजने का संदेश दिया। यहां खुली जमीन पर नीम, पीपल और केतकी सहित अन्य बडे छायादार प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा संख्या SnT-RTM-26-Tele-16 दिनांक: 19.08.2026** निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम रेलवे, रतलाम द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** रतलाम मंडल में दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य: स्टेशनों पर स्वच्छता की निगरानी हेतु थाना स्थानों पर लाइव सीसीटीवी फीड की व्यवस्था। **कार्य की अनुमानित लागत:** Rs. 71,82,410.75/- (रुपये इकहत्तर लाख बयासी हजार चार सौ दस और पचहत्तर पैसे मात्र) **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य **जमानत राशि :** Rs.1,43,700.00/- **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** नौ (09) माह **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि व समय:** दिनांक 18/09/2026 समय 15:00 बजे तक **ई-निविदा खोलने की तिथि व समय:** दिनांक 18/09/2026 समय 15:30 बजे तक **वैधता :** निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन निविदा **http://www.ireps.gov.in** वेबसाईट पर देखी जा सकती है । निविदाकार के पास Class-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है तथा IREPS पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है । केवल पंजीकृत निविदाकार ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं ।
Apex/216
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा संख्या SnT-RTM-26-Tele-02R दिनांक: 19.08.2026** निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम रेलवे, रतलाम द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** निम्नलिखित के संबंध में दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग रतलाम मंडल- (i) इंदौर-देवास-उज्जैन सेक्शन: लेवल क्रॉसिंग नंबर 10,13,34 और 36 को खत्म करने के लिए सबवे (RUB) बनाना (ii) नीमच-रतलाम सेक्शन में LC नंबर 141 पर RUB का निर्माण। (iii) नीमच-रतलाम सेक्शन में Br.No. 429 और 430 के बीच RUB का निर्माण (JAO-BRLA सेक्शन के बीच)। **कार्य की अनुमानित लागत:** Rs. 25,53,586.82/- (रुपये पच्चीस लाख तिरपन हजार पाँच सौ छियासी और बयासी पैसे मात्र) **निविदा फार्म का मूल्य :** शून्य **बयाना राशि :** Rs.51,100.00/- **कार्य पूरा करने की अवधि:** दस (10) महीने **ई-निविदा जमा करने के लिये बंद करने का समय एवं दिनांक :** दिनांक 11/09/2026 समय 15:00 बजे तक **ई-निविदा खुलने का समय एवं दिनांक :** दिनांक 11/09/2026 समय 15:30 बजे के बाद **वैधता :** निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन । यह टेंडर **https://www.ireps.gov.in** वेबसाईट पर देखा जा सकता है । निविदाकार के पास Class-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होने चाहिए और IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए । केवल पंजीकृत निविदाकार ही e-Tendering में भाग ले सकते हैं । सभी संबंधित दस्तावेज e-Tendering में भाग लेने के समय अपलोड करने होंगे ।
Apex/215
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# पिता घर लौटे तो फंदे पर लटकी मिली पुत्री



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

द्वितीय वर्ष का अध्ययन कर रही छात्रा के पिता गुरूवार दोपहर घर लौटे तो उन्होने पुत्री को रस्सी के फंदे पर लटका देखा। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और विवेचना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया।

नागझिरी थाना क्षेत्र के त्रिवेणी विहार कालोनी में रहने वाली सपना पिता मनीराम शाक्य 20 वर्ष द्वारा फांसी लगाने की सूचना मिलने पर एएसआई लाखनसिंह टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे थे। सपना ने रस्सी का फंदा बनाकर पंखे के एंगल से फांसी लगाई थी। विवेचना के दौरान पिता ने बताया कि सपना द्वितीय वर्ष का अध्ययन कर रही थी। वह कुकर सुधारने का काम करते है, सुबह घर से निकल गये थे। सपना की मां प्रायवेट कंपनी में काम करती है, वह भी चली गई थी। घर पर सपना अकेली थी, दोपहर में खाना खाने लौटा तो पुत्री को देखा। पुलिस ने घटनास्थल की विवेचना के बाद मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया। एएसआई के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। बताया यह भी जा रहा था कि 2 माह पहले फांसी लगाने वाली छात्रा की सगाई हो चुकी थी। फिलहाल मामला जांच में है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान दर्ज करने पर फांसी लगाने का कारण सामने आ पायेगा।

### प्रेम विवाह करने वाली ने किया सुसाइड

नरवर में प्रेम विवाह करने वाली 18 वर्षीय सलोनी पति पियुष ने गुरूवार शाम घर में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना के समय पति काम पर गया था और सास बाजार गई थी। लौटने पर उन्होने सलोनी को फंदे पर लटका देखा। एएसआई लोकेशसिंह ने बताया कि प्रारंभिक विवेचना में सामने आया कि सलोनी देवास के भौरासा कर रहने वाली थी। 2 माह पहले ही प्रेम विवाह किया था। 2015 में सलोनी के ससुर ने भी सुसाइड किया था। एएसआई के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिये उज्जैन चरक अस्पताल भेजा गया है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू की जायेगी।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री वरूण तिवारी पिता स्व. श्री विजय तिवारी, निवासी: 132, लक्ष्मी नगर कालीदास मार्ग उज्जैन , के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक मकान स्थित भवन/भूखण्ड़ म्यु. क्रं. 88 (क्वाटर नं. 132) लक्ष्मी नगर कॉलोनी उज्जैन में स्थित है । जिसका कुल क्षेत्रफल 92.93 वर्ग मीटर तथा चर्तुसीमा पूर्व में भवन क्रं 89 है, पष्चिम में भवन क्रं 87 है, उत्तर में बेक लेन 10 फीट चौडी़ है, दक्षिण में सड़क स्थित है । यह कि, उपरोक्तवर्णित सम्पत्ति श्री वरूण तिवारी पिता स्व. श्री विजय तिवारी को रजिस्टर्ड हक-त्याग विलेख पत्र दिनांक 23.06.2026, दस्तावेज क्र. एमपी 17 18842026ए100765741 के द्वारा प्राप्त हुई है। यह कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति का चेन विक्रय पत्र दिनांक 08.12.1977, दस्तावेज क्र. 2154 वर्तमान सम्पत्ति मालीक के पास उपलब्ध नहीं है। श्री वरूण तिवारी पिता स्व. श्री विजय तिवारी के द्वारा मेरे पक्षकार मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक में उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधकग्रस्त करने का प्रस्ताव कर ऋण प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अत: इस जाहिर सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि उक्त भवन/भूखण्ड में कोई स्वत्व या हिस्सा रखता हों, या किसी भी राष्ट्रियकृत बैंक अथवा सरकारी, साहुकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो अथवा किसी न्यायालय में विचाराधिन कोई प्रकरण हो तो ऐसे सम्बंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहीत लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सकें। अवधि व्यतित होने के पष्चात मेरे पक्षकार बैंक के द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा सकता है तथा उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बैंक के हित में बंधकग्रस्त किया जा सकता है तथा उसके पष्चात किसी प्रकार की आपत्ती मान्य नहीं होगी। ना ही मेरे पक्षकार पर बंधककारक होगी।
इति दिनांक 20.08.2026, उज्जैन

**विवेक पाठक अभिभाषक**
**42, घटकरपर मार्ग मालवा होजअरी के सामने, फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो.9424892788**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने, श्रीमती रूपाली त्रिवेदी पति स्व.आशीष त्रिवेदी निवासी 65-बी तिवारी कालोनी उज्जैन म.प्र. आधार नं0 3506 0826 4683 से से विक्रीत भूखण्ड (भूमि) 53 उत्तर दिशावाला भाग भूमि जिसका म्यु क्रमांक 53/1-बी स्थित शंकराचार्या मार्ग गली नं0 06 वार्ड नं0 23 उज्जैन म.प्र. में है जिसका कुल क्षेत्रफल 24.15 वर्गमीटर है। चतुर्सीमा-पूर्व में: सड़क कालोनी की। पश्चिम में:- मकान संजय पिता मन्सुखलाल का, उत्तर में:- मकान हुकूमचन्द पिता श्री नेमीचन्द्र पहाडिया जी का। दक्षिण में - भूखण्ड का शेष भाग, है को खरीदने का सौदा तय हुआ हैं एवं अनुबंध-पत्र का सम्पादन हो चुका है एवं उसके पश्चात रजिस्ट्री विक्रय पत्र का सम्पादन होना है। भूमि के सम्बंध में यदि किसी व्यक्ति का कोई दावा, झगडा, क्लेम, हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, अधिकार, सुखाधिकार, एवं राईट्स आदि हो या कहीं पर रहन, मार्गेज, बय, विक्रय, दान, या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण व हस्तान्तरण किया हुआ हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय में उक्त सम्पत्ति से सम्बंधित कोई वाद विचाराधीन हो तो वह इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन से 7-सात दिवस में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूमि का सम्पादन कर रजिस्ट्री विक्रय-पत्र का पंजीयन करा लिया जावेगा, उसके बाद कोई आपत्ति, दावा, झगड़ा, क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त भूमि को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि कोई नहीं करें।

सूचित हो इति दिनांक 20/08/2026, स्थान:- उज्जैन

**अशोक सोनकुसेर एडवोकेट**
**डाबरी पीठा बिजली घर के पीछे उज्जैन म.प्र.**
**मो. 9340990699**

# कार्तिक मेला ग्राउंड पर चोरी की फिराक में थी 4 महिलाएं

**उज्जैन।** कार्तिक मेला ग्राउंड पार्किंग स्थल पर चोरी की फिराक में ख?ी चार महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चाकू और लोहे का पाइप बरामद किया गया है। महिलाएं पार्किंग में ख? वाहनों के कांच फो?कर उसमें रखा सामान चोरी करने वाली थी।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि सावन माह के चलते देशभर से हजारों श्रद्धालु महाकाल दर्शन के लिये पहुंच रहे है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों का ख?ा करने के लिये पार्किंग स्थल बनाये गये है। सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरे क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रही है। बुधवार रात को पुलिस कार्तिक मेला ग्राउंड पार्किंग स्थल भ्रमण के लिये पहुंची थी। जहां चार महिलाओं पर संदेह हुआ। एक के पास लोहे का पाईप था। पुलिस ने महिलाओं से पूछताछ की तो वह बरगलाने का प्रयास करने लगी। संदेह होने पर थाने लाया गया। जहां महिला पुलिसकर्मियों द्वारा तलाशी लगी गई तो उनके पास से 2 छोटे चाकू और एक खटकेदार चाकू बरामद हो गया। मामला गंभीर लगने पर सख्ती से पूछताछ की गई तो चारों महिलाओं के नाम खुशी पति साहिल जाटव 20, मीना पति छोटू जाटव 30 वर्ष, मंतीदेवी पति स्वर्गीय गुर्जन जाटव 60 वर्ष निवासी ग्राम इसुपुर थाना महंदाबाद जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश और राजपति पति रामनयन जाटव 50 वर्ष निवासी ग्राम गौशाला झांसी उत्तर प्रदेश समाने आये। चारों से पूछताछ में पता चला कि सावन माह में प्रतिदिन हजारों-लाखों की संख्या में श्रद्धालु उज्जैन आ रहे है। जिनको निशाना बनाने के लिये आई हुई थी। कार्तिक मेला ग्राउंड पार्किंग में ख?ी गा?ियों के कांच फो?कर सामान चोरी करने की फिराक में थी। थाना प्रभारी के अनुसार चारों के खिलाफ चोरी की योजना बनाने और आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया है। विदित हो कि धार्मिक नगरी में ब? आयोजनों के दौरान बाहरी गैंग वारदात के लिये उज्जैन पहुंचती है। पूर्व में भी पुलिस मंदिर क्षेत्र के आसपास से कई महिला-पुरूषों को गिरफ्तार कर चुकी है।

# मन का रचा सब खेल



किसी साधक ने सवाल किया है कि क्या वाकई यह जगत स्वप्न से अधिक कुछ नहीं है? स्वप्न जब तक रहे, तब तक उसे सत्य मानने में क्या गलती है? आप पूर्णतया असंभव घटना स्वप्न में देखते ही हो। उदाहरण के लिए, आप किसी मृत व्यक्ति से आनंद से बात करते हो और शायद संदेह भी करते हो कि क्या यह तो मर नहीं गया था? तब भी किसी तरह आपके मन का स्वप्न दृश्य से पूरा मेल हो जाता है और वह व्यक्ति स्वप्न-प्रयोजन की दृष्टि से जीवित ही लगता है। अर्थात स्वप्न, स्वप्न की हैसियत से आपको उसकी सत्यता के बारे में संदेह करने की गुंजाइश नहीं रहने देता।

जाग्रत में भी ऐसा ही होता है। जब तक आप जाग्रत अवस्था में रहें, तब तक जिसे आप देखते हैं, उस जगत की सत्यता के विषय में संदेह करने के लिए आप समर्थ नहीं हैं। जिसने स्वयं जगत की सृष्टि की है, वह मन उसकी असत्यता का स्वीकार कैसे कर सकता है? जाग्रत एवं स्वप्न के जगत की तुलना करने का यही हेतु है। दोनों मन की सृष्टि है और जब तक मन उनमें से किसी एक में लीन रहता है, तब तक वह उसकी असत्यता को स्वीकार करने में अपने आपको असमर्थ पाता है। वह स्वप्न जगत की सत्यता का इनकार स्वप्न के दौरान नहीं कर सकता। वैसे ही, जब तक वह जाग्रत अवस्था में होता है। इसके विपरीत, यदि आप अपने मन को जगत से पूर्णतया वापस खींच लें, उसे भीतर की ओर मोड़ें और वहीं रहें, अर्थात यदि आप इन सब अनुभवों के अधिष्ठान-रूप आत्मा के प्रति सदा जागरूक रहें, तो जिस जगत के विषय में आप इस समय सभान हैं, उसे आप स्वप्न में देखे हुए जगत जैसा असत्य पाएंगे। स्वप्न जगत की विसंगतियों के विषय में सारे तर्क सिर्फ इस समय, जब आप जाग्रत में हैं, खड़े होते हैं। जब तक आप स्वप्न में होते हैं, तब तक स्वप्न एक संगठित इकाई होता है, अर्थात यदि आपको स्वप्न में प्यास लगती है, तो आपकी वह भ्रामक प्यास, भ्रामक जल को, भ्रामक पीने की क्रिया से शांत होती है; मगर यह सब उस समय आपके लिए सत्य था, भ्रम नहीं, जब तक कि आप यह नहीं जानते कि वह पूरा स्वप्न ही भ्रम था। जाग्रत के विश्व के विषय में भी ऐसा ही है। जो संवेदनाएं आपको अभी हो रही हैं, वे एकसूत्रता से मेल बिठाकर आप पर ऐसा प्रभाव डाल रही हैं कि आपको जगत सत्य लगता है।

इसके विपरीत यदि विश्व स्वयंभू सत्ता, यानी स्वतंत्र सत्य होता, अर्थात अभी आपने जिसे जगत की वास्तविक सत्ता कहा, उससे युक्त होता, तो नींद में आपके समक्ष उपस्थित होने से उसे कौन रोकता है? आप यह तो नहीं कहते कि आपकी नींद के दौरान आपका अस्तित्व नहीं था।



सम्पादकीय

## प्रदर्शनों का पैगाम

शासन-प्रशासन की छोटी-बड़ी कमियों के विरोध में देश भर में विरोध-प्रदर्शनों का माहौल बनना चिंता की बात है। दोराय नहीं कि जंतर मंतर पर हुए आंदोलन से प्रेरित प्रदर्शनों की बाढ़ आई हुई है। स्वाभाविक है, छात्रों की नाराजगी को भुनाने में राजनीति भी पीछे नहीं रह सकती। बुधवार को देश में सबसे बड़ा सरकार विरोधी प्रदर्शन पटना में हुआ है, जिसका नेतृत्व बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राजद नेता तेजस्वी यादव ने किया। वर्षों बाद राजद सड़क पर ऐसे मार्च के लिए उतरी है, तो इससे बिहार की राजनीति गरमा गई है। इस प्रदर्शन के पीछे प्रमुख मुद्दा है, बिहार के सिवान में छात्र आंदोलन के दौरान एके-47 राइफल का इस्तेमाल। सनद रहे, खुद बिहार सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया है कि भीड़ में फंसने के बाद एक पुलिस कांस्टेबल ने एके-47 से हवा में चार गोलियां चलाई थीं, कोई घायल नहीं हुआ। कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया, पर अब मांग है कि एके-47 चलाने का आदेश देने वालों को निलंबित किया जाए। अब प्रशासन के लिए बेहतर यही होगा कि वह शिकायतों को दूर करने की दिशा में तेज कदमों से बढ़े, ताकि आंदोलन की जरूरत न रहे।

पटना में हुए राजनीतिक प्रदर्शन से अलग जिस तरह के प्रदर्शन देश के अनेक स्कूलों में हुए हैं, उनकी ओर भी सबका ध्यान जा रहा है। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में एक सरकारी आवासीय विद्यालय के सैकड़ों छात्रों ने बुधवार को कथित तौर पर खराब गुणवत्ता वाले भोजन, अपर्याप्त पेयजल, शिक्षकों की कमी और प्रधानाचार्य के व्यवहार के विरोध में प्रदर्शन किया। वैसे, हाल के हफ्तों में फतेहपुर, हमीरपुर और कन्नौज सहित कई जिलों में ऐसे प्रदर्शन हुए हैं, जिन पर जिम्मेदार प्रशासन को तत्काल ध्यान देना चाहिए। छात्रों की तकलीफों को पूरी संवेदना से समझने की जरूरत है। सराहना करनी चाहिए कि उन्नाव में जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक ने विद्यालय पहुंचकर छात्रों को समझाया और उनके साथ नाश्ता किया। छात्रों को आश्वस्त किया गया, तब विरोध-प्रदर्शन समाप्त हुआ। वैसे, भारत के ज्यादातर विद्यालयों में ऐसी कमियां पाई जाती हैं, जिनका समाधान स्थानीय स्तर पर आसानी से किया जा सकता है। अनेक राज्यों में हो रहे ऐसे प्रदर्शन संकेत है कि शिक्षकों और शिक्षा प्रशासकों को ज्यादा सक्रिय होना पड़ेगा। अनेक सरकारी ही नहीं, निजी विद्यालयों में भी कमियों को दूर करने में दशकों से कोताही बरती जा रही है।

नीतियों में करना होगा बदलाव

# प्रतिबद्ध वोटों से भी हाथ धोती जा रही है कांग्रेस

कभी-कभी लगता है कि जिस गांधी परिवार ने देश पर लगभग 60 साल राज किया उस परिवार को पिछले 12 सालों से मोदी का भारत पर राज करते हुए देखना गहरी पीड़ा दे रहा है जिसकी वजह से वह हर स्तर पर विरोध करने तथा मोदी और अमित शाह का हर स्तर पर अपमान करने से नहीं चूक रही। यही नहीं कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के प्रति कटिबद्धता और भारत की दुनिया के पटल पर बढ़ती हुई प्रतिष्ठा से प्रतिशोध की आग में जल रही है। यही कारण है कि उसके नेताओं खासकर राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, पवन खेड़ा, जयराम रमेश और के सी वेणुगोपाल आदि की सुबह की शुरूआत मोदी, अमित शाह और भाजपाइयों की आलोचना से शुरू होती है और हर शाम भाजपा नेताओं पर अनर्गल आरोपों पर जाकर खत्म होती है। कांग्रेस के नेता जिस तरह का आचरण पिछले कुछ सालों से कर रहे हैं वह जनता की नजरों को चुभ रहा है। अगर सच्ची बात कही जाए तो राहुल गांधी से लेकर वे सारे नेता जो मोदी सरकार को बदनाम कर अपना वोट बैंक बढ़ाने का विचार रखते हैं उन्हें नहीं मालूम कि वे उतने ही ज्यादा प्रतिबद्ध हिंदू वोटों से हाथ धोते जा रहे हैं। देश की आजादी के बाद के 60 सालों तक देश की जनता खास तौर से हिंदुओं ने जो साथ कांग्रेस को दिया वह साथ अब हाथ को छोड़ता जा रहा है। कांग्रेस के नेता जितना मोदी का विरोध कर रहे हैं उससे दोगुना मोदी लोगों के दिलों में स्थान पा रहे हैं। उसका कारण यही है कि मोदी पर आज तक कोई असंसदीय कार्य और भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे तथा उन्होंने ना तो देश की जनता के भरोसे को कभी तोड़ा और ना ही आम जनता के हितों की अनदेखी की। कांग्रेस को याद करना चाहिए कि उसने मोदी को चौकीदार चोर के नारे से नवाजा तो 2019 में जनता ने उन्हें 303 सीटें देकर उपकृत किया और कांग्रेस 52 सीटों पर सिमट कर रह गई। अगर कांग्रेस यह सोच रही है कि 2024 में उसने भाजपा को 240 सीटों पर समेट दिया था तो यह उसकी उपलब्धि नहीं बल्कि भाजपा के अपने गलत आकलन का परिणाम था जिसने अबकी बार 400 पार का नारा देकर अपने कोर वोटर को बूथ पर जाने में आलसी बनाया। 2019 से 2024 के बीच भाजपा की नीतियां ना तो गलत थीं और ना ही नियत खराब थी। यदि यह मान भी लिया जाए कि मोदी सरकार से जनता नाराज थी तो इसका मतलब यह भी नहीं था कि कांग्रेस से जनता खुश थी। यदि खुश होती तो वह कांग्रेस को बहुमत देती लेकिन उसने कांग्रेस को 99 सीटों पर समेट दिया। कांग्रेस अगर यह गलतफहमी पालकर बैठी है कि वह 99 सीटें उसकी विचारधारा से प्रभावित होकर जनता ने दी तो वह बड़ी भूल कर रही है क्योंकि ये 99 सीटें उसे गठबंधन के अन्य दलों की कृपा से मिली। यदि सहयोगी दलों ने कांग्रेस को अपने कोटे में से सीटें आवंटित ना की होतीं और उनके मतदाताओं के वोट कांग्रेस को शिफ्ट नहीं होते तो कांग्रेस 52 सीटों पर फिर से सिमट जाती तो आश्चर्य नहीं होता। जो भी हो कांग्रेस को जितना जनसमर्थन मिला उसके प्रति उसे उन सहयोगी दलों और उन वोटरों का आभारी होना चाहिए जिन्होंने कांग्रेस के लिए त्याग किया। कांग्रेस जितनी गैर जरूरी आक्रामकता और फूहड़ मानसिकता इन दिनों प्रदर्शित कर रही है यह जनता को उतना ही विचलित कर रही है। लगता तो यह भी है कि कांग्रेस के बहुत सारे नेता ऐसे भी होंगे जो आजकल कांग्रेस की मोदी विरोधी शैली से बेहद चिंतित होंगे। यह तो उनकी उदारता है कि वे सब फूहड़ मानसिकता वाले प्रदर्शनों और अशोभनीय आचरण को कड़वा घूंट पीकर चुप रह जाते हैं। लेकिन जब इसकी अति हो जाएगी तो उनमें से कई हाथ का साथ छोड़ने में देर नहीं करेंगे। संसद के मानसून सत्र में कांग्रेस ने जिस तरह का संसद में प्रदर्शन किया उससे जनता विचलित है। कितनी विडंबना है कि कांग्रेस नेता कहते हैं कि संसद चलाना सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी है लेकिन क्या विपक्ष की कोई जिम्मेदारी नहीं। 20 जुलाई से 13 अगस्त 19 दिन तक चले मानसून सत्र में लोकसभा में काम होना था 114 घंटे किंतु लगभग 17 घंटे कामकाज हो पाया और 97 घंटे विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गए। आखिरी दिन तो गजब ही हुआ लोकसभा में केवल 1 मिनट कामकाज हुआ। इसी तरह राज्यसभा की कार्यवाही 114 घंटे होनी थी लेकिन कामकाज हुआ मात्र 37 घंटे यहां भी 77 घंटे हंगामे की भेंट चढ़ गए। कितनी विडंबना है जिस संसद को चलाने में हर एक घंटे में ढाई लाख रुपए खर्च होते हैं अर्थात एक दिन में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये और दोनों सदनों में 6-6 घंटे कामकाज के हिसाब से हर एक दिन में टैक्स पेयर जनता की गाढ़ी कमाई के लगभग 19 करोड़ खर्च होते हैं और कामकाज कमोबेश शून्य हो तो विपक्ष यह कहकर भाग नहीं सकता कि संसद चलाना सरकार की जिम्मेदारी है। यह संयुक्त जिम्मेदारी से भागना जनता के साथ न्याय नहीं माना जा सकता। बिना बहस के बिलों का पास हो जाना, विपक्ष की जनता के प्रति जिम्मेदारी से पलायन नहीं कहा जाए तो क्या कहा जाए। इतना सब होने के बाद भी विपक्ष के पास मोदी और अमित शाह को कोसने और देश विरोधी मानसिकता के प्रदर्शन के अलावा कोई काम नजर नहीं आता। जैसे-जैसे 2027 और 2029 के विधानसभा और लोकसभा चुनाव पास आते जा रहे हैं विपक्ष गलतियों पर गलतियां किए जा रहा है। राहुल गांधी ने दिल्ली में रचनात्मक कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में फूहड़ प्रदर्शन कर मोदी और इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी के विदेश नीति के तहत संबंधों का संदीप दीक्षित के साथ भाव भंगिमा का भौतिक प्रदर्शन कर मजाक बनाया वह सर्वथा आपत्तिजनक था। आश्चर्य है कि जो व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री बनना चाहता है वह विदेशी प्रमुखों का मजाक बनाकर अपनी ना समझी प्रकट करता देखा जा रहा है। पाठकों को याद होगा की इसी तरह की ना समझी उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अपनी बहन प्रियंका का सार्वजनिक रूप से डीप किस लेकर की थी। आश्चर्य तो यह भी है कि संदीप दीक्षित जिनकी मां शीला दीक्षित वर्षों तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं ने मेलोनी का नाम लेकर अपनी भद्द पिटवा ली। यह पहला मौका नहीं है जब संदीप दीक्षित ने ऐसा किया। ये वे नेता हैं जो भारत के सेना प्रमुख को गली का गुंडा कहने में शर्म नहीं करते। यह तो केवल एक उदाहरण है। राहुल गांधी जब मोदी और अमित शाह पर मवालियों की भाषा में टिप्पणी करते हैं तब लगता है कि ऐसे संस्कारों का व्यक्ति यदि देश का पीएम बन जाए तो दुनिया भर में क्या संदेश जाएगा। जो भी हो कांग्रेस अपने पैरों पर पहले भी कुल्हाड़ी मारती रही है और लगातार एक सैकड़ा चुनाव हारने के बाद भी वह समझने को तैयार नहीं है। भारत की जनता 70 या 80 के दशक की नहीं है जिसके पास कांग्रेस का विकल्प नहीं था। यह नई सदी का भारत है और जनता सबको जानती है और पहचानती है।



डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

## शीशे का चश्मा

सदर तहसील कार्यालय के मुख्य प्रांगण में पचहत्तर साल के जगन्नाथ जी हर दिन सुबह ठीक दस बजे आकर खड़े हो जाते थे। वह कार्यालय जहाँ ईमानदारी केवल नोटिस बोर्ड पर चिपकी रहती है और भ्रष्टाचार फाइलों के भीतर एयरकंडीशंड हवा खाता है वहां उनका आगमन किसी पुराने पाप की तरह लगता था। उनके हाथ में प्लास्टिक का एक पुराना ऐनक का ढांचा होता था जिसका बायां शीशा गायब था और दाहिनी तरफ केवल एक धुंधला कांच बचा हुआ था जिसे देखकर लगता था कि व्यवस्था ने उनकी एक आंख का मोतियाबिंद तो ठीक किया पर दूसरी आंख का वजूद ही डकार लिया। तहसील का नया चपरासी जो साहबों की जूठन और अहंकार चाटकर खुद को आधा तहसीलदार समझने लगा था उन्हें धूप में खड़ा देखता तो चुटकी लेते हुए कहता कि बाबा जब चश्मे का एक शीशा फूट ही गया है तो इसे रोज अपनी हथेली पर सजाकर यहाँ अफसरों का रास्ता क्यों रोकते हो क्या अपनी दरिद्रता का विज्ञापन कर रहे हो। जगन्नाथ जी अपनी झुर्रियों से ढकी धुंधली आँख से उस एक शीशे के पार देखने की कोशिश करते और बहुत शांत स्वर में उत्तर देते कि बेटा यह टूटा हुआ चश्मा केवल कांच का टुकड़ा नहीं है बल्कि इस पूरे महकमे की वो एकतरफा दृष्टि है जिसे दुनिया का सच कभी पूरा दिखाई ही नहीं देता क्योंकि सच देखने के लिए जमीर की जरूरत होती है और यहाँ जमीर कब्ज का शिकार होकर फाइलों में दफन है। दफ़्तर में आने वाले तमाम मुंशी जो मुवक्किलों का खून चूसकर लाल हो रहे थे और फरियादी जिनका खून सूख चुका था उनका उपहास उड़ाते हुए कहते कि लगता है बूढ़े का दिमाग पूरी तरह सठिया चुका है जो एक आंख से सरकारी इमारत को घूरकर अपना काम कराना चाहता है जबकि यहाँ तो चार आंखों वाले भी अंधे होकर मेज के नीचे हाथ फैलाते हैं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 21 अगस्त 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:09 सूर्यास्त 18:50
श्रावण मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - नवमी 23:36 उपरांत दसमी
नक्षत्र - अनुराधा 11:53 उपरांत ज्येष्ठा
योग - वैधृति 05:18 उपरांत विष्कुंभ
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृश्चिक में रहेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 07 तारिख

**मेष-** नौकरी में वरिष्ठों के साथ धैर्य रखें और कार्य में जल्दबाजी न करें।

**वृषभ-** कारोबार में अनावश्यक खर्च और बिना सोचे-समझे निवेश से बचें। पार्टनर के प्रति आक्रामक रवैया तनाव बढ़ा सकता है।

**मिथुन-** संयम से काम लें। अचानक खर्च बढ़ सकते हैं। पेट संबंधी परेशानी हो सकती है, मसालेदार भोजन से परहेज करें।

**कर्क-** कार्यक्षेत्र में अधिक मेहनत की आवश्यकता है। निराश न हों परिणाम आने में थोड़ा समय लग सकता है।

**सिंह-** बड़े आर्थिक जोखिम से बचें। जीवनसाथी या पार्टनर की बात को धैर्य से सुनें।

**कन्या-** पैसों का प्रवाह सीमित रह सकता है। अनावश्यक खरीदारी से बचें। मानसिक थकान हो सकती है।

**तुला-** सहकर्मियों के साथ बातचीत में स्पष्टता रखें ताकि गलतफहमी न हो।

**वृश्चिक-** व्यापारिक साझेदारी में पारदर्शिता बनाए रखें। आपका शांत व्यवहार रिश्ते की डोर को मजबूत बनाए रखेगा।

**धनु-** खर्चों की प्राथमिकता तय करें। कंधों या कमर में खिंचाव की शिकायत हो सकती है।

**मकर-** नौकरी में जिम्मेदारियां बढ़ेंगी लेकिन आपकी निष्ठा वरिष्ठों की नजर में आएगी।

**कुंभ-** रिश्ते में व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाएं, लेकिन भावनाओं की अनदेखी न करें।

**मीन-** आय स्थिर रहेगी। जोड़ों में जकड़न या थकान महसूस हो सकती है।

# चीनी छोड़ने के बावजूद इन खाद्य पदार्थों से बढ़ सकता है शुगर सेवन

चीनी का सेवन कम करने की कोशिश कर रहे लोगों के लिए केवल चाय, मिठाई और मीठे व्यंजनों से दूरी बनाना पर्याप्त नहीं माना जाता। रोजमर्रा के कई ऐसे खाद्य पदार्थ हैं, जिनका स्वाद बहुत ज्यादा मीठा नहीं होता, लेकिन उनमें अतिरिक्त चीनी मौजूद हो सकती है। सॉस टोमैटो केचप पैकेज्ड जूस और फ्लेवर्ड दही जैसे उत्पाद अनजाने में रोज की डाइट में शुगर की मात्रा बढ़ा सकते हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से अत्यधिक चीनी का सेवन चिंता का विषय माना जाता है। डाइट में जरूरत से ज्यादा शुगर होने पर वजन बढ़ने और मोटापे का जोखिम बढ़ सकता है। लंबे समय तक असंतुलित खान-पान कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से भी जुड़ा हो सकता है। इसलिए विशेषज्ञ आमतौर पर केवल दिखाई देने वाली चीनी पर ध्यान देने के बजाय पूरे दिन में ली जाने वाली कुल अतिरिक्त चीनी पर नजर रखने की सलाह देते हैं।

चीनी कम करने का मतलब यह नहीं है कि हर खाद्य पदार्थ से प्राकृतिक रूप से मौजूद शुगर को खत्म करना जरूरी है। असली चुनौती उन उत्पादों की पहचान करना है, जिनमें स्वाद, बनावट या संरक्षण के लिए अतिरिक्त चीनी मिलाई जाती है। पैकेज्ड खाद्य पदार्थ खरीदते समय लेबल पढ़ना इस मामले में महत्वपूर्ण हो सकता है।



टोमैटो केचप और दूसरी सॉस इसका सामान्य उदाहरण हैं। ये उत्पाद नमकीन या खट्टे स्वाद वाले लग सकते हैं, लेकिन इनमें अतिरिक्त चीनी शामिल हो सकती है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, एक टेबलस्पून केचप में करीब चार ग्राम तक अतिरिक्त चीनी हो सकती है। अगर कोई व्यक्ति भोजन के साथ नियमित रूप से सॉस या केचप लेता है, तो पूरे दिन की कुल शुगर खपत बढ़ सकती है।

पैकेज्ड जूस को लेकर भी सावधानी जरूरी है। केवल फल से बना होने या पैकेट पर फलों की तस्वीर होने से कोई जूस अपने आप कम चीनी वाला उत्पाद नहीं बन जाता। कई पैक्ड ड्रिंक्स में अतिरिक्त चीनी हो सकती है। इसके अलावा पूरे फल की तुलना में जूस में फाइबर की मात्रा कम हो सकती है, जिससे पेट भरने का अनुभव भी अलग होता है। इसलिए फल खाने को अक्सर जूस पीने की तुलना में बेहतर विकल्प माना जाता है।

फ्लेवर्ड दही भी उन उत्पादों में शामिल हो सकता है, जिन्हें लोग स्वस्थ विकल्प समझकर खाते हैं। दही अपने प्राकृतिक रूप में पौष्टिक खाद्य पदार्थ हो सकता है, लेकिन स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें चीनी या मीठे फ्लेवर मिलाए जा सकते हैं। ऐसे उत्पाद खरीदते समय पोषण संबंधी जानकारी और सामग्री की सूची देखना उपयोगी रहता है।

बिस्किट, ब्रेकफास्ट सीरियल, ग्रेनोला और कुछ अन्य पैकेज्ड स्नैक्स में भी अतिरिक्त शुगर हो सकती है। कई उत्पादों को हेल्दी या फिटनेस फ्रेंडली बताकर पेश किया जाता है, लेकिन केवल पैकेजिंग पर लिखे दावों के आधार पर फैसला करना उचित नहीं है। खाद्य लेबल पर कुल शुगर और अतिरिक्त चीनी की जानकारी देखना अधिक उपयोगी हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, रोज की डाइट में चीनी की मात्रा सीमित रखना जरूरी है। सामान्य तौर पर कुल कैलोरी में फ्री शुगर का हिस्सा 10 प्रतिशत से कम रखने की सलाह दी जाती है। 2,000 कैलोरी वाली डाइट के हिसाब से यह लगभग 50 ग्राम फ्री शुगर के बराबर है। हालांकि व्यक्तिगत जरूरत उम्र, स्वास्थ्य और कुल डाइट पर निर्भर कर सकती है।

समसामयिक

## वंदे मातरम् के अपमान पर संग्राम

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के कथित अपमान के आरोप पर देश की राजनीति गरमा गई है। केंद्रिय ग्रहमंत्री अमित शाह ने चित्तौड़गढ़ में कहा कि यह गान फिर से सम्मान प्राप्त कर रहा है, जो सोनिया गांधी को रास नहीं आ रहा है। सोनिया जी 140 करोड़ जनता आपको देख रही है। यदि कांग्रेसियों में जरा भी शर्म बची है तो इस गीत के अमर रचयिता बंकिम बाबू और जनता से माफी मांगे। इस बीच दिल्ली के इंद्रप्रस्थ थाने में अधिवक्ता शुभ शर्मा ने सोनिया और राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कर्नाटक के भाजपा नेता विकास पुत्तुर ने भी थाने में शिकायती अर्जी दी है। बंकिम बाबू के वंशज सुमित्रो चटर्जी ने भी सोनिया गांधी से बिना शर्त माफी मांगने का आग्रह किया है। यानी यह विवाद लंबा चलने वाला है। स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले पर जब समारोह चल रहा था, तब राहुल गांधी और मल्लिकाअर्जुन खड़गे ने इसके संपूर्ण गान से किनारा कर लिया था। वंदे मातरम् को लेकर पहली बार विवाद खड़ा हुआ हो ऐसा नहीं है, रह-रहकर विवाद नए-नए रूपों में अंगड़ाई लेता ही रहता है। यही नहीं जब राष्ट्रगान जन-गण-मन की तरह वंदे मातरम् को संसद में विधायी संरक्षण देने संबंधी विधेयक पर चर्चा हो रही थी तब भी कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल पीछे हट रहे थे, बावजूद संपूर्ण गायन से जुड़ा विधेयक पारित हो गया।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

राष्ट्रगीत का बहिष्कार संसद और विधानसभाओं में तो होता ही रहा है, किंतु अब स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इसके संपूर्ण गान का विरोध किया जाना चिंताजनक है। संविधान के इस प्रविधान का अपमान अलगाववादी मानसिकता का प्रतीक है। यह मामला तब और गंभीर हो जाता है, जब निर्वाचित सांसद और विधायक वंदे मातरम् की उपेक्षा करें। क्योंकि कोई भी जनप्रतिनिधि न केवल बहुधर्मी और बहुजातीय मतदाताओं के बहुमत से संसद में पहुंचता है, बल्कि धर्म व जातीयता से ऊपर उठकर संविधान, देश व जनहित की शपथ लेकर अपने कर्तव्य का पालन करता है। लिहाजा यह मुद्दा धर्म और राजनीति से परे राष्ट्रीय गरिमा और सोच से जुड़ा मसला है। यदि राष्ट्रीय प्रतीकों का अपमान करने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो इससे अलगाववाद की संकीर्ण मानसिकता को विस्तार मिलेगा और जनता में गलत संदेश जाएगा। इसलिए इस्लाम या ईसाइयत के बहाने वंदेमातरम का विरोध करने वाले जो भी सांसद या विधायक हों, उन्हें बर्खास्त किया जाए। पूर्व सांसदों व विधायकों को मिलने वाले विशेषाधिकार व सुविधाओं से भी वंचित किया जाए।

बंकिम चंद्र चटर्जी के बांग्ला भाषा में लिखे उपन्यास आनंद मठ में उल्लेखित गीत को राष्ट्रगीत के रूप में स्वीकारा गया है। यह गीत कोई मामूली गीत नहीं है। भारत को उसकी व्यापक राष्ट्रीयता की पहचान और स्वाभिमान इसी गीत से प्राप्त हुए। नागरिक सभ्यता की विरासत, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानव सेवा के मूल्यों के उत्स इसी गीत के समवेत स्वर की उपज हैं। अंग्रेजों के विरुद्ध भिन्न जातीय और धर्म-समुदायों को संगठित करने के अभियान में इसी गीत की भूमिका बुलंद थी। तय है, वंदे मातरम् क्रांति के स्वरों में नींव का पत्थर था। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की रक्त धमनियों में विद्रोह की उग्र भावना इसी गीत की देन है। 1942 में महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन को देशव्यापी धरातल इसी गीत के बूते मिला था। और वह यही आंदोलन था, जिसमें गांधी ने करो या मरो का नारा दिया था। सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिन्द फौज के फौजियों ने भी इसी गीत को गाते हुए मातृभूमि की बलिवेदी पर प्राण न्यौछावर किए थे। 14 अगस्त 1947 की मध्य-रात्रि में जब देश आजाद हो रहा था, तब इस मंत्र गीत का गायन श्रीमती सुचेता कृपलानी ने किया और वहां उपस्थित लोग इस गीत के सम्मान में गीत खत्म न हो जाने तक खड़े रहे।

धर्म-आस्था

# घंटी की गूंज, शंख की ध्वनि और दीपक का प्रकाश–पूजा की चार परंपराओं का गहरा संदेश

घंटी, कलश, शंख और दीपक केवल पूजा की वस्तुएं नहीं, बल्कि भारतीय आस्था में पवित्रता, पूर्णता, शुभता और ज्ञान के प्रतीक माने गए हैं।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय पूजा-पद्धति केवल मंत्रों और पूजा सामग्री का संयोजन नहीं है। इसके पीछे प्रतीकों और परंपराओं की एक लंबी सांस्कृतिक यात्रा है। घर का छोटा-सा पूजा स्थल हो या किसी प्राचीन मंदिर का विशाल गर्भगृह, पूजा के समय घंटी, कलश, शंख और दीपक जैसी वस्तुएं सहज ही दिखाई देती हैं। हममें से अधिकांश लोग इनका उपयोग बचपन से देखते आए हैं, लेकिन इनके पीछे छिपे भाव और धार्मिक प्रतीक को समझने का अवसर कम ही मिलता है।

भारतीय परंपरा में पूजा केवल भगवान के सामने अपनी इच्छा रखने का माध्यम नहीं मानी गई, बल्कि स्वयं को भीतर से शांत, एकाग्र और सकारात्मक बनाने की प्रक्रिया भी मानी गई है। यही कारण है कि पूजा की प्रत्येक वस्तु को किसी न किसी भाव से जोड़ा गया है।

पूजा आरंभ करने से पहले मंदिर में घंटी बजाने की परंपरा सदियों पुरानी है। घंटी की ध्वनि को शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार घंटी बजाने से वातावरण में सकारात्मकता आती है और मन पूजा के प्रति एकाग्र होता है। मंदिर में प्रवेश करते ही घंटी बजाना जैसे यह संकेत देता है कि अब बाहरी दुनिया की चिंताओं को कुछ समय के लिए पीछे छोड़कर मन को आराधना की ओर लगाया जाए।

घंटी की ध्वनि का एक सांस्कृतिक पक्ष भी है। मंदिर की शांत वातावरण में गूंजती घंटी व्यक्ति का ध्यान तुरंत अपनी ओर खींचती है। कुछ क्षणों के लिए मन इधर-उधर की बातों से हटकर उस ध्वनि पर टिक जाता है। धार्मिक दृष्टि से इसे वातावरण की नकारात्मकता दूर करने और पवित्र भाव जगाने से जोड़ा गया है। अलग-अलग परंपराओं में घंटी के धार्मिक अर्थ और उसके उपयोग की विधि अलग हो सकती है, लेकिन इसका मूल भाव पूजा में एकाग्रता और शुभता से जुड़ा दिखाई देता है।

इसके बाद आता है कलश। भारतीय धार्मिक परंपरा में कलश को पूर्णता, समृद्धि और मंगल का प्रतीक माना गया है। सामान्यतः कलश में जल भरा जाता है और उसके ऊपर आम के पत्ते तथा नारियल रखा जाता है। किसी भी शुभ कार्य में कलश की स्थापना का विशेष महत्व होता है।

जल स्वयं जीवन का आधार है। इसलिए कलश में रखा जल जीवन, पवित्रता और शुद्धता का प्रतीक माना जाता है। ऊपर रखा नारियल शुभ फल का संकेत माना जाता है, जबकि आम के पत्तों को भी मंगलकारी माना गया है। गृह प्रवेश, विवाह, नवरात्रि, धार्मिक अनुष्ठान और अन्य शुभ अवसरों पर कलश स्थापना की परंपरा इसी भाव से जुड़ी है।

कलश हमें एक और सुंदर संदेश देता है–पूर्णता बाहर की वस्तुओं से नहीं, भीतर के संतुलन से आती है। जल से भरा कलश जैसे जीवन को खाली नहीं, बल्कि सार्थक और उपयोगी बनाने की प्रेरणा देता है।

पूजा में शंख का भी विशेष स्थान है। शंख का संबंध भगवान विष्णु से माना जाता है और इसे शुभता का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक अनुष्ठानों में शंख बजाने की परंपरा अनेक स्थानों पर प्रचलित है। शंख की ध्वनि को पवित्र वातावरण बनाने और पूजा के समय सकारात्मक भाव उत्पन्न करने से जोड़ा जाता है।

कई घरों में पूजा के बाद शंख में रखे जल का धार्मिक विधि के अनुसार उपयोग किया जाता है। हालांकि शंख से जुड़ी परंपराएं अलग-अलग क्षेत्रों और संप्रदायों में भिन्न हो सकती हैं। कहीं शंख पूजा का प्रमुख हिस्सा है तो कहीं इसका उपयोग विशेष अवसरों पर किया जाता है।

शंख की सबसे सुंदर बात शायद उसकी ध्वनि है। मंदिर में जब शंख बजता है तो वातावरण में एक अलग ही ऊर्जा का अनुभव होता है। यह ध्वनि जैसे मन को याद दिलाती है कि पूजा केवल एक कर्मकांड नहीं, बल्कि भीतर की चेतना को जगाने का अवसर भी है।

और फिर आता है दीपक–पूजा का सबसे सहज और सबसे सुंदर प्रतीक। एक छोटा-सा दीपक अंधकार के बीच प्रकाश पैदा करता है। धार्मिक परंपरा में दीपक की लौ को ज्ञान, प्रकाश, शुभता और चेतना का प्रतीक माना गया है। पूजा के समय घी या तेल का दीपक जलाने की परंपरा विभिन्न पूजा-पद्धतियों में प्रचलित है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6650 विशाल 6350 से 6425 डंकी चना 6000 से 6100मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7600 से 7800 महाराष्ट्र लाल 7900 से 8100 कर्नाटक 8000से 8200 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7000 से 7200 मूंग बेस्ट बोल्ड - 7400 से 7600 मीडियम बोल्ड 7300 से 7400 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9100 से 9200 उड़द गर्मी 8600 से 9000 ग्रेविटी क्लीन 9300 से 9700 हल्का उड़द 4000 से 6000काबुली डॉलर 7500 से 8900 काबुली रशियन 6200 से 6400 बिटकी 5890 से 6000सरसों निमाड़ी 8100 से 8200 रायडा 7100 से 7300 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 6700 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से 2700 लोकवन 2900 से3100 पूर्णा 2750 से 2800 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 2325 से 2350 चना दाल 7450 से 7550 मीडियम 7850 से 7950 बेस्ट 8050 से 8350 तुअर दाल 7000 से 7100 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 9600 से 9900 एक्स्ट्रा बेस्ट 10700 से 10800 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 8700 से 8800 बेस्ट 8900 से 9000 मूंग मोगर 10700 से10800 बेस्ट 10900 से 11000

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,52,800 रवा- 1,52,500 चांदी- टंच- 2,36,500 पाट- 2,35,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## हेल्थ केयर ट्रेड के विद्यार्थियों ने किया अस्पताल का भ्रमण

**शुजालपुर।** मां शारदा सांदीपनि विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत हेल्थ केयर ट्रेड के विद्यार्थियों का शासकीय सिविल अस्पताल में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अस्पताल की कार्यप्रणाली एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान डॉ. मनीष महेश्वरी ने विद्यार्थियों को अस्पताल की विभिन्न प्रक्रियाओं, मरीजों के उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। विद्यार्थियों ने अस्पताल की कार्यप्रणाली को समझने के साथ ही स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगार एवं व्यावसायिक संभावनाओं के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर व्यावसायिक प्रशिक्षक ऋ तु पटेल, ऋ चा शर्मा एवं विज्ञान शिक्षिका नीता शर्मा उपस्थित रहीं। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को हेल्थ केयर क्षेत्र की व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराना रहा। 402

## स्कूल के बाहर बिजली मीटर में लगी आग, टला बड़ा हादसा

**शाजापुर।** शहर में बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहां दोपहर करीब 2 बजे सहज पब्लिक स्कूल के बाहर लगे बिजली के मीटर में अचानक तेज चिंगारियों के साथ आग भड़क उठी, जिससे आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई। गनीमत यह रही कि इस घटना से स्कूल के अंदर मौजूद किसी भी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। कर्मचारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए सबसे पहले इलाके की बिजली सप्लाई बंद की और फिर आग पर काबू पा लिया। शुरुआती जांच में यह अंदेशा जताया जा रहा है कि बारिश का पानी मीटर के अंदर चले जाने के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ। फिलहाल टीम ने सुधार कार्य पूरा कर इलाके की बिजली सप्लाई फिर से चालू कर दी है। 04

## यूसीसी को लेकर मुस्लिम समाज ने किया विरोध

**आगर मालवा।** आगर-मालवा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक, 2026 को लेकर मुस्लिम समाज ने विरोध जताया है। बुधवार को समाज की महिलाओं, युवतियों और प्रबुद्धजनों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें प्रस्तावित विधेयक पर पुनर्विचार की मांग की गई। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि विधेयक के कुछ प्रावधान धार्मिक स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों को प्रभावित कर सकते हैं। ज्ञापन में कहा गया कि भारत की पहचान विविधता और सांस्कृतिक परंपराओं से है। संविधान नागरिकों को धर्म का पालन करने और धार्मिक व सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित विधेयक में अनुसूचित जनजाति आबादी को छूट देने और कुछ धार्मिक समुदायों से जुड़े प्रावधानों में अंतर रखने से समानता के सिद्धांत पर सवाल उठते हैं।

### मृतक का भाई बोला- युवक शादी की बात पर झगड़ता रहा

# पति की मौत के बाद उसके ही दोस्त संग लिव-इन में रही पत्नी ने लगाई फांसी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास के शिव शक्ति नगर में एक महिला ने मंगलवार देर रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला पिछले दो साल से एक युवक के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी।

मृतका की पहचान 31 वर्षीय प्रियंका चौहान के रूप में हुई है। उनके भाई मयंक चौहान ने आरोप लगाया कि प्रियंका करीब दो साल से पंकज अहिरवार नामक युवक के साथ लिव-इन में रह रही थी।

मयंक चौहान के अनुसार, प्रियंका पंकज से शादी करना चाहती थी, लेकिन पंकज इसके लिए तैयार नहीं था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था।

मयंक ने बताया कि मंगलवार रात उनकी पंकज से फोन पर बात हुई थी। उन्होंने पंकज से प्रियंका से बात कराने को कहा। कुछ देर बाद पंकज ने फोन कर बताया कि प्रियंका ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया है। दरवाजा तोड़ने पर प्रियंका पंखे से चुन्नी के



फंदे से लटकी मिली।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। बुधवार सुबह पुलिस ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मयंक के मुताबिक, प्रियंका के पति की करीब चार साल पहले मौत हो गई थी। इसके बाद प्रियंका की दोस्ती पंकज अहिरवार से हुई, जो उनके पति का दोस्त था। दोस्ती बढ़ने के बाद दोनों साथ रहने लगे।

परिजनों का आरोप है कि लिव-इन के दौरान दोनों के बीच कई बार विवाद हुए। प्रियंका शादी के लिए दबाव डालती थी, लेकिन पंकज कथित तौर पर तैयार नहीं था। प्रियंका की सात साल की एक बेटी भी है, जो फिलहाल अपने मामा मयंक चौहान के साथ रहती है। परिजनों ने मामले की जांच कर प्रियंका को आत्महत्या के लिए उकसाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**तथ्यों के आधार पर जांच कार्रवाई करेंगे**

सिविल लाइन थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि महिला ने खुदकुशी की है। पीएम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। परिजन जो आरोप लगा रहे हैं, तथ्यों और बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भिक्षा मांगने के लिए घर से निकले भाई-बहन लापता, पुलिस तलाश में जुटी



**शुजालपुर।** शहर की कृष्णा नगर कॉलोनी से 8 वर्षीय बालिका और 4 वर्षीय बालक के लापता होने का मामला सामने आया है। दोनों के पिता लालसिंह राजपूत की शिकायत पर पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 8 अगस्त की सुबह करीब 8 बजे लालसिंह भिक्षा मांगने ग्राम राघोखेड़ी गया था। दोपहर करीब 4 बजे वापस लौटने पर बेटी सोनम 8 वर्ष और बेटा कृष्णपाल 4 वर्ष घर पर नहीं मिले। बड़े बेटे ईश्वर से पूछने पर पता चला कि दोनों भिक्षा मांगने के लिए रेलवे स्टेशन की ओर गए थे। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, शुजालपुर मंडी, शुजालपुर सिटी सहित रिश्तेदारी और अन्य स्थानों पर तलाश की, लेकिन दोनों का पता नहीं चला। पिता ने आशंका जताई कि कोई अज्ञात व्यक्ति दोनों नाबालिगों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस परिजनों से जानकारी जुटाने के साथ दोनों की तलाश में जुटी है। इनकी तलाश में पुलिस ने एक दल भी विभिन्न स्थान के लिए रवाना किया है। पुलिस ने आमजन से दोनों बच्चों के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी शुजालपुर मंडी 9826084102, बीट प्रभारी 9575555522 अथवा थाना शुजालपुर मंडी 7587636208 पर सूचना देने की अपील की गई है।

## बीएससी प्रथम वर्ष में एटीकेटी के विरोध में अभाविप का ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी

**शुजालपुर।** शासकीय जेएनएस महाविद्यालय में बीएससी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को बड़ी संख्या में एटीकेटी मिलने के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप महाविद्यालय इकाई ने कुलपति विक्रम विश्वविद्यालय के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। परिषद ने परीक्षा परिणामों की निष्पक्ष जांच कर विद्यार्थियों को शीघ्र राहत दिलाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि महाविद्यालय के विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणामों में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को एटीकेटी मिली है। विशेष रूप से बीएससी प्रथम वर्ष के परिणाम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अनुत्तीर्ण होने से विद्यार्थियों में असंतोष और चिंता का माहौल है। महाविद्यालय अध्यक्ष चेतना वैष्णव ने कहा कि परीक्षा परिणामों की निष्पक्ष जांच कर विद्यार्थियों को शीघ्र न्याय दिलाया जाना चाहिए। विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े इस मामले में केवल आश्वासन पर्याप्त नहीं हैए बल्कि समस्या का ठोस एवं शीघ्र समाधान आवश्यक है। अभाविप ने चेतावनी दी कि यदि विद्यार्थियों की समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो परिषद चरणबद्ध आंदोलन करेगी। परिषद ने कहा कि छात्रहित से जुड़े इस मामले में आंदोलन के अगले चरण की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

### एक राखी देश के जवानों के नाम

## सांदीपनि विद्यालय की छात्राओं ने सीमा पर तैनात सैनिकों को भेजी स्वनिर्मित राखियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



रक्षाबंधन का पवित्र पर्व हम सभी हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं, लेकिन हमारे देश के वीर जवान हमारी सुरक्षा के लिए दिन-रात सीमाओं पर डटे रहते हैं। कई बार वे इन त्योहारों पर अपने घर भी नहीं आ पाते। ऐसे में, सरहद पर तैनात इन जवानों की कलाइयां सूनी न रहें, इसके लिए भारतीय डाक विभाग द्वारा 'एक राखी देश के जवानों के नाम' नामक एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस पुनीत अभियान से जुड़ते हुए शाजापुर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने सीमा पर तैनात अपने फौजी भाइयों के लिए खास राखियां भेजी हैं। संस्था की प्राचार्य सविता सोनी के मार्गदर्शन में विद्यालय की छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ अपने हाथों से आकर्षक राखियां बनाईं। छात्राओं ने केवल राखियां ही नहीं बनाईं, बल्कि एक छोटी सी हस्तलिखित चिट्ठी में अपने वीर जवानों के लिए भावपूर्ण संदेश भी लिखे। इन संदेशों में बहनों का वह असीम प्यार समाहित है, जो जवानों को यह अहसास कराएगा कि भले ही वे अपने परिवार से दूर हैं, लेकिन वे अकेले नहीं हैं।

इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के गतिविधि प्रभारी गोविंद सोनी एवं पदमा नामदेव ने विशेष भूमिका निभाई। इसके साथ ही, संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी-अपनी कक्षाओं में छात्राओं को राखियां बनाने और संदेश लिखने के लिए प्रेरित कर अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

**डाक विभाग ने किया राखियों का संग्रह**

विद्यालय में तैयार की गई इन राखियों और संदेशों को सीमा तक पहुँचाने के लिए डाक विभाग के प्रतिनिधि हरिनारायण नागर ने विद्यालय पहुंचकर इन्हें ससम्मान एकत्रित किया। यह प्रयास इस बात का प्रतीक है कि भले ही हम देश की सीमाओं पर नहीं हैं, लेकिन देशवासियों का प्यार और सम्मान हमारे सैनिकों के साथ हमेशा बना हुआ है।

### 642 जरूरतमंद छात्राओं की शिक्षा में मदद की

## समाजसेवी डॉ. मिश्रा ने कन्या विद्यालय में भेंट किया वाटर कूलर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. सीवी मिश्रा ने समाजसेवा की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तलेन में एक्वागार्ड युक्त 23वां वाटर कूलर भेंट किया। भीषण गर्मी के बीच छात्राओं को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई इस पहल की विद्यालय परिवार एवं स्थानीय नागरिकों ने सराहना की। डॉ. मिश्रा पिछले 25 वर्षों से प्रतिवर्ष एक शासकीय विद्यालय में एक्वागार्ड युक्त वाटर कूलर भेंट करते आ रहे हैं। इस सेवा कार्य के माध्यम से वे विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में योगदान दे रहे हैं।

जल सेवा के साथ ही डॉ. मिश्रा पिछले 30 वर्षों से निर्धन एवं जरूरतमंद बालिकाओं की शिक्षा में भी सहयोग कर रहे हैं। वे प्रतिवर्ष जरूरतमंद छात्राओं की स्कूल फीस जमा करवाते हैं। इस वर्ष उन्होंने 25 छात्राओं की वार्षिक फीस का भुगतान किया। इस अभियान से अब तक कुल 642 छात्राएं लाभान्वित हो चुकी हैं।

**दोनों सेवा कार्यों पर 1.20 लाख रुपए खर्च**

इस वर्ष वाटर कूलर की स्थापना और छात्राओं की फीस जमा करने सहित दोनों सेवा प्रकल्पों पर करीब 1.20 लाख रुपए खर्च किए गए। डॉ. मिश्रा ने कहा कि समाज में जब भी और जहां भी आवश्यकता हो, प्रत्येक नागरिक को अपनी क्षमता के अनुसार सेवा और सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। विद्यालय परिवार एवं स्थानीय नागरिकों ने डॉ. मिश्रा के सेवा कार्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी हैं।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की जयंती मनाई

## अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर दी श्रद्धांजलि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कानड़



कानड़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और शासकीय अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए।

यह कार्यक्रम कानड़ के पुराने बस स्टैंड स्थित संत शिरोमणि रविदास साहेब मंदिर चौराहा पर आयोजित किया गया। इसका आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में हुआ। कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके

## पोलायकलां मंडी में प्याज 4000 प्रति क्विंटल बिकी,19 हजार कट्टे की आवक

### लहसुन के भाव भी बढ़े

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

अकोदिया की पोलायकलां मंडी में पिछले आठ दिनों से प्याज के भाव में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। बुधवार को मंडी में प्याज की भारी आवक के बीच एक्स्ट्रा सुपर प्याज 3,800 से 4,000 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका।

बुधवार को मंडी में सुपर प्याज 3,500 से 3,800 रुपए, एवरेज माल 3,200 से 3,500 रुपए, गोल्टा 2,500 से 3,100 रुपए और गोलटी 2,000 से 2,300 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खादू प्याज के दाम 400 से 1,500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

बुधवार को मंडी में कुल 19 हजार 200 कट्टे प्याज आया।



अच्छे दाम मिलने से किसान बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर पहुंचे, जिससे मंगलवार शाम से ही गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। सुबह से शाम तक नीलामी का काम चलता रहा।

मंडी में लहसुन के भाव भी मजबूत रहे और कुल 2 हजार 100 कट्टे लहसुन आया। एक्स्ट्रा सुपर लहसुन 16 हजार से 17 हजार रुपए, सुपर 13 हजार से 14 हजार रुपए, मीडियम 10 हजार से 12 हजार रुपए, गोल्ट 8 हजार से 9 हजार रुपए और गोल्डी 6,500 से 7,000 रुपए प्रति क्विंटल बिका। लहसुन छंटान के भाव 2 हजार से 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**भाव और बढ़ने की उम्मीद**

मंडी प्रभारी जीतमल मेवाड़ा ने बताया कि प्याज के दाम बढ़ने से किसानों में खुशी है। आने वाले दिनों में प्याज के भाव और बढ़ने की उम्मीद है।


## जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भी पक्षकार मनीष कुमार सिंह पिता नरेन्द्र बहादुर सिंह निवासी 38 एम.आय जी, इंदिरानगर अगर रोड़ उज्जैन ने प्रदीप श्रीवास्तव पिता देवीलाल श्रीवास्तव एवं श्रीमती अंजली श्रीवास्तव के स्वामित्व का एक मकान जिसका नम्बर 390 एल. आय.जी. इंदिरा नगर, आगर रोड, उज्जैन में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 74-10 वर्ग मीटर है, जिसकी लम्बाई उत्तर-दक्षिण-चौडाई बतरफ पूर्व एवं पश्चिम दोनों ओर 13.00 मीटर है। चौड़ाई-पूर्व-पश्चिम लम्बाई बतरफ, उत्तर-दक्षिण दोनों ओर 5.70 मीटर है। जिसके पूर्व से भवन का शेष भाग जो कि भेरुसिंह जी को विक्रय कर दिया गया है। पश्चिम में रास्ता उत्तर में भवन क्रमांक 391 एवं दक्षिण में रास्ता कालोनी का, जिसको क्रय करने का इकरार किया होकर बयाना राशि भी अदा कर दी है अब शेष राशि अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन कराना शेष है। अतः इस बाबद किसी भी संस्था, पेढ़ी, निगम, बैंक आदि का कोई भार या आपत्ति आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय प्रमाण मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भवन का पंजीयन करा लेंवेगे फिर कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सूचित हो, इति दिनांक 20/08/2026

**श्याम वर्मा एडवोकेट**
**16, मैत्री निकुंज मक्सी रोड, उज्जैन**
**मो. 88715 60715**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1 कैलाश धाकड़ पिता श्री कुंवरजी धाकड़, निवासी ग्राम नवादा, तहसील उन्हेल जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 186/1/4/2 रकबा 0.10 हेक्टेअर, स्थित ग्राम नवादा तहसील उन्हेल जिला उज्जैन एवं 2 मनोज धाकड़ पिता श्री कैलाश धाकड़, निवासी- ग्राम नवादा, तहसील उन्हेल जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 186/1/4/1 रकबा 0.10 हेक्टेअर, व सर्वे नम्बर 186/1/3 रकबा 0.80 हेक्टेअर कुल किता 2 रकबा 0.90 हेक्टेअर इस प्रकार कुल 1.00 हेक्टेअर अर्थात 5 बीघा स्थित ग्राम नवादा तहसील उन्हेल जिला उज्जैन में स्थित है को क्रय करने का सौदा किया है और इसके सम्बन्ध में बयाना राशि प्राप्त कर अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया है। उक्त अनुबंध के पालन में मेरे पक्षकार उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भूमि में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किस प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 5 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी। दिनांक 20/08/2026

**अखिलेश बाफना, एडवोकेट**
**कार्यालय-111, प्रथम तल, हर्षदीप टॉवर, नानाखेडा पेट्रोल पम्प के पास, उज्जैन मो.न. 9826266570**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भगवानसिंह पिता श्री भेरूलालजी निवासी-व कृषक ग्राम पिपल्याराघो तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके भूमि स्वामी स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-313/1 (एस) रकबा 0.2800 हेक्टर लगानी बरूएट की स्थित ग्राम पिपल्याराघौ तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का सोदा किया होकर टोकन बयाना राशि अदा कर दी हैं अब शेष बयाना राशि अदा कर अनुबंध-पत्र एवम विक्रय-पत्र सम्पादन व पंजीयन करनावा शेष हैं यदि उक्त भूमि को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन कोई अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का कय अनुबंध हो अथवा किंसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिनो में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धन-कारक नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक-20-08-2026, स्थान-उज्जैन,

**अमितेष जैन एडवोकेट**
**बी-4, भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. नं.-9827015929 मो. नं.-9098085783**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामीगण 1. मोहम्मद हनीफ पिता मरहूम अब्दुल हफीज निवासी 11/2 महाकाल मार्ग गली नंबर 05 उज्जैन 2. शमशाद बी पुत्री मरहूम अब्दुल हफीज पति हमीद खान निवासी पुराना पत्ति बाजार हुसैनी होटल देवास 3. शबाना बी पुत्री मरहूम अब्दुल हफीज पति हसिर खां निवासी 28, मेन रोड़ सदर बाजार इन्दौर के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का आवासीय मकान म्यु. पुराना नंबर 2/1558 व पश्चात का नंबर 11 एवं वर्तमान नगर पालिक निगम क्रमांक 11/2 कोट मोहल्ला महाकाल मार्ग गली नंबर 5 उज्जैन में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 315.56 वर्ग फीट है, उक्त मकान दो मंजिला पुराना गार्डर फर्शी का निर्मित है, जिसके पूर्व दिशा में मकान अन्य का मिला है, पश्चिम दिशा में सरकारी गली, उत्तर दिशा में- मकान वहिद भाई व गबु भाई के मिले तथा दक्षिण दिशा में- कुकु भाई का मकान मिला है। उक्त संपूर्ण मकान को मेरे पक्षकार अकरम खान पिता मरहूम नवाब निवासी 2 महाकाल मार्ग गली नं. 5 उज्जैन ने मय तल भूमि से लेकर निर्मित दो मंजिले मकान को हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा दिनांक 30-05-2026 को अनुबंध-पत्र के जर्ये तय करके मकान के सौदे की बयाना राशि भी भवन स्वामीगण को अदा दी तथा अब अनुबंधित मकान के शेष विक्रय मूल्य की राशि अदा करके उक्त मकान के विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन कराना बाकी है, यदि उक्त मकान पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, सोसायटी, निगम, निकाय, वित्तिय संस्था आदि का कोई भी बकाया ऋणभार, जमानत, विवाद, मेंटेनेंस, भार, कुर्की, हक, हिस्सा, स्वत्व, हित, अधिकार, न्यायालयीन स्थगन आदि हो अथवा उक्त मकान के विक्रय के सौदे में किसी भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदी को भी कोई वैधानिक आपत्ति हो या कोई पारिवारिक या न्यायालयीन विवाद/स्थगन/जमानत आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन होने से 7 दिन की अवधि में लिखित सप्रमाण आपत्ति मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें एवं भवन स्वामी को भी आपत्ति की सूचना देवें, अन्यथा इस जाहिर सूचना की अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक व मान्य नहीं होगी एवं उक्त अनुबंधित मकान के विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन इस जाहिर सूचना के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उनके हित में या उनके निर्देशित व्यक्ति के हित में करा लिया जावेगा। सूचित हो। दिनांक 21-08-2026

**अजय सोनी एडवोकेट**
**कार्यालय 7, महाकाल रोड़ गली नं. 10 उज्जैन**
**मोबा. 9826929549**

In The Court Of VII Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain Presiding Officer:

**श्री राघवेन्द्र पटेल**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक** (MJC. SUC/0000028/2026)

**महंत दीपकनाथ गुरु उत्तमनाथ------ आवेदक**
**Vs**
**सर्वसाधारण--------अनावेदक**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 08/10/2026**

**प्रेषिती**
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महंत दीपकनाथ गुरु उत्तम नाथ, आयु-50 वर्ष, व्यवसाय-महंत गिरि, निवासी-भिडभंजन महादेव छापराजपुर जिला राजकोट गुजरात 360370, हालमुकाम भर्तृहरि गुफा, गढकालिका उज्जैन की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन आवेदक स्वर्गीय महंत योगी उत्तम नाथजी गुरु पीर गंगा नाथ योगी के शिष्य है उसके अतिरिक्त स्व. महंत योगी उत्तम नाथजी गुरु का अन्य कोई वारिस नहीं है, आवेदक के गुरु का स्वर्गवास दिनांक 16/01/2025 को हो चुका है आवेदक के गुरु का बचत खाता क्रं. 10098604006 एफडीआर नम्बर 31673462186 रुपये 23789/- मय ब्याज एवं 200698 मय ब्याज कुल राशि 224787 मय ब्याज का अनावेदक क्रं.2 एस बी आई शाखा, पता शाखा 143 अब्दालपुरा नयापुरा उज्जैन में जमा है, आवेदक पता ने उसके गुरु मृतक महंत योगी उत्तम नाथजी गुरु पीर गंगा नाथ, निवासी- उज्जैन की अनावेदक क्रं.2 की बैंक में जमा उपरोक्त राशि मय ब्याज/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 08 अक्टूबर 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 08 अक्टूबर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। यह ओज तारीख 13 अगस्त 2026।

**(राघवेन्द्र पटेल)**
**सप्तम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार कि फर्म जिसका नाम निधि गृह उघोग स्पाइसेस एण्ड फूड प्रोडूसर कम्पनी लिमिटेड पता ग्राम अमला तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. के द्वारा संचालक श्री अशोककुमार जैन पिता राजमल जी जाति जैन निवासी 4, अब्बास तैयब अली बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा बैंक आफ़ इण्डिया शाखा मौलाना तहसील बडनगर जिला उज्जैन म. प्र. में ऋण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसमें मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम अमला में स्थित कृषि आराजी सर्वे नम्बर जो बन्दोबस्त के पूर्व नम्बर 560/2 रकबा 1.00 हेक्टर व बन्दोबस्त के पश्चात नवीन नम्बर 349/2 में से रकबा 0.70 हेक्टर आराजी को बैंक हित में बन्धक रख कर ऋण लेना चाहते हैं।

उक्त सर्वे नम्बर का 30 वर्षीय स्वत्व इस प्रकार है कि, ग्राम मौलना तहसील बडनगर जिला उज्जैन म. प्र. में स्थित आराजी सर्वे नम्बर 560 रकबा 2.48 हेक्टर के स्वामी रणछोड पिता हेमा जी जाति माली निवासी ग्राम अमला वाले स्वामीर हे थे। रणछोडलाल जी के स्वर्गवास के पश्चात उनके पुत्र रामेश्वर पिता रणछोड़लाल जाति माली निवासी अमला द्वारा आराजी सर्वे नम्बर 560 रकबा 2.48 हेक्टर में से रकबा 1.00 हेक्टर आराजी का विक्रय पत्र क्रेतागण आबिद हुसेन पिता सिराज अली व कनिजाबाई पति सिराज अली जाति बोहरा निवासीगण सुभाष पथ बड़नगर वाले के हित में दिनांक 08/06/2011 को विधिवत विक्रय कर उप पंजीयक कार्यालय बड़नगर में पंजीबद्ध कराया गया है। जिसका दस्तावेज क्रमांक 1 ए/955 व ग्रन्थ क्रमांक 2988 पर दर्ज है।

यह कि, क्रेता 1. आबिद हुसेन पिता सिराज अली 2. कनिजाबाई पति सिराज अली जाति बोहरा निवासीगण सुभाषपंथ बडनगर 3. जकीरउद्दीन पिता अब्बुल रसुल 4. नजमुद्दीन पिता अब्बुल रसुल निवासीगण महात्मा गांधी मार्ग बडनगर द्वारा आराजी सर्वे नम्बर 560/2 रकबा 1.00 हेक्टर आराजी को मेरे पक्षकारगण 1. नरेन्द्रकुमार जैन पिता राजमल जैन 2. अशोक कुमार जैन पिता राजमल जैन 3. ललित कुमार जैन पिता राजमल जैन जाति जैन निवासीगण अब्बास तै यर गली नम्बर 03 बड़नगर वालों के हित में दिनांक 27/10/2017 को विक्रय कर दिया गया है।

यह कि ग्राम अमला में बन्दोबस्त हो जाने के कारण आराजी सर्वे नम्बर 560/2 आराजी का नवीन नम्बर 349/2 बनाया है। उसके पश्चात मेरे पक्षकारगण द्वारा आराजी सर्वे नम्बर 349/2 रकबा 0.70 हेक्टर पर व्यवसायिक प्रयोजन के उदेश्य से भूमि परिवर्तन भी करावा लिया गया है।

उक्त आराजी सर्वे नम्बर 560/2 रकबा 1.00 हेक्टर आराजी पर किसी भी व्यक्ति या सस्था को कोई आपत्ति हो तो वे सूचना प्रकाशित होने के 08 दिन के भीतर स्वयं या अपने अभिभाषक के साथ मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर मेरे कार्यालय पर सर्वे नम्बर 560/2 रकबा 1.00 हेक्टर के सम्बन्ध में अपनी लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे।

यह कि, यह कि ग्राम अमला में बन्दोबस्त हो जाने के कारण आराजी सर्वे नम्बर 560/2 आराजी का नवीन नम्बर 349/2 बनाया है। जिसको बैंक ऑफ इण्डिया शाखा मौलाना तहसील बड़नगर द्वारा मेरे पक्षकार निधि गृह उद्योग स्पाइसेस एण्ड फूड प्रोडूसर कम्पनी लिमिटेड के द्वारा संचालक श्री अशोककुमार जैन पिता राजमल जी जाति जैन निवासी 4, अब्बास ते यब गली बडनगर जिला उज्जैन म. प्र. वाले को ऋण प्रदान कर दिया जाएगा। जिसके बाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

दिनांक :-19/08/2026

**डी.डी. राठी एडव्होकेट खाचरोद/नागदा**
**कार्यालय 57, बुद्ध मार्ग खाचरोद , जिला उज्जैन**
**मोबाईल नम्बर 9826618187, 9977130304**

## छात्र के पेट से आर-पार हुई 7 फीट की लाठी

**कानपुर।** कानपुर में हाईस्कूल के एक छात्र के पेट में घुसी 7 फीट की लाठी को ऑपरेशन करके निकाला गया। डॉक्टरों की टीम ने सर्जरी के दौरान पहले ग्राइंडर से लाठी के टुकड़े किए। उसके बाद करीब साढ़े चार घंटे चले ऑपरेशन के दौरान लाठी को 1-1 इंच करके बाहर निकाला। कन्नौज का रहने वाला छात्र गिल्ली-डंडा खेलते समय कॉलेज की बाउंड्री से गिर गया था। वहीं नीचे एक लाठी खड़ी करके रखी हुई थी, जो छात्र के पेट के आर-पार हो गई। घटना 31 जुलाई की है। ऑपरेशन के बाद 19 अगस्त को छात्र को डिस्चार्ज किया गया। मरीज के शरीर से बाहर दिख रहे लाठी के हिस्से को ग्राइंडर से काटा। इसके बाद लाठी को 1-1 इंच करके धीरे-धीरे बाहर निकाला गया। लाठी जैसे-जैसे बाहर निकलती गई, अंदर डैमेज हुए अंगों को साथ के साथ रिपेयर किया जाता रहा। कन्नौज के तालग्राम के निकवां गांव के रहने वाले शिवपाल यादव ट्रक ड्राइवर हैं। परिवार में पत्नी विनीता यादव और तीन बच्चे हैं। उनमें सबसे बड़ा विशाल (19), उसके बाद आकाश (12) और सबसे छोटी बेटी अनामिका (6) है। विशाल हाईस्कूल का छात्र है। अनिकेत के मुताबिक, गांव के लोगों की सूचना पर वह तुरंत विशाल को सरकारी तालग्राम अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने इलाज से मना कर दिया। इसके बाद वह मेडिकल कॉलेज तिर्वा ले गए। वहां से कानपुर के हैलेट रेफर किया गया।

## कुल्हाड़ी से सिर पर हमला कर पिता की हत्या की

**जयपुर।** जयपुर में बेटे ने कुल्हाड़ी से सिर पर हमला कर पिता की हत्या कर दी। मर्डर के बाद एक दिन तक शव को घर में ही रखा। दूसरे दिन गांव ले जाने के लिए टैक्सी वाले को बुलाया। ड्राइवर को बदबू आई तो उसने शक होने पर पुलिस को कॉल किया। युवक शव को पास ही खाली प्लॉट में फेंकने की कोशिश कर रहा था, उससे पहले पुलिस ने पकड़ लिया। मामला सांगानेर सदर इलाके का गुरुवार सुबह 7 बजे का है। एसीपी (चाकसू) भवानी सिंह ने बताया- टोडारायसिंह टोंक निवासी जगदीश (75) की उसके छोटे बेटे सवाई राम जाट (45) ने हत्या की है। जगदीश सांगानेर सदर के गोविंदपुरा में पत्नी और बेटे के साथ रहता था। डीसीपी (साउथ) राजर्षिराज वर्मा ने बताया- आरोपी सवाई राम जाट को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही मौके पर मौजूद उसकी मां सजनी को भी हिरासत में लिया है। प्राथमिक पूछताछ में युवक ने पारिवारिक विवाद से परेशान होकर पिता की हत्या करना कबूल किया है। आरोपी का कहना है कि पिता शराब पीने के बाद आए दिन झगड़ा करते थे। 18 अगस्त की रात को भी पिता से झगड़ा हुआ। कहासुनी के बाद गुस्से में पिता की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी।

## चीनी सस्ती हो सकती है, आयात टैक्स फ्री हुआ

**नई दिल्ली।** आने वाले दिनों में चीनी सस्ती हो सकती है। केंद्र सरकार ने इसके आयात को टैक्स फ्री कर दिया है। चीनी के लगातार बढ़ते दामों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने ये फैसला लिया है। ये छूट 31 अक्टूबर तक रहेगी। अभी चीनी रिटेल में 55 प्रति किलो के करीब बिक रही है। सरकार के आदेश के मुताबिक, चीनी की इस खेप का आयात आज से लेकर 31 अक्टूबर 2026 तक पूरा करना होगा। मांग में बढ़ोतरी भारत दुनिया में चीनी का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। अक्टूबर के दौरान देश में दिवाली और दुर्गा पूजा जैसे बड़े त्योहार आते हैं।

## 15 हजार की कमाई वाले को 975 करोड़ का इनकम नोटिस

**अजमेर।** अजमेर जिले के गोविंदगढ़ में टेलरिंग का काम करने वाले बुजुर्ग को आयकर विभाग से 975 करोड़ का नोटिस मिला है। गोविंदगढ़ निवासी रेखराज ढाड़ा (62) महीने के 15 हजार रुपए कमाते हैं। ऐसे में 13 अगस्त 2026 को सूरत (गुजरात) से आया आयकर विभाग का नोटिस उनके लिए चौंकाने वाला था। नोटिस के मुताबिक, रेखराज सूरत की रूप रजत डायमंड्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर हैं। उन पर 974 करोड़ 97 लाख 25 हजार 457 रुपए की टैक्स रिकवरी निकाली गई है। रेखराज का कहना है कि उन्होंने न कोई कंपनी चलाई और न ही कभी गुजरात गए। मामले की जानकारी मिलने पर परिजन ने एक परिचित सीए की मदद से रिकॉर्ड की पड़ताल कराई। रेखराज के अनुसार, इसमें सूरत की एक दूसरी कंपनी जय बाबेरी डायम प्राइवेट लिमिटेड में भी उनका नाम डायरेक्टर के तौर पर सामने आया। रेखराज ने बताया कि वह टेलर हैं और कभी गुजरात नहीं गए। नोटिस मिलने के बाद परिवार तनाव में है। रेखराज, उनके दो बेटे और एक भाई मामले की जांच के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं।

## शिक्षा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर के घर मिले 25 लाख

**पटना।** पटना में बिहार ओपन स्कूलिंग एंड एग्जामिनेशन बोर्ड के डिप्टी डायरेक्टर अजय कुमार सिंह के घर आर्थिक अपराध इकाई ने रेड की है। पटना वाले घर से 10.38 लाख कैश मिले हैं। बेगूसराय वाले घर से भी 15.50 लाख जब्त किए गए हैं। दोनों शहरों में 10 करोड़ की आलीशान कोठियां भी मिली हैं। बताया जा रहा है कि बेगूसराय वाली कोठी उन्होंने नौकरी लगने के बाद बनवाई है। आय से 90 प्रतिशत ज्यादा 3.43 करोड़ प्रॉपर्टी बनाने के मामले में उनके पटना और बेगूसराय स्थित तीन ठिकानों पर एक साथ तलाशी ली गई। ईओयू की 15 सदस्यीय टीम गुरुवार सुबह 8 30 खाजपुरा के आकाशवाणी रोड स्थित चंद्रतारा भवन पहुंची और छानबीन में जुटी है। पटना में घर से करीब साढ़े दस लाख कैश के साथ ही 41.81 लाख की ज्वेलरी, अलंकार ज्वेलर्स का 10 लाख का बिल, नोएडा सेक्टर 142 में फ्लैट (60 लाख से ज्यादा पेमेंट कर चुके हैं), 8 बैंक खाते जिसमें 18.50 लाख जमा है, 5 बीमा पॉलिसी, स्कॉर्पियो, स्कूटी, म्यूचुअल फंड के कागजात मिले है। इसके अलावा जी+2 का आलीशान मकान मिला है, जिसके साज-सज्जा पर काफी रकम व्यय की गई है।

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लिमिटेड शाखा 201 गोपाल प्लाजा फेडरल बैंक के ऊपर फ्रींगज उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड जो भूमि सर्वे क्रमांक 533/30/मिन का भाग ग्राम घोंसला प.ह.न. 110 तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 41.76 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- 03 फीट पानी निकासी गली, पश्चिम में- 12 फीट आम रास्ता, उत्तर में- भवन जब्बार कुरैशी, दक्षिण में- भवन अजीज शाह का स्थित है। उक्त संपत्ति रईस खान मेवाती पिता गफ्फूर खान ने इसके पूर्वस्वामी मुमताज बाई मेवाती पति सत्तार खान से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 43162017ए1035786 दिनांक 27/01/2017 के माध्यम से क्रय कि। एवं रईस खान मेवाती ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबंध श्याम सिंह पिता नारायण सिंह से किया है। तथा श्याम सिंह ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार पूर्व का मूल विक्रय पत्र क्रमांक एमपी43162017ए1035786 दिनांक 27/01/2017 का कहीं गुम हो गया है। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पेढ़ी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त मूल विक्रय पत्र कहीं जमा हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार मेरे पक्षकार मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी की प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 20/08/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता मूल भूमि स्वामी मुकेश पिता मांगीलाल जी, सुमित्राबाई पति स्व. कन्हैयालाल जी जाति कुम्हारी निवासी ग्राम ढाबला हर्दु तहसील माकड़ोन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 479 रकबा 0.24 आरे व सर्वे क्रमांक 480 रकबा 0.05 आरे सर्वे नंबर 485 रकबा 0.14 आरे कुल किता 03 कुल विक्रीत रकबा 0.43 आरे लगानी स्थित ढाबला हर्दु तहसील माकडोन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र व पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो।

दिनांक- 20-08-2026

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय के सामने बस स्टेंड आफिस नंबर 07 घटिया जिला उज्जैन मो. 8719997462**

## न्यायालय अपर कलेक्टर-3 जिला उज्जैन ( म.प्र. )

**( पीठासीन अधिकारी श्री शाश्वत शर्मा )**

**प्रकरण क्रमांक-0038/ निगरानी 2025/26**

### अपील सूचना समन आदेश नियम 1 और सी.पी.सी.

**रईसा बी पति बदरूल हसन आदि 07, निवासीगण चम्बल मार्ग गली नं.2, म.नं. 514. तहसील नागदा, जिला उज्जैन .........आवेदकगण**

**विरूद्ध**

**मनाजीरूल हसन पिता हुजुरुलहसन आदि 08. निवासीगण-कस्बा महिदपुर, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन .........अनावेदकगण**

आप अनावेदकगणों के विरूद्ध आवेदकगणों के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महिदपुर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0016 / अपील/2023-24 में पारित आदेश दिनांक 18.03.2025 के विरूद्ध न्यायालय अपर कलेक्टर-3 उज्जैन में निगरानी आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण क्रमांक-0138/ निगरानी/2025-26 है। उक्त आवेदन की सुनवाई हेतु दिनांक 11.09.2026 नियत की गई है। इसलिए आप अनावेदक क्र.2 इशरतनसीम पति हवीरुलहसन, क्र.3 मरियम जैदी पिता दवीरुलहसन परवेजु हसन मृत वारिसान, क्र.4 नजमा जैदी पति परवेजुल हसन, क्र.5 सुफिया जैदी पिता परवेजुल हसन, क्र.6 सबा जैदी पिता परवेजुल हसन, क्र.7 अबरूल हसन पिता हुजुलल हसन, क्र.9 सोहेल पिता हुजुलल हसन, निवासीगण कस्बा महिदपुर, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन उक्त निगरानी आवेदन के संबंध में सभी प्रश्नों का उत्तर देने के लिये, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो, मय दस्तावेजों के उक्त नियत दिनांक 11.09.2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपका पक्ष प्रस्तुत करें। अनावेदकगणों की अनुपस्थिति में आवेदन की सुनवाई का निपटारा नियमानुसार किया जावेगा। किसी कारण से उक्त दिनांक को अवकाश होने की दशा में प्रकरण आगामी कार्य दिवस में लिया जावेगा। सूचित हो।

**अपर कलेक्टर**
**जिला उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने राजेश पिता मोहनलाल सांखला, निवासी-8, चौसठ योगिनी मार्ग, उर्दूपुरा उज्जैन से राशि रूपये 20,00,000/- दिनांक 29.09.24 को घरेलू आवश्यकता एवं उधार बाजारू ऋण चुकता करने के लिए विभिन्न दिनांकों में प्राप्त की थी तथा इस उधार राशि के पेटे उक्त राजेश द्वारा मेरे पक्षकारों से इस राशि की प्रतिभूति बतौर उनकी भूमि सर्वे क्र. 13/2/1 रकबा 0.3310 है. स्थित ग्राम कस्बा उज्जैन के बिक्री का एक अनुबंध पत्र भी दिनांक 26.03.25 को 60,00,000/- रूपये विक्रय मूल्य राशि तय कर सम्पादित करवा लिया था तथा इस अनुबंध पत्र में उक्त उधार राशि के 8,00,000/- रूपये बयाना की राशि भी जुडवा ली थी इस प्रकार उक्त राजेश द्वारा कुल 28,00,000/- रूपये की राशि उधार देना बताई गई है किन्तु मेरे पक्षकार व उक्त राजेश के मध्य उधार पेटे सम्पादित किया गया कथित अनुबंध पत्र दिनांक 26.03.25 जिसकी अवधि भी दिनांक 25.03.26 को समाप्त हो चुकी है इसलिए मेरे पक्षकार व उक्त राजेश सांखला के मध्य कथित अनुबंध पत्र की अवधि भी समाप्त हो चुकी है व यह अनुबंध पत्र वास्तव में मात्र उधारी रकम की प्रतिभूति बाबत लिखा गया था व मेरे पक्षकार ने इस बाबत उक्त राजेश सांखला को सूचनापत्र भी प्रेषित कर दिया है तथा मेरे पक्षकार उक्त राशि 28,00,000/- रूपये अदा करने हेतु भी तत्पर है किन्तु मेरे पक्षकार को जानकारी हुई है कि इस झूठे व अवधि बाधित अनुबंध पत्र के आधार पर उक्त भूमि को अन्य व्यक्तियों को एवं भू-माफिया तथा असामाजिक तत्वों को विक्रय अनुबंधित करने का प्रयास किया जा रहा है तथा मेरे पक्षकार को इस भूमि पर से कब्जा छुड़ाने के लिए गुण्डे व बदमाशों का सहारा लेकर धमकाया जा रहा है जिसके संबंध में भी मेरे पक्षकार कार्यवाही करने हेतु तत्पर है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के स्वामित्व व आधिपत्य की उक्त भूमि के संबंध में राजेश सांखला या उसके द्वारा नियुक्त किसी भी अन्य व्यक्ति से उक्त कथित अनुबंध पत्र के आधार पर कोई संव्यवहार ना करें अन्यथा मेरे पक्षकार उक्त संव्यवहार के लिए दायित्वाधीन नहीं होंगे एवं वैधानिक कार्यवाही करने हेतु तत्पर होंगे।

अतः सूचित हो। इति दिनांक 20.08.2026

**श्रवण कुमार शर्मा**
**कार्यालय - 101, प्रथम मंजिल, गुरुकृपा रेसीडेंसी, दरगाह मण्डी, पेट्रोल पंप के पास, आगर रोड उज्जैन**
**मोन 9826277233, 8602549005**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्डस्वामी श्रीमती बबलीबाई पति श्री कुलदीप जी निवासी 41, ग्राम अजनोटी, इंदौर के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक-36 ब्लॉक ए श्री हाटकेश्वर विहार ग्राम दाउदखेड़ी तह. व जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-92.90 वर्गमीटर है। भूखण्ड के विक्रय में मय तल व हवाई हक, शामिल है। भूखण्ड मुख्य मार्ग से अंदर की ओर आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय उपयोग का है। भूखण्ड फ्रीहोल्ड राईट्स का है। उक्त भूखण्ड की चर्तु:सीमा निम्नानुसार है-पूर्व में-सड़क कालोनी की, पश्चिम में- संपत्ति क्रमांक-29, उत्तर में-संपत्ति क्रमांक-37, दक्षिण में-संपत्ति क्रमांक-35 है। मेरे पक्षकार विमल कुमार पाठक पिता श्री बाबुलाल पाठक निवासी-215, ग्राम भीमाखेड़ा तह. महिदपुर जिला उज्जैन ने भूखण्ड स्वामी से उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय मूल्य की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी भूखण्ड स्वामी को कर दिया है, अब विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है। उक्त संपत्ति पर भूखण्ड स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्शीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो। इति दिनांक 21/08/2026

**भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट**
**कार्या- सी-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 89891-45770**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी नेन सिंह पिता श्री हर जी, निवासी-माधौपुरा खेड़ाखजुरिया उज्जैन से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि सर्वे क्रमांक-132/1/2 रकबा 0.62 हेक्टर में से रकबा 0.49 हेक्टर जो कि ग्राम खेड़ाखजूरिया तहसील महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.) में मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक-20.08.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो. 98272-64140**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता मूल भूमि स्वामी सोदानसिंह पिता सजनसिंह, बनेसिंह पिता सजनसिंह, प्रकाश पिता सजनसिंह, प्रकाशबाई पिता सजनसिंह, धापूबाई पिता सजनसिंह, जाति राजपुत निवासी ग्राम ढाबला हर्दु तहसील माकडोन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 477 रकबा 0.17 आरे व सर्वे क्रमांक 478 रकबा 0.17 आरे कुल किता 02 कुल विक्रीत रकबा 0.32 आरे लगानी स्थित ढाबला हर्दु तहसील माकडोन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर ली है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र व पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो। दिनांक 20-08-2026

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय के सामने बस स्टेंड आफिस नंबर 07 घटिया, जिला उज्जैन मो. 8719997462**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवनस्वामीगण 1. गोपाल भावसार (अरण्डवाल) पिता स्व. श्री बाबूलालजी, 2. बंसी भावसार पिता स्व. श्री बाबूलालजी निवासीगण उज्जैन एवं 3. श्रीमती प्रीति पति श्री धर्मेन्द्र भावसार पुत्री स्व. श्री बाबूलालजी, निवासी इंदौर से उनके संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के एक भवन जिसका पुराना म्यु. क्रमांक 3/741, नया म्यु. क्रमांक 28, स्थित शीतला माता की गली, रामघाट मार्ग, उज्जैन में है जिसका कुल क्षेत्रफल 93.55 वर्ग मीटर है, को क्रय करने के उद्देश्य से विक्रय अनुबंध पत्र किया गया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी भवनस्वामीगण को अदा कर दी है। अब शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन होना शेष रहा है। विक्रय अनुबंध पत्र अनुसार तय समयावधि में शेष बची राशि अदा करके विक्रय पत्र का निष्पादन होना शेष रहेगा। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त सम्पत्ति के विक्रय बावत् किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्थान या किसी विभाग का कोई लेन देन बाकी हो, ऋण भार बाकी हो, स्वत्व या हित रखते हो, तो ऐसे व्यक्ति / संस्था इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि इसका निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय में करवा लिया जावेगा। इसके बाद कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों बंधनकारक नहीं होगी। यह सूचित हो।

इति दिनांक 20.08.2025

**घनश्यामसिंह हंस, एडव्होकेट**
**कार्या. चेम्बर 104, प्रथम मंजिल, कल्पतरू टॉवर, शास. माधव नगर अस्पताल, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मो. 9329410391**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीगण 1 कैलाश बाई पिता श्री गणपत, 2- पदमबाई पिता श्री गणपत, 3- देवनारायण पिता नानुराम, 4- जितेन्द्र पिता नानुराम, 5-रेखा बाई पिता नानुराम, 6-प्रेम बाई पिता नानुराम, 7- कलाबाई पति रतनलाल, 8-कृष्णाबाई पिता रतनलाल, 9- माखन पिता नानुराम, समस्त जाति नाई गैर आदिवासी, निवासीगण ग्राम बरखेडी जागीर तहसील घटिया जिला उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 81/2/2 रकबा 0.4500 हैक्टर, सर्वे नंबर 81/21 रकबा 0.1500 हैक्टर, सर्वे नंबर 81/1 रकबा 1.4400 हैक्टर कुल किता 3 कुल रकबा 2.04 हैक्टर स्थित ग्राम बरखेड़ी जागीर, तहसील घटिया जिला उज्जैन में है, उक्त संपत्ति को क्रय करने का विक्रय अनुबंध मेरे पक्षकार द्वारा कर लिया गया है तथा आशिंक राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर इसे विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है। अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 19-08-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत ( जैन ), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - डीएफ-7, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मो. 99260-68606**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि सर्वे नंबर 812/4 रकबा 0.2800 हेक्टेयर भूमि जो कि ग्राम घोसला, तहसील महिदपुर व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित हैं, जिसके पूर्व में रास्ता, पश्चिम में भूमि सर्वे नंबर 383/1 व 383/2, उत्तर में भूमि सर्वे नंबर 812/3, दक्षिण में भूमि सर्वे नंबर 813/1 होकर उक्त संपूर्ण भूमि एजाज़ हुसैन पिता शेख सैफुद्दीन बोहरा, जाति बोहरा, निवासी उज्जैन म.प्र. के एकल मालिकी, स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की हैं। उक्त वर्णित कृषि भूमि को मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी से क्रय करने का तय किया हैं। जल्द ही उक्त कृषि भूमि के दस्तावेज विक्रय अनुबंध 1 पत्र / दस्तावेज विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीकरण होना हैं। उक्त कृषि भूमि के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार, राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त वर्णित कृषि भूमि कहीं पर रहन, बय, विक्रय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण की हुई हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय / कार्यालय में उक्त वर्णित कृषि भूमि से सम्बंधित कोई आपत्ति / वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन से 7-सात दिवस की अवधि में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त वर्णित कृषि भूमि की रजिस्ट्री विक्रय-पत्र करा ली जावेगी। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त कृषि भूमि को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो। इति दिनांक 20/08/2026, स्थान: उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट ,**
**सुहाना पैलेस 34, शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन**
**मो. 87707-18997**

## जाहिर सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पार्टी ने भूमि स्वामी देवेंद्र कराडवाला, पुत्र श्री भगवानलाल जी, निवासी-346, नया इंदिरा नगर, नानखेड़, उज्जैन (मध्य प्रदेश) से, उनके एकमात्र स्वामित्व और आधिपत्य वाली कृषि भूमि, अराज़ी सर्वेक्षण संख्या 478/1, क्षेत्रफल 0.140 हेक्टेयर, और भूमि स्वामी श्रीमती के एकमात्र स्वामित्व और कब्जे वाली वाणिज्यिक भूमि, अराज़ी सर्वेक्षण संख्या 477, नया इंदिरा नगर, नानखेड़, उज्जैन (मध्य प्रदेश) से, क्षेत्रफल 0.570 हेक्टेयर, जो ग्राम चिंतामन जवासिया, तहसील, जिला उज्जैन में स्थित है, का आंशिक बयाना अदाकर दिया है और अनुबंध विलेख निष्पादित करवा लिया है। अब शेष राशि का भुगतान और विक्रय विलेख का पंजीकरण होना बाकी है। यदि किसी व्यक्ति या संस्था का उक्त भूमि में कोई हित या हिस्सा है या किसी राष्ट्रीयकृत बैंक, सरकार, साहूकार या किसी विभाग या वित्तीय संस्था या समाज का कोई ऋण, प्रभार या लेनदार त्र ण है, तो नोटिस के प्रकाशन की अवधि समाप्त होने के बाद, मेरे पक्ष द्वारा विक्रय विलेख विधिवत निष्पादित किया जाएगा और कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। दिनांक-20-08-2026

**राजेन्द्र जैन पोरवाड एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन मो. 9993079516-94250 94349**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1 श्रीमती गुलाब बाई मांझी पति स्व. श्री ओमप्रकाश मांझी 2- अक्षय मांझी पिता श्री ओमप्रकाश मांझी निवासी मुल्लापुरा, उज्जैन से श्रीमती गुलाब बाई व श्री अक्षय मांझी द्वारा मूल भूमि स्वामि से उनके स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 2931 कुल रकबा में से 1.60 हेक्टर लगानी बल्ए रेट की कस्बा उज्जैन तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार को नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि की विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक- 20-08-2026 उज्जैन

**आशीष भदौरिया एडवोकेट उज्जैन**
**2. दविड़ मार्ग, कुशलपुरा उज्जैन मो. 9981260727**

## न्यूज-कॉलम

### साहेब पार्लर के विनोद 'बंटी' चौहान का निधन

**नीमच।** स्थानीय काटजू मार्केट स्थित साहेब जेन्ट्स पार्लर के संचालक एवं बं. नं. 55 निवासी चौहान (सेन) परिवार के सदस्य विनोद चौहान (बंटी) का 55 वर्ष की आयु में मंगलवार प्रातः 10.30 बजे निधन हो गया है। बताया गया है कि उनका स्वास्थ्य बीते एक माह से खराब चल रहा था। वे स्व. भंवरलालजी चौहान के पुत्र, आदित्य, नैतिक, अक्षत के दादाजी एवं अंकित चौहान के पिताजी थे। उनकी शवयात्रा मंगलवार शाम 4 बजे निज निवास बं. नं. 55 नीमच से शव वाहन द्वारा निकली द्य जिसमें समाज जन, परिजनों सहित शुभ चिंतकों व्यापारियों ने सम्मिलित होकर शोक सभा में श्रद्धांजलि अर्पित की।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 24 को

**नीमच,।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 24 अगस्त को दोपहर 3.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, नीमच में आयोजित होगी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लक्ष्यों एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।बैठक में पूर्व जिला स्वास्थ्य समिति बैठक के पालन प्रतिवेदन,प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान,जननी सुरक्षा योजना भुगतान, राष्ट्रीय शिशु एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम,मातृ एवं बाल स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों, पोषण पुनर्वास केंद्र,आयुष्मान भारत,राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम,क्षय एवं मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन एवं अंधत्व निवारण कार्यक्रम सहित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। साथ ही दस्तक अभियान की भी समीक्षा प्रस्तावित है।बैठक में संबंधित जिला अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्धारित एजेंडा अनुसार आवश्यक जानकारी एवं प्रगति विवरण के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### डी. एस. चंद्रावत इंटक के प्रदेश सचिव नियुक्त

**मन्दसौर।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जी. संजीवा रेड्डी के अनुमोदन तथा प्रांतीय पदाधिकारियों की अनुशंसा पर मंदसौर निवासी डी. एस. चंद्रावत को इंटक का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। श्री चंद्रावत विगत 41 वर्षों से विद्युत विभाग में सेवारत हैं और वर्तमान में म.प्र. विद्युत कंपनी कर्मचारी संघ फेडरेशन के प्रांतीय महामंत्री का दायित्व संभाल रहे हैं। उनकी इस नियुक्ति से विद्युत क्षेत्र में कर्मचारियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण होने और संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई है।

### 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नीमच।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, नीमच श्री पराग जैन द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग-6(4) के प्रावधानों के तहत तीन पीड़ित परिवारों को कुल 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक पीड़ित परिवार को 4-4 लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी।

# संत श्री रविदास महाराज ने समरसता का संदेश दिया : श्री विशोकानंद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम




संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर उनके जीवन दर्शन तथा समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय एवं मानवता के संदेश के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं कलश रथ यात्रा का शुभारंभ गुरुवार को गुलाब चक्कर से हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

शुभारंभ अवसर पर बीकानेर राजगुरु निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद भारती महाराज, श्री देवस्वरूप महाराज, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य श्री प्रदीप उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लाला बाई शंभुलाल चंद्रवंशी, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, विकास प्राधिकरण अध्यक्ष श्री मनोहर पोरवाल, कलेक्टर श्री अजय कटेसरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन, जिला अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित रहे। यात्रा गुलाब चक्कर से प्रारंभ होकर नगर निगम, महलवाड़ा, पैलेस रोड, डालूमोदी बाजार, माणक चौक, घास बाजार एवं हरमाला रोड होते हुए संत रविदास चौक पहुंची, जहां संत रविदास मंदिर पर यात्रा का समापन हुआ। रविदास मंदिर में आरती भी की गई। यात्रा के दौरान संत रविदास महाराज के विचारों एवं सामाजिक समरसता के संदेश से आमजन को अवगत कराया गया।शुभारंभ अवसर पर आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद भारती महाराज ने कहा कि संत रविदास महाराज ने सभी को साथ लेकर समरसता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हम सांसारिक कार्यों में व्यस्त रहते हुए ईश्वर को अलग समझते हैं, जबकि हम सभी में ईश्वर का वास है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्तव्यों को समझना चाहिए और अपने क्षेत्र में पूरी निष्ठा से कार्य करना चाहिए। सभी मिल-जुलकर रहें और रतलाम के विकास के लिए सामूहिक रूप से चिंतन करें।

जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य श्री प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि यह कलश रथ यात्रा पूरे जिले में भ्रमण करेगी। प्रदेश के साथ देशभर में संत रविदास महाराज के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास महाराज ने सामाजिक समरसता एवं समानता का संदेश दिया, जिसे प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में यात्रा से जुड़ने का आह्वान किया।

विकास प्राधिकरण अध्यक्ष श्री मनोहर पोरवाल ने कहा कि शासन द्वारा महापुरुषों के सिद्धांतों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। संत रविदास महाराज के जीवन दर्शन और उनके सिद्धांत समाज के लिए प्रेरणादायी हैं।

## न्यूज कालम



### पीजी कॉलेज में युवाओं पर सोशल मीडिया के प्रभाव विषय पर निबंध प्रतियोगिता संपन्न

**मन्दसौर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के अंग्रेजी विभाग के क्लब च्द वर्डस्मिथ्सज के तत्वावधान में एक दिवसीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जे. एस. दुबे के मार्गदर्शन में च्द इम्पैक्ट ऑफ सोशल मीडिया ऑन यूथज विषय पर संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. वीणा सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने युवाओं को तकनीक के संयमित और सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सही दिशा में किया गया इसका प्रयोग बौद्धिक विकास में सहायक होता है। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिए गए विषय पर अपने मौलिक विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक सचिन शर्मा, अर्पिता गौराना, डॉ. श्रुति मिश्रा और डॉ. निधि गेहलोत उपस्थित रहे।

### नेमिनाथ भगवान के कल्याणक अवसर पर आयोजित हुई गवली प्रतियोगिता



**मन्दसौर।** चिंतामणि सहस्त्रफना पार्श्वनाथ मंदिर नई आबादी में श्री प्रभु नेमिनाथ भगवान के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक के अवसर पर नवरत्न महिला परिषद द्वारा संस्कार गवली प्रतियोगिता आयोजित की गई। आराधना भवन में विराजित साधु भगवंतों के सानिध्य में संपन्न इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जैन धर्म के प्रति आस्था और सांस्कृतिक संस्कारों को कलात्मक रूप से प्रस्तुत करना था। परिषद अध्यक्ष मीना बोथरा ने बताया कि प्रतियोगिता में अनेक संभागियों ने अपनी भक्ति भावना और कला का प्रदर्शन किया। साधु भगवंतों ने सभी गवलियों की सराहना करते हुए धर्म एवं भावों की अभिव्यक्ति के आधार पर परिणाम घोषित किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इंदु जेतावत, द्वितीय दर्शन जैन, तृतीय नेहा कोठारी, चतुर्थ वंशिका कोठारी तथा पंचम स्थान नीतू जैन ने प्राप्त किया। वहीं नन्ही बालिका हीराल जेतावत की गवली की भी विशेष सराहना की गई। पूर्व अध्यक्ष सुधा धाकड़ द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

# जिला अस्पताल में कड़ी निगरानी, भर्ती मरीजों के अटेंडरों हेतु एंट्री पास अनिवार्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



जिला अस्पताल नीमच के ट्रामा सेंटर में बची को बहला-फुसलाकर ले जाने की कोशिश के बाद जिला अस्पताल प्रबंधन ने बुधवार से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्ती शुरू की गई है। अस्पताल में अब प्रवेश व्यवस्था नियंत्रित होगी और भर्ती मरीजों के साथ आने वाले अटेंडरों के लिए पास अनिवार्य किया गया है। मंगलवार रात की घटना के बाद बुधवार से ही अस्पताल प्रबंधन ने सुरक्षा को लेकर कई अहम कदम उठाए हैं।

भर्ती होने वाले प्रत्येक मरीज को एक पास जारी किया जा रहा है। सामान्य मरीज के साथ सिर्फ एक अटेंडर को अस्पताल में प्रवेश की अनुमति होगी। यदि मरीज के साथ मौजूद अटेंडर को बदलना है तो पहले अटेंडर को बाहर जाना होगा, इसके बाद उसी पास के आधार पर दूसरे व्यक्ति को प्रवेश दिया जाएगा। गंभीर मरीजों के मामले में अधिकतम दो अटेंडरों को अनुमति रहेगी। इसके अलावा अस्पताल में आने-जाने वाले अनजान और संदिग्ध लोगों पर सुरक्षा गार्ड विशेष नजर रखेंगे। किसी व्यक्ति की गतिविधि संदिग्ध मिलने पर उसकी पहचान और अस्पताल आने का कारण पूछा जाएगा तथा जरूरत पड़ने पर पुलिस को सूचना दी जाएगी। प्रबंधन ने यह भी स्पष्ट किया है कि बिना कान अस्पताल परिसर में घूमने वालों औ अनावश्यक भीड़ को अब छूट नह मिलेगी। सुरक्षा कर्मचारियों व विशेष सतर्कता बरतने और मरीज के आसपास संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल नजर रखने के निर्दे दिए गए हैं। खासकर बचों और मरीजों की सुरक्षा पर ध्यान देने कहा गया है, जिनके साथ कम मौजूद रहते हैं। अब जिला अस्पताल के वार्ड में

पास के बिना प्रवेश मुश्किल होगी नई व्यवस्था के तहत भर्ती मरीज के साथ रहने वाले अटेंडर को रखना जरूरी होगा। इससे मिलने के नाम पर एक साथ कई लोग अस्पताल में प्रवेश कर जाते थे इस व्यवस्था को बंद कर दिया गया है अब बढ़ती मेरी जे के साथ अटेंडर को टोकन या पास लेना अनिवार्य कर दिया गया है जिससे अनावश्यक प्रवेश रोकने के साथ ही कोई भी घटना दुर्घटना पर रोक लगा सकेगी।




# दशपुर योग शिक्षा संस्थान की बहनों ने बनाई अनोखी बीज राखियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

दशपुर योग शिक्षा संस्थान महिला इकाई मंदसौर द्वारा योग भवन में च्बीज राखी कार्यशालाज का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उपस्थित बहनों ने कपड़ों की कतरन, रेशम की डोरी और क्ले का उपयोग करके इको-फ्रेंडली हैंडमेड राखियां तैयार कीं।

महिला इकाई अध्यक्ष प्रीति जैन ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण रक्षा का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि त्योहार के बाद जब कलाई से राखी उतारी जाएगी, तो उसे फेंकने के बजाय गमले या मिट्टी में रोप दिया जाएगा, जिससे एक सुंदर पौधा तैयार होगा।

क्राफ्ट विशेषज्ञ शांकी कश्यप के मार्गदर्शन में बनाई गई इन राखियों में तुलसी, गिलकी, करेला, ककड़ी, ग्वारफली, खीरा, लौकी और अडेनियम जैसे विभिन्न पौधों व सब्जियों के बीज सजाए गए, कम लागत में बनी ये आकर्षक राखियां पूरी तरह से प्रकृति के अनुकूल हैं। इस दौरान सोरभ जैन, अंतिमबाला मालवीय, सुमन रावल, संगीता सक्सेना, साधना जैन, जापानी भावनानी, हेमा पारख, अलका गर्ग, करिश्मा गोखलानी, गीता पोरवाल, जागृति सेठिया, सुनीता सेठिया, कुसुम सेठिया आदि उपस्थित रही।



## राजीव गांधी जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**मन्दसौर।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय मंदसौर में श्रद्धांजलि सभा, विचार संगोष्ठी तथा रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने उनके दूरदर्शी व्यक्तित्व, राष्ट्र निर्माण में योगदान तथा देश में सूचना एवं संचार क्रांति लाने के उनके प्रयासों को याद किया।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने आधुनिक भारत के निर्माण की मजबूत नींव रखी और युवाओं को नई दिशा प्रदान की। उनके विचार और देशसेवा की भावना आज भी प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रकाश रातडिया, प्रदेश पदाधिकारी सोमिल नाहटा, राजेश रघुवंशी, अजय लोढ़ा सहित अनेक नेताओं ने भी विचार व्यक्त किए।

# मंदसौर में संत रविदास की 650वीं जयंती पर समरसता यात्रा का भव्य आगाज, निकली कलश यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज की 650वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर मंदसौर में जिला स्तरीय समरसता संकल्प अभियान एवं कलश वंदन यात्रा का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम में संत मिथिलेश नागर, संत असीम साहेब जी महाराज, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, उपाध्यक्ष मनु प्रिया यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता चावला, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनकी जन्मस्थली से लाई गई पवित्र माटी का पूजन किया।

समारोह में संत मिथिलेश नागर और संत असीम साहेब जी ने कहा कि संत रविदास जी का जीवन सामाजिक समरसता, समानता और मन की निर्मलता का संदेश देता है। उनके विचार आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर एवं अन्य वक्ताओं ने कहा कि यह अभियान समाज के प्रत्येक वर्ग तक संत रविदास जी के संदेश को पहुंचाने का कार्य करेगा। इस दौरान समरसता संकल्प अभियान एवं कलश वंदन यात्रा को जिला मुख्यालय सहित जिले की चारो विधानसभा एवं 21 मंडलों में सफल कार्य योजना हेतु राजेश दीक्षित द्वारा जिला टोली का गठन किया गया है जिले में सम्पन्न होने वाले कार्यक्रम की रचना के बारे में विनय दुबेला ने जानकारी दी।

कार्यक्रम के अंत में नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो रामटेकरी स्थित शिव मंदिर पहुंची जहां कलश स्थापना के बाद हनुमान चालीसा का पाठ संपन्न हुआ।

### पिला मोजक व अफलन से उड़द की फसल को ट्रेक्टर चलाकर किया नष्ट



**मल्हारगढ़।**नगर के नारायणगढ़ मार्ग स्थित एजाज हुसैन ने अपनी तीन बीघा में बोई गई उड़द की फसल पर गुरुवार को प्रातः 9.30 बजे ट्रेक्टर से हॉक कर उसे नष्ट कर दिया। किसान एजाज ने कहा कि मैने तीन बीघा में उड़द की फसल बोई थी इस पर पिलामोजक नामक बीमारी एवं अफलन से इसको ट्रेक्टर से नष्ट किया खाद,बीज,निदाई,गुड़ाई पर 25 से 30 हजार रुपये खर्च हुवे। 17 बीघा में सोयाबीन की बुआई कर रखी है उस पर भी पिलामेजेक की आने की पूरी संभावना है हम वैसे ही आर्थिक संकट से जूझ रहे है ऊपर से यह आफत आगई सरकार हमे पूरा बीमा एवं मुआवजा तत्काल दे।किसान की सूचना पर मौके पहुंचे जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने खेत पर से ही अनुविभागीय अधिकारी स्वाती जी तिवारी से चर्चा कर उड़द की फसल पर पिलामोजक व अफलन की स्थिति से अवगत करवाकर किसान एजाज हुसैन की फसल का परीक्षण कर पर्याप्त मुआवजा व बीमे की राशि दिए जाने की मांग की।इस पर से अनुविभागीय अधिकारी स्वाति जी तिवारी ने कृषि विभाग के अधिकारियों व कस्बा पटवारी को भेजकर खराब हुई फसल को देखने की बात की है।शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में उड़द,सोयाबीन, मुंगफली सहित अन्य फसलों पर पिलामोजक व अफलन की स्थिति निर्मित होरही है प्रशासन पटवारीयो के माध्यम से ऐसे गांवों व किसानों को चिन्हित कर बीमा एवं मुआवजा दिलाये।

## एलईडी बोर्ड से राजीव गांधी का नाम गायब होने पर एनएसयूआई का प्रदर्शन

**मंदसौर** । राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर (पीजी) महाविद्यालय परिसर में नए लगाए गए एलईडी बोर्ड से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी का नाम हटाए जाने को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज परिसर पहुंचकर प्राचार्य के समक्ष अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई और बोर्ड पर पूर्व प्रधानमंत्री का नाम सम्मानपूर्वक पुनः अंकित कराने की मांग की। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष मंथन धनोतिया ने कहा कि महाविद्यालय की पहचान देश के पूर्व प्रधानमंत्री के नाम से है, ऐसे में एलईडी बोर्ड से उनका नाम गायब होना गंभीर विषय है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने प्राचार्य कक्ष में स्व. राजीव गांधी की तस्वीर भेंट कर उसे स्थापित कराया। विरोध के बाद महाविद्यालय के प्राचार्य ने कार्यकताओं को दो सप्ताह के भीतर नाम से जुड़ी सभी तकनीकी व प्रशासनिक कमियों को दूर करने और पूर्व प्रधानमंत्री का नाम उचित सम्मान के साथ प्रदर्शित करने का आश्वासन दिया।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर मरीजों को किये फल वितरित

**पिपलीया मंडी।**देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व,श्री राजीव गांधी की जयंती पंचायत राज संगठन की मल्हारगढ़ ब्लॉक इकाई ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को बिस्किट,फल,फ्रूट एवं दूध बाटकर सद्भावना दिवस के रूप में पूर्ण श्रद्धा के साथ मनाई। इस मौके पर जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने कहा कि स्व,राजीव जी गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 को मुंबई में हुवा था।वह 1984 से 1989 तक भारत के सातवें प्रधानमंत्री रहे।उन्होंने भारत मे कम्प्यूटर ओर दूरसंचार तकनीक को बढ़ावा देने में उनका अहम योगदान रहा।शर्मा ने कहा कि उनके कार्यकाल में 1988 के 61 वे संविधान द्वारा मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कीगई, शर्मा ने कहा कि यह दिन राष्ट्रीय एकता,शांति,प्रेम ओर सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया।



## शारदा पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति अभियान के तहत विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी

शारदा पब्लिक स्कूल, पिपलिया मंडी में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से बी.के. लता दीदी एवं कार्तिक भाई गुप्ता ने विद्यालय में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। बच्चों ने नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशा मुक्त बनाने में सहयोग करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं विद्यालय परिवार के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय की ओर से संस्था प्राचार्य प्रकाश गहलोत ने बी.के. लता दीदी का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करना भी विद्यालय की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम बच्चों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ, संस्कारवान एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

## 10 कंपनियों ने युवाओं को उपलब्ध कराए रोजगार के अवसर

**नीमच।** रोजगार मेले में 10 कंपनियों ने सहभागिता की। इनमें एमआरएफ टायर, अल्ट्राटेक सीमेंट, अजंली विलामार, एमएसएस सोलरपावर, मालवा पॉलीटेक्निक्स, एचडीबी फाइनेंस, एलएंडटी, सोना साईलेंस, राजराजा इंडिया एवं इलेक्टिक शामिल रहीं। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा युवाओं की चयन प्रक्रिया संपन्न की गई।

## आधुनिक भारत के निर्माता राजीव गांधी की जयंती मनाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



जिले के सिंगोली स्थित कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 82वीं जयंती 'सद्भावना दिवस' के रूप में बड़े ही गौरव और शान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ब्लॉक और नगर कांग्रेस के पदाधि कारियों सहित कार्य कर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष जमील मेव,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेश भंडारी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रोशन राठौड़ ,पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बनवारी जोशी, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेश नागोरी , और राजकुमार छीपा सहित अन्य नेताओं ने स्वर्गीय राजीव जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।आज देश को उनके बताए हुए शांति, सद्भावना और आपसी भाईचारे के मार्ग पर चलने की सबसे ज्यादा जरूरत है।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेश भंडारी ने उनके योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि, "राजीव जी ने भारत को आधुनिक और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति की शुरूआत की थी। आज का डिजिटल भारत उन्हीं की दूरगामी सोच का परिणाम है ।

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-9**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- सारिका पति ताराचंद कुमावत पता- पुराना 745 नया 738 नेहरु नगर इन्दौर पिन- 1000954464 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। दिनांक 14-8-2026 इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 9 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-9 नगरपालिका निगम इन्दौर**



## रामचरितमानस के भी प्रेरणा दायी ग्रंथ– गुलाटी

**महिदपुर रोड।** रामचरितमानस सकल हिंदू समाज के लिये सद् मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए सुख में हुए जीवन जीने का सनातन आधार है। राम चरितमानस समाज के लिये लिखित संविधान है यह बात नगर के बस स्टैंड स्थित सार्वजनिक श्री राम हनुमान मंदिर में बुधवार को तुलसी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में अपने अधिकार व्यक्त करते हुए समाज सेवी श्याम गुलाटी ने कहीं। संत गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर उनके ग्रंथ राम चरित मानस की उपस्थित राम भक्त समाज के पदाधिकारियों तथा सहित अन्य उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर अपना सिर श्रद्धा से नवाया ।


## सेवानिवृत व्याख्याता डाबी का साथियों ने किया सम्मान



**महिदपुर रोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खारुआकलां में पदस्थ लेखा शास्त्र व्याख्याता गोपाल डाबी की सेवानिवृति पर संकुल केंद्र उनके शिक्षक साथियों ने बिदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित कर उनका सम्मान किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच जीवन चौधरी, पीपल्या तुखार के सरपंच कालुसिंह, संकुल प्राचार्य मेवाराम सिंह ददोरिया, वरिष्ठ अध्यापिका लीना परमार बाबूलाल राठौर, कापड़िया, श्री कृष्ण शर्मा, राकेश धाकड़, मुकेश डामोर, हुकुम चंद पाटीदार, संदीप मौर्य मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन शिक्षक पिंटू मालावत ने किया।

## डाबिया जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण सचिव मनोनीत

**जगोटी।** समीपस्थ ग्राम महूडी के सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता जगदीश डाबिया को जिला कांग्रेस सेवादल



ग्रामीण अध्यक्ष डा. चैनसिंह चौधरी ने जिला सचिव मनोनीत किया है। इस मनोनयन पर अनंत शर्मा, रजनीश तिवारी, राहुल चौधरी, महेश पांचाल, ईश्वर जाधव, आजाद शाह, रामप्रसाद खुरचनिया प्रताप, धनसिंह पटेल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि गिरधारी लाल चौहान, रणछोड़ मालवीय, कमल सूर्यवंशी रवि बोडाना, मनोहर पांचाल नंदू चौहान, टीकमसिंह ताजपुर, ओम आंजना आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## शक्कर के भावों में तेजी से चाय बेचने वालों की उड़ी नींद



**महिदपुर रोड।** पिछले तीन-चार दिनों से शक्कर के भाव में आए तेजी से उछाल ने महिदपुर रोड में चाय बेचने वालों की अच्छी खासी नींद उड़ा दी है। नगर के अधिकांश दुकानदार कुछ अपने पुराने कस्टमरों सहित दुकान पर आने वाले ग्राहकों को महज 5 में एक चाय उपलब्ध कराते हैं। इधर अन्य चीजों के वस्तुओं के भाव के साथ-साथ शक्कर के भावों में आई तेजी ने उन्हें अपनी कीमतों में वृद्धि करने के लिये मजबूर कर दिया है चाय विक्रेता अनिल सौलंकी कैलाश सोलंकी मुकेश पोरवाल कुक्कू मीणा तथा संतोष मीणा के अनुसार वैसे भी पिछले कई समय से 5 में चाय ग्राहकों को उपलब्ध कराना घटेगा सौदा साबित हो रहा था।

## नवीन संचालक मंडल का शपथ विधि समारोह आज

**तराना।** लायंस क्लब तराना के नवीन संचालक मंडल का शपथ विधि समारोह का आयोजन शुक्रवार को रखा गया है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि एवं शपथ अधिकारी एम जे एफ लायन संजय सक्सेना रहेंगे। यह आयोजन महलोक डिपो के पीछे स्थित श्री कृपा एंड मैरिज गार्डन में शाम 7 बजे से आयोजित होगा। जानकारी द्वारकाधीश पलोड़ ने दी।

### कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ के सभाकक्ष में

# समीक्षा बैठक में लापरवाही एवं कर वसूली में उदासीनता पर वेतन कटौत्री की कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

राजगढ़ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ के सभाकक्ष में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में वीबी-जी रामजी योजना अंतर्गत लेबर नियोजन, पूर्व में स्वीकृत कार्यों की पूर्णता, सीपरी पोर्टल पर कार्यों की प्लानिंग, पंचायतीराज अंतर्गत करारोपण एवं कर वसूली, आंगनवाड़ी भवनों, पंचायत भवनों तथा विद्युत देयकों के भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2025 के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध जारी स्वीकृतियों की ग्राम पंचायतवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।



समीक्षा के दौरान कई ग्राम पंचायतों में कर वसूली नहीं किए जाने तथा बैठक में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। इस पर चंदूलाल देवड़ा सचिव ग्राम पंचायत विजयगढ़, नारायण सिंह कुशवाह ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत विजयगढ़, अनुप गुर्जर सचिव ग्राम पंचायत साका जागीर तथा निरंजन सिंह गुर्जर ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत साका जागीर के तीन दिवस के वेतन काटे जाने के आदेश दिए गए। वहीं मुकेश दांगी ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत पाडल्याबना को जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में संलग्न किए जाने के आदेश दिए गए।

ग्राम पंचायत चारपुरा के ग्राम रोजगार सहायक धर्मेन्द्र विजयपुरिया के बिना पूर्व सूचना के समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर उन्हें जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में संलग्न किए जाने के आदेश दिए गए। इसी प्रकार शिवनारायण झलावा सचिव ग्राम पंचायत बूचाखेड़ी तथा ओम प्रकाश सेन सचिव ग्राम पंचायत मवासा एवं अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत सराना के बिना पूर्व सूचना के बैठक में अनुपस्थित रहने तथा कर वसूली में अपेक्षित प्रगति नहीं किए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की गई।

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी, गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी कार्य में अनियमितता, लापरवाही अथवा निर्देशों की अवहेलना पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### तीन सचिव निलंबित

समीक्षा के दौरान कर वसूली में लापरवाही एवं बैठक में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर रमेशचंद्र मालवीय सचिव ग्राम पंचायत पाडल्याबना, चैनसिंह चौधरी सचिव ग्राम पंचायत मानपिछोड़ी तथा गजेंद्र सिंह बैस सचिव ग्राम पंचायत परसूखेड़ी के विरुद्ध भी निलंबन की कार्रवाई की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा कार्यों की गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## उज्जैन जिला माहेश्वरी महिला संगठन की बैठक मन से मिलन का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडनगर

स्थानीय माहेश्वरी मांगलिक भवन पर ज़िला स्तरीय माहेश्वरी महिला संगठनों का सम्मेलन स्थानीय इकाई द्वारा आयोजित किया गया । इस मिलन समारोह में संगठन विस्तार ओर नेतृत्व के गुर सिखाये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनीषा राठी ने की, अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कार्य समिति उषा सोडानी एवं राष्ट्रीय समिति सह प्रभारी श्रीमती सीमा मालपानी थी।

जिला सचिव किरण डोडिया, कोषाध्यक्ष दीपा राठी, संगठन मंत्री विनीता बियानी उपाध्यक्ष संगता भूतड़ा पुष्पा लाठी रेखा लड्ढा संयुक्त मंत्री निक्की राठी सीमा बिंझानी के साथ सभी तहसील के अध्यक्ष एवं सचिव के अतिरिक्त कार्यक्रम में पश्चिमी मध्य प्रदेश मालवांचल उपाध्यक्ष फाल्गुनी बियानी एवं महासभा प्रतिनिधि डाक्टर वासुदेव काबरा, अध्यक्ष जगमोहन बलदवा, सचिव सुरेश माहेश्वरी, ज़िला प्रतिनिधि नरेंद्र लाठी, महेश काबरा , अरविंद



राठी की विशेष उपस्थिति रही।

अध्यक्ष मनीषा राठी ने अपने उद्बोधन में कहा हमें अपनी साथियो को प्रतिस्पर्धी नहीं बल्कि सहयोगी समझना चाहिए, अपनी प्रतिभा उपयोग किसी को नीचे दिखाने में नहीं बल्कि उसे ऊपर उठाने में करना चाहिए। इसी प्रकार उषा सोडानी ने कहा पद का लालच और घमंड नहीं किया जाना चाहिए मधुरता और प्रेम से सभी को साथ लेकर चलना पदाधिकारियो का दायित्व है। सीमा मालपानी ने भी सीखने की प्रक्रिया को सतत चलने वाली प्रक्रिया कहा इस प्रकार दोनों अतिथियों ने नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के दायित्व विस्तार से समझाये।

दीप प्रज्ज्वलन पश्चात महेश वंदना मंजू लाठी , श्वेता लाठी ने की। स्वागत भाषण बड़नगर अध्यक्ष अनीता मूँदडा ने दिया। सत्र में बड़नगर की बहनों ने लघु नाटिका बेटी ब्याहो , बहु पढ़ाओ की प्रस्तुति दी। विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार दिए गए। संचालन अंजलि सोमानी ने किया, आभार जिले की ओर से संगठन मंत्री विनीता बियानी ने और स्थानीय सचिव पलक लाठी ने माना। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। ये जानकारी जिला उपाध्यक्ष पुष्पा लाठी ने दी।

## कीटनाशक दवाइयों का नकली कारोबार, कृषि विभाग की अनदेखी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ टोंक खुर्द

सोयाबीन फसल में कीटनाशक दवाइयों का इन दिनों नीम हकीम दुकान खोलकर कीटनाशक दवाइयों का बाजारों में कीटनाशक विक्रेताओं व्यापारियों द्वारा नकली कारोबार चल रहा है। सोयाबीन की फसल मे नकली दवाई घास चारा एवं इल्ली की दवाई सरेआम धड़ल्ले से नकली दवाइयां बेच रहे हैं।

कृषि विभाग की अनदेखी की जा रही है। सोयाबीन में घास चारा एवं विभिन्न प्रजाति का उत्पन्न चारा भी नहीं खत्म नहीं हो पा रहा है एवं इल्ली एवं कीटाणु भी नहीं मर पा रहे हैं। किसान बाजारों से दवाई विक्रेतओं से महंगे भाव में दवाई खरीद रहे हैं एवं हमें नकली दी जा रही है दवाइयां बार-बार कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है। महंगे दाम पर दवाइयां खरीद कर छिड़काव किया जा रहा है।

उक्त आरोप किसान निर्भय सिंह कराड़ा ग्राम आगरी, श्रीराम गुर्जर ग्राम जामनेर, अजय गुर्जर, विनोद चावड़ा अतवास सुरेश सिंह सेठ भलाई खुर्द, दिलीप सिंह गुर्जर बागली, मनोज गुर्जर सतवास आदि देवास जिले के तहसीलों के किसान बंधुओं ने नकली दवाई विक्रेताओं के विरुद्ध शासन के प्रावधान अनुसार निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही करने की मांग की।



### इनका कहना है

इस संबंध में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग अधिकारी जिला देवास से चर्चा की गई तो। उन्होंने बताया कि। मैं संपूर्ण देवास जिले में कृषि विकासखंड अधिकारियों को जांच का निर्देश करूंगा और जो भी कीटनाशक दवाइयों की दुकान पर बगैर लाइसेंस एवं नकली दवाइयो बेच रहे हैं उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। संबंधित कृषि विकासखंड अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट भेजने को कहा है।

**ज्ञान सिंह मोहनिया देवास**

## नैतिक शिक्षा से व्यक्तित्व का विकास– राजयोगी भगवान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

शिक्षा का उद्देश्य है मानव के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास करना, पवित्र स्वास्थ्य जीवन बनाना। इसके लिए नैतिक शिक्षा, मूल्य शिक्षा की आवश्यकता है।

उक्त उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय माउंट आबू राजस्थान से पधारे हुए राजयोगी भगवान भाई ने कहे। वे ब्यावरा पब्लिक स्कूल और मानस हायर सेकेंडरी स्कूल में नैतिक शिक्षा का जीवन में महत्व विषय पर संबोधित करते हुए बोल रहे थे। भगवान भाई ने कहा कि जीवन में कार्यकुशलता, व्यावसायिक दक्षता, बौद्धिक विकास एवं विभिन्न विषयों के साथ आपसी स्नेह, सत्यता, पवित्रता, अहिंसा, करूणा दया इत्यादि मानवीय मूल्यों के पाठ भी विद्यार्थियों को पढ़ना जरूरी हैं। क्योंकि वर्तमान के विद्यार्थी भावी समाज है। उन्होंने कहा कि मानवीय मूल्यों के ह्रास के कारण समाज में हिंसक वृति बढ़ती जा रही हैं। विद्या या विमुक्तये ही शिक्षा का मूल उद्देश्य हैं। शिक्षा लेने के बाद हम सभी को नकारात्मक से, व्यर्थों से, तनाव से, व्यसनों, विकारों से मुक्त होना है ऐसी शिक्षा की आवश्यकता आज युवाओं को है। भगवान भाई ने कहा कि मूल्यों शिक्षा के ह्रास का कारण मानव संबंधों में तनाव, अविश्वास, अशांति बढ़ती जा रही हैं।

## बड़ौद के विकास कार्यों को लेकर प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

नगर के विकास एवं विभिन्न जनहितैषी कार्यों को लेकर प्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात बडौद नगर सहित जिले की विभिन्न समस्याओं, विकास कार्यों और आगामी योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष सड़क, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था आदि मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विषय रखें। नगर में प्रस्तावित एवं आवश्यक विकास कार्यों को गति देने के लिए शासन स्तर पर आवश्यक सहयोग और स्वीकृति देने का आग्रह किया!



जनप्रतिनिधियों ने नगर की वर्तमान आवश्यकताओं से भी अवगत कराया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और विकास से जुड़े विषयों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मधु गेहलोत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भैरू सिंह चौहान, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन लववंशी, लालसीह राजपूत, पार्षद प्रतिनिधि कमलेश जैन आदि उपस्थित थे।

## विहिप व राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा गौ माता की सुरक्षा को लेकर धरना प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा गौ माता की सुरक्षा एवं गौशालाओं के समुचित संचालन हेतु प्रमुख मांगों को लेकर बुधवार को सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहे पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। साथ मुख्यमंत्री, कलेक्टर एवं एसडीएम के नाम का ज्ञापन भी सौंपा।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद मालवा प्रांत कोषाध्यक्ष मुकेश पाटीदार ने बताया कि तहसील में वर्तमान में गौ माता सड़क पर आवारा घूम रही है जिस कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है और गौ माता घायल हो रही है वह माता सनातन हिंदू समाज की पूज्य माता है।



संगठन द्वारा 28 जुलाई को एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत किया था परंतु आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

संगठन की प्रमुख मांगे यहां है कि आवारा गोवंश को गौशाला भेजा जाए। तहसील के सभी शासकीय एवं निजी गौशालाओं का भौतिक सत्यापन कराया जाए। कानून एवं राष्ट्रीय माता का दर्जा मध्य प्रदेश कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर को हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध एवं गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित किया जाए।

वह तस्करी पर पूर्ण प्रतिबंध हो प्रदेश में चल रहे अवैध कत्लखानों की सूची बनाकर तुरंत कार्रवाई की जाए। गोचर भूमि एवं शासकीय जमीनों पर वह माफिया का कब्जा हटाकर उसे गौशाला चराई हेतु आरक्षित किया जाए। धरना स्थल पर नायब तहसीलदार टीना मालवीय को ज्ञापन भी सौपा गया।

## तलेन में यात्री एवं स्कूल बसों की चैकिंग कर चालानी कार्रवाई की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेन्द्र वैश्य द्वारा तलेन क्षेत्र में वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान एक यात्री बस चौधरी बस सर्विस को चैक किया गया।

चालक वर्दी में नहीं होने के कारण 1000 रुपए का जुमार्ना वसूला गया। आदर्श पब्लिक स्कूल की बस में फायर फाईटर न होने एवं चालक वर्दी में नहीं होने से 3000 रुपए का जुर्माना वसूला गया। आगे की कार्यवाही में मास्टर माइंड स्कूल तलेन पहुंचकर दो बस में अनियमितता पाये जाने पर 5000 रुपए का चालान किया गया। संस्कार कान्वेंट स्कूल तलेन को भी चैक किया गया। इसमें एक बस जर्जर अवस्था में पायी गई। इसका फिटनेस निरस्त किया गया तथा 10000 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

इसी के साथ ही सर्वोदय पब्लिक स्कूल पहुंचकर बसों को चैक किया गया। इनकी बसों के दस्तावेज पूर्ण पाये गये, इनके चालकों को फायर फाईटर चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रकार की चैकिंग निरन्तर जारी रहेगी। जो भी बस बिना पूर्ण दस्तावेज के पायी जायेगी, उसके विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जायेगी। तलेन में हीरो होण्डा मोटर साईकिल के शोरूम सांवरिया मोटर्स का निरीक्षण किया गया।

## छात्रा जया पाटीदार ने संभाग स्तरीय कुश्ती में जीता स्वर्ण, राज्य स्तर के लिए चयनित

**तराना।** क्षीरसागर स्टेडियम उज्जैन में आयोजित संभाग स्तरीय 45 किलोग्राम भार वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता में मास्टरमाइंड इंटरनेशनल स्कूल तराना की छात्रा कुमारी जया पाटीदार पिता ओमप्रकाश पाटीदार ग्राम इटावा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। अपने दमदार खेल से जया ने न केवल गोल्ड मेडल अपने नाम किया बल्कि राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए भी चयनित हुई हैं।



विद्यालय के प्राचार्य आशीष पाटीदार ने कहा कि जया की यह उपलब्धि मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। हमें पूरा विश्वास है कि वह राज्य स्तर पर भी विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेगी। पिछले 5 वर्षों से मास्टरमाइंड इंटरनेशनल स्कूल तराना के छात्र-छात्राएँ कुश्ती में लगातार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हो रहे हैं। विद्यालय में कुश्ती सहित अन्य खेलों के लिए विशेष प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दिया जाता है। विद्यालय निदेशक सत्यनारायण पाटीदार ने कहा कि जया की सफलता अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा है। विद्यालय परिवार ने जया के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पवनपुत्र व्यायामशाला की 3 बालिका पहलवानों का राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में चयन



**खाचरोद।** शालेय संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन क्षीरसागर कुश्ती एरिना उज्जैन में संपन्न हुआ जिसमें खाचरोद नगर में महिला कुश्ती के जनक कहे जाने वाले एवं महिला कुश्ती की शुरूआत करवाने वाले पवन पुत्र व्यायामशाला के कुश्ती कोच डॉक्टर श्याम सिंह पहलवान की शिष्या अंडर - 14 में 33 किलो वजन वर्ग में सरस्वती शिशु विहार की छात्रा चंचल लोहार एवं अंडर - 17 में 69 किलो वजन वर्ग में सांदीपनि विद्यालय खाचरोद की छात्रा दिव्यांशी शिंदे तथा अंडर -17 में 57 किलो वजन वर्ग में श्री राज राजेंद्र विद्या मंदिर की छात्रा आर्या बुंदीवाल ने फाइनल में मंदसौर की बालिका पहलवान को हराकर विजेता बनी तथा इन तीनों बालिका पहलवानों ने संभाग स्तर पर विजेता होकर अपना चयन राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में करवाया आगामी राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता जबलपुर में होगी। इन तीनों बालिका पहलवानों की इस उपलब्धि पर बी.ई.ओ. गुरुदत्त जोशी सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य जुझार सिंह राठौड़ तथा प्राचार्य जितेंद्र जैन, जितेंद्र निगम प्राचार्य अरुण बाफना तथा पवन पुत्र व्यायामशाला के अध्यक्ष राकेश राठौड़, प्रकाश राठौड़, ओमवीर सिंह भदौरिया तथा खाचरोद नगर वासियों तथा खेल शिक्षक धन्नालाल चौधरी ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी।

## सुधालाप भेरव गणेश उत्सव समिति का गठन



**बड़नगर।** सुधालाप भैरव मंदिर लखार सेरी द्वारा वार्षिक सभा रजक समाज धर्मशाला पर राखी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुकमाल जैन पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, विशेष अतिथी डाक्टर दिलीप गुप्ता, अध्यक्षता सतीश नीमा द्वारा की गई। अतिथियों द्वारा सुधालाप भैरव की तस्वीर पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्वलित किया गया। तदपश्चात गणेश उत्सव समिति का गठन सवार्नुमति से किया गया। समिति अध्यक्ष सत्यनारायण सरसोदिया (सत्तू भैया), उपाध्यक्ष शेलेन्द्र तिवारी, कपिल सरसोदिया कोषाध्यक्ष, सचिव दिनेश निम्बोला, सहसचिव गोपाल शर्मा (गुरुजी) मनोनीत किये गए। कार्य क्रम को डॉ. जी एल ददरवाल, सुकमाल जैन एवं डॉ. दिलीप गुप्ता ने संबोधित करते हुवे कहा की उक्त समिति गणेश उत्सव के साथ ही और भी अच्छे कार्यक्रम नगर वासियों को दे पिछले वर्ष के आय व्यय का ब्यौरा मुकेश राठोड सर ने रखते हुवे आगामी कार्यकर्म की रूप रेखा पर प्रकाश डाला अध्यक्षीय उद्बोदन सतीश नीमा ने अपने कार्य काल की उपलब्धि का वर्णन करते हुवे कहा की आप सभी के सहयोग से सुधालाप भेरव की आर्थिक स्थती काफी मजबूत हुई हे वार्षिक सभा में अजय दोराया पार्षद, बहाद्दु बादशाह पार्षद, मौनु परिहार, पप्पू दुबे, सन्देश निम्बोला, द्वारकाधीश यादव, डॉ बलराम आर्य, श्याम नीमा, कुंजबिहारी सोनी आदि उपस्थित थे नवीन कार्यकारिणी का पुष्पमाला एवं दुपट्टे से स्वागत किया गया उपरोक्त जानकारी सुरेश राठोड द्वारा दी गई।

## डॉ. कविता पाटीदार के भाजपा राष्ट्रीय मंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**बड़नगर।** भारतीय जनता पार्टी की पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. कविता पाटीदार को भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर ग्राम नावदा के सरपंच संतोष पाटीदार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने महू स्थित उनके निवास पर पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद डॉ. पाटीदार द्वारा किसानों के हित में किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए उनका विशेष आभार भी व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि डॉ. पाटीदार ने राज्यसभा में किसानों की गंभीर समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए घोड़ा रोज (नीलगाय) द्वारा फसलों को पहुंचाए जाने वाले नुकसान का मुद्दा बुलंदी से सदन में रखा था। इस अवसर पर राम पाटीदार (कृषि दर्शन), मोहनलाल डैडी, घनश्याम पाटीदार, आदित्य सिंह राणावत, जनपद सदस्य सुखदेव पाटीदार सहित अन्य मित्र मंडली एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूरा खानदान फिल्मों में, दादी भी थी सुपर स्टार



इमरान हाशमी आजकल 'आवारापन 2' की सफलता को एन्जॉय कर रहे हैं। उनकी फिल्म इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो चुकी है। इमरान एक्टर के तौर पर खास पहचान बना चुके हैं। हो भी क्यों न? एक्टिंग उनकी रगों में दौड़ती है। उनका पूरा परिवार फिल्मी सितारों से सजा हुआ है। इमरान की फैमिली ट्री देखेंगे तो पता चलेगा कि उनकी दादी से लेकर कजिन सिस्टर तक कई सुपरस्टार हैं।

**दादी**




**पिता**



इमरान के पिता अनवर हाशमी भी कलाकार थे। हालांकि वह मुख्य रूप से व्यवसायी थे। उन्होंने मीना कुमारी के साथ 1968 की 'बहारों की मंजिल' समेत कुछ फिल्मों में काम किया था।

**मामा**



महेश भट्ट और मुकेश भट्ट रिश्ते में मामा इमरान के मामा लगते हैं। दोनों इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं और अपने विशेष फिल्म्स के बैनर तले कई सुपरहिट फिल्में बना चुके हैं।

**भाई**



'सैयारा' के डायरेक्टर मोहित सूरी रिश्ते में भाई लगते हैं। मोहित की मां हीना सूरी निमार्ता-निर्देशक महेश और मुकेश भट्ट की बहन थीं।

**कजिन बहनें**

बेटियां- पूजा भट्ट, आलिया भट्ट और शाहीन भट्ट आदि इमरान की कजिन बहनें लगती हैं। आलिया फिलहाल इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेज में एक हैं। पूजा भट्ट भी अपने समय में हिट रही हैं। वहीं शाहीन एक नामी प्रोड्यूसर हैं।

# किआरा की झोली में आई नई फिल्म, सैफ संग जमेगी जोड़ी

किआरा आडवाणी की फिल्म 'टॉक्सिक' इस महीने के अंत में रिलीज हो रही है। इस बीच एक्ट्रेस को एक नई फिल्म मिल गई है। खबर है कि पहली बार उनकी जोड़ी अभिनेता सैफ अली खान के साथ जमने वाली हैं। दोनों एक इन्टेंस थ्रिलर फिल्म में स्क्रीन शेयर कर सकते हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म से राइटर-प्रोड्यूसर कनिका ढिल्लों बतौर डायरेक्टर अपना डेब्यू करेंगी। इस अनाम फिल्म को एक्सेल एंटरटेनमेंट्स प्रोड्यूस कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म अभी डेवलपमेंट स्टेज मैं है। इसकी स्क्रिप्ट को खास तौर पर सैफ और किआरा को ध्यान में रखकर लिखा जा रहा है। मेकर्स इसी साल के आखिर तक शूटिंग शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि सैफ और किआरा की यह फिल्म सुपरनैचुरल एलिमेंट वाली एक इन्टेंस थ्रिलर होगी।





## बहुत कंट्रोलिंग था ब्वॉयफ्रेंड पीरियड्स में...

साउथ की पॉपुलर एक्ट्रेस अनुपमा परमेश्वरन ने रिलेशनशिप में आए कड़वे अनुभवों का खुलासा किया है। उन्होंने एक यूट्यूब चैनल पर कहा कि उनका ब्वॉयफ्रेंड बहुत कंट्रोलिंग था। पीरियड्स को लेकर वह बहुत बुरा महसूस कराता था। एक्ट्रेस ने कहा कि एक आत्ममुग्ध व्यक्ति के साथ रहने के अनुभव ने उनमें बड़ा बदलाव लाया। पहले वह 11 बच्चे चाहती थीं, लेकिन बाद में उन्होंने बच्चे की चाह न रखने का फैसला किया।

## अपूर्वा ने छोड़ा देश !

सोशल मीडिया की दुनिया में 'द रिबेल किड' के नाम से मशहूर अपूर्वा मखीजा ने देश छोड़ दिया है। एक पॉडकास्ट में उन्होंने बताया वह अब न्यूयॉर्क में रहती हैं। इस पॉडकास्ट को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट करके अपूर्वा ने साथ में लिखा है, ₹तो।।। अब मैं भारत में नहीं रहती ह्व जब उनसे पूछा गया कि आखिर न्यूयॉर्क जाने की खास वजह क्या थी, तो अपूर्वा ने कहा कि वह काफी जर्नी कर चुकी हैं। लेकिन जब वह पहली बार न्यूयॉर्क पहुंचीं तो उन्हें तुरंत एहसास हुआ कि वह इसी शहर में रहना चाहती हैं। न्यूयॉर्क की रफ्तार बहुत तेज है, लोग बेहतरीन तरीके से ड्रेस-अप होते हैं, वहां का खाना शानदार है और उन्हें शहर का आर्किटेक्चर बहुत पसंद है। अपूर्वा ने यह भी कहा कि उन्होंने अपनी लगभग हर पसंदीदा वेब सीरीज में न्यूयॉर्क को देखा है






क्या अब मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेगी टीम इंडिया

# विमेंस एशिया कप 28 से दुबई में; भारत-पाकिस्तान एक ग्रुप में, 5 सितंबर को मुकाबला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विमेंस एशिया कप 28 अगस्त से दुबई में खेला जाएगा। भारतीय टीम अगर फाइनल जीतती है, तो खिताब के बाद होने वाली ट्रॉफी सेरेमनी पर सबकी नजर रहेगी। दरअसल, एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष पाकिस्तान के मोहसिन नकवी हैं और उनके हाथों ट्रॉफी लेने को लेकर पिछले साल पुरुष एशिया कप में विवाद हो चुका है। ऐसे में भारत के फाइनल में पहुंचने पर एक बार फिर प्रेजेंटेशन सेरेमनी को लेकर असहज स्थिति बन सकती है। भारत और पाकिस्तान इस बार एक ही ग्रुप में हैं और दोनों के बीच 5 सितंबर को लीग मैच खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल 13 सितंबर को होगा।




सितंबर 2025 में मेंस एशिया कप जीतने के बाद भारतीय टीम ने मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। यह फैसला पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बने तनाव के बीच लिया गया था। इसके बाद नकवी ट्रॉफी अपने साथ ले गए थे। भारतीय टीम ने बिना ट्रॉफी के ही जीत का जश्न मनाया था। ट्रॉफी अब तक चैंपियन टीम को नहीं सौंपी गई है। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख होने के साथ पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं।

## हेप्टाथलॉन गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय डोप टेस्ट में पॉजिटिव

**नई दिल्ली।** भारत की एथलीट और 2018 एशियन गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट स्वप्ना बर्मन डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाई गई हैं। नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी ने उन्हें सस्पेंड कर दिया है। 29 साल की स्वप्ना के सैंपल में बोल्डेनोन नाम का प्रतिबंधित पदार्थ मिला है। स्वप्ना ने इसी महीने एथलेटिक्स से संन्यास का ऐलान किया था। उन्होंने चोटों शरीर को फिट नहीं बताते हुए अपना करियर खत्म करने का फैसला लिया था। स्वप्ना बर्मन ने 2018 जकार्ता एशियन गेम्स में हेप्टाथलॉन में गोल्ड मेडल जीता था। वह एशियन गेम्स में हेप्टाथलॉन का गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बनी थीं। हेप्टाथलॉन एथलेटिक्स का मिक्स्ड इवेंट है। इसमें खिलाड़ी दो दिनों में 7 इवेंट्स में हिस्सा लेते हैं। इनमें 100 मीटर बाधा दौड़, ऊंची कूद, गोला फेंक, 200 मीटर, लंबी कूद, भाला फेंक और 800 मीटर शामिल हैं।

स्वप्ना ने एशियन चैंपियनशिप में भी गोल्ड मेडल जीता था। वह 2016 रियो ओलिंपिक में भारत को रिप्रेजेंट

## नैनो न्यूज

- **भारत ने श्रीलंका को हराया** – गॉल टेस्ट में भारत ने श्रीलंका को 165 रन से हराकर दो टेस्ट की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई।
- **मानव सुथार चमके** – डेब्यू टेस्ट में स्पिनर मानव सुथार ने शानदार गेंदबाजी कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।
- **गांगुली की यादें ताजा** – इंग्लैंड को हराने के बाद भारत की मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट टीम ने लॉर्ड्स की बालकनी में सौरव गांगुली के अंदाज में जश्न मनाया।
- **ट्रीसा-गायत्री क्वार्टर फाइनल में** – भारतीय जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में जापान की सातवीं वरीय जोड़ी को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।
- **सिंधु की नजर क्वार्टर फाइनल पर** – पीवी सिंधु आज विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में अंतिम-8 में जगह बनाने के लिए कोर्ट पर उतर रही हैं।
- **ईस्ट बंगाल की ऐतिहासिक जीत** – ईस्ट बंगाल ने एशियाई क्लब प्रतियोगिता में 12-0 की जीत दर्ज कर भारतीय फुटबॉल में नया रिकॉर्ड बनाया।
- **मेसी ने गोल किया** – इंटर मियामी के लिए लियोनेल मेसी ने पिता के निधन के बाद पहला गोल किया और एक असिस्ट भी दिया; टीम 2-2 से ड्रॉ रही।

मिक्स्ड डिसेबिलिटी क्रिकेट-लॉर्ड्स में भारत ने गांगुली जैसा जश्न मनाया

# बालकनी में खिलाड़ियों ने शर्ट लहराई, इंग्लैंड को हराया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मिक्स्ड डिसेबिलिटी क्रिकेट टीम ने बुधवार को सातवें और आखिरी टी-20 इंटरनेशनल में इंग्लैंड को 118 रन से हरा दिया। भारत ने इस जीत के बाद लॉर्ड्स की बालकनी में सौरव गांगुली जैसा शर्ट लहराकर जश्न मनाया।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 206 रन बनाए। अर्जुन गावरे ने 44 गेंदों पर 68 रन बनाए, जबकि कप्तान माजिद मागरे ने सिर्फ 19 गेंदों पर नाबाद 63 रन की पारी खेली।

इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 88 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत की ओर से हिलाल अहमद वानी ने 21 रन देकर 4 विकेट और जयेश परमार ने 14 रन देकर 3 विकेट लिए। भारत ने सात मैचों की सीरीज का सातवां मुकाबला जीता, लेकिन इंग्लैंड ने सीरीज 4-3 से अपने नाम की।



भारतीय खिलाड़ियों ने लॉर्ड्स में जीत का जश्न खास अंदाज में मनाया।

डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया ने पर खिलाड़ियों और अधिकारियों का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें सभी लॉर्ड्स की ऐतिहासिक बालकनी में अपने ब्लेजर उतारकर जश्न मनाते नजर आए। यह जश्न 2002 में इसी मैदान पर इंग्लैंड को हराकर नेटवेस्ट ट्रॉफी जीतने के बाद सौरव गांगुली के मशहूर शर्ट लहराने वाले सेलिब्रेशन की याद दिलाता है।

डीसीसीआई ने लिखा, जब लॉर्ड्स में भारत जीतता है, तो जश्न का अंदाज अलग होता है। लॉर्ड्स की बालकनी में क्रिकेट की खुशी का यह खास पल था। कोट उतर गए, उत्साह बढ़ गया और तिरंगा गर्व से लहरा रहा था। 118 रन और एक ऐसा जश्न, जिसे भुलाया नहीं जा सकेगा।

**मकान बेचना है**
शहर की मध्यस्थली डाबरी पीठा अखाड़े वाली गली (उज्जैन) में 1000 स्क्वायर फीट का मकान जिस स्थिति में है यथा स्थिति में बेचना है दलाल बंधु भी आमंत्रित है
संपर्क सूत्र
भारतसिंह चौहान
9406880595
8989541154

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### धार में जुआ खेलते 6 आरोपी गिरफ्तार

**धार।** धार जिले के तिरला में पुलिस ने बुधवार रात जुआ खेल रहे 6 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 11 हजार 260 रुपए नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि तिरला थाना क्षेत्र में कुछ लोग ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और जुआ खेल रहे लोगों को पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से नरेंद्र डांगी (50), कुणाल चौधरी (23), मुन्नालाल (49), दिलीप (45), दयाराम (40) और मुख्तियार खान (48) को गिरफ्तार किया। ये सभी धार और तिरला क्षेत्र के रहने वाले बताए गए हैं। पुलिस ने मौके से जुए में इस्तेमाल हो रहे 52 ताश के पत्ते और 11,260 रुपए जब्त किए।

### पीथमपुर की फैक्ट्रियों के गंदे पानी पर उठे सवाल

**धार।** धार और इंदौर जिले की सीमा से गुजरने वाली चंबल नदी इन दिनों प्रदूषण की समस्या से जूझ रही है। शुरूआती बारिश के साथ ही नदी का पानी काला और गहरे हरे रंग का दिखाई देने लगा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-3 की कुछ फैक्ट्रियों से निकलने वाला प्रदूषित पानी नालों के जरिए नदी में पहुंच रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, बारिश शुरू होते ही नालों के जरिए नदी में पहुंचने वाले पानी से चंबल का रंग बदल जाता है। उनका दावा है कि बढ़ते प्रदूषण का असर मछलियों और दूसरे जलीय जीवों पर पड़ रहा है। नदी किनारे बसे गांवों के जलस्त्रोतों के भी प्रदूषित होने की आशंका जताई जा रही है।

### राजस्व निरीक्षक पर हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

**कुक्षी, धार।** कुक्षी पुलिस ने राजस्व निरीक्षक अंबालाल तड़वाल पर हमला कर लूटने का प्रयास करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना 31 जुलाई को कुक्षी-मनावर रोड पर हुई थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक और धारदार हथियार भी जब्त किया है। कुक्षी थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान ने बताया कि 31 जुलाई की शाम राजस्व निरीक्षक अंबालाल तड़वाल मनावर से ड्यूटी कर अपनी बाइक से ग्राम रेबड़दा स्थित घर जा रहे थे। कुक्षी-मनावर रोड पर पीछे से आए बाइक सवार तीन बदमाशों ने उन्हें आवाज देकर रोका। परिचित समझकर आरआई ने अपनी बाइक रोक दी। बाइक रुकते ही बदमाशों ने अंबालाल तड़वाल के साथ मारपीट शुरू कर दी और उनका मोबाइल छीन लिया।

### झाबुआ में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू




फोरलेन मुआवजे की मांग पर कलेक्ट्रेट परिसर घेरा

**झाबुआ।** झाबुआ में बदनावर-टिमरवानी फोरलेन निर्माण के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने गुरुवार से कलेक्ट्रेट परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। भारतीय किसान संघ के बैनर तले यह प्रदर्शन उन किसानों द्वारा किया जा रहा है, जो दिए जा रहे मुआवजे से असंतुष्ट हैं। इस विरोध प्रदर्शन में प्रभावित क्षेत्रों के साथ-साथ दूर-दराज के किसान भी बड़ी संख्या में शामिल हुए हैं। इस आंदोलन में भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत के संभाग अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह राठौर, प्रांत उपाध्यक्ष दयाराम पटीदार, जिला अध्यक्ष बच्चू सिंह मेड़ा और जिला मंत्री वरदीचंद पटीदार सहित कई किसान नेता उपस्थित रहे। किसानों की लंबे समय से मांग है कि उन्हें फोरलेन भूमि अधिग्रहण के बदले नियमानुसार बाजार मूल्य से चार गुना अधिक मुआवजा दिया जाए। प्रशासन की कथित उदासीनता से नाराज किसानों ने धरना स्थल पर सद्बुद्धि के गीत गाकर अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का अनूठा तरीका अपनाया। यह आंदोलन जिला मुख्यालय के अलावा पेटलावद, थांदला और मेघनगर क्षेत्रों में भी चरणबद्ध प्रदर्शनों के बाद शुरू हुआ है। गत 31 जुलाई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के थांदला प्रवास के दौरान भी किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा था, लेकिन कोई ठोस निर्णय न होने से उनमें गहरा असंतोष व्याप्त है।

## नैनो न्यूज

- **एमपीआईटेक्स में कारोबारियों की जुटान-** इंदौर में 20 से 23 अगस्त तक एमपीआईटेक्स का आयोजन शुरू हुआ। उद्योग-व्यापार जगत को नए खरीदार और कारोबार के अवसर मिलेंगे।
- **सराफा बाजार में भाव उछले-** 20 अगस्त को सोने-चांदी की कीमतों में तेजी लौटी। इंदौर के सराफा कारोबारियों के साथ आभूषण खरीदारों पर भी इसका असर रहेगा।
- **प्याज के भाव में तेजी-** इंदौर मंडी में आज प्याज के औसत भाव करीब 2,800-3,200 रुपए क्विंटल रहे। अच्छी क्वालिटी का प्याज 3,800 रुपए तक पहुंचा।
- **शेयर बाजार की तेजी का असर-** सेंसेक्स में 550 अंकों की तेजी और निफ्टी के 24,200 पार पहुंचने से इंदौर के निवेशकों में भी बाजार को लेकर उत्साह बढ़ा।
- **ट्रेड फेयर में कारोबारियों की जुटान-** इंदौर में एमपीआईटेक्स 2026 आज से शुरू हुआ। 23 अगस्त तक चलने वाले मेले में एमएसएमई उत्पादों और कारोबार को बढ़ावा मिलेगा।
- **एमपीआईटेक्स में कारोबार का मंच-** इंदौर में एमपीआईटेक्स 2026 आज से शुरू हुआ। 23 अगस्त तक चलने वाले आयोजन में एमएसएमई उत्पादों और व्यापारिक संपर्कों को बढ़ावा मिलेगा।

रक्षाबंधन से पहले इंदौर में मिलावटखोरों पर शिकंजा, 200 से ज्यादा सैंपल लिए

# अब मिठाई की दुकानों और कारखानों पर दबिश देकर लिए जाएंगे सैंपल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

रक्षाबंधन त्योहार से पहले इंदौर में खाद्य विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। त्योहार को देखते हुए विभाग ने करीब एक महीने पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं।

दूध और दूध से बने उत्पादों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 200 से अधिक सैंपल लिए जा चुके हैं। इनमें जो नमूने खाद्य मानकों पर खरे नहीं उतर रहे हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। अब विभाग की टीम का फोकस मिठाइयों पर रहेगा।



शहर की अलग-अलग मिठाई दुकानों और निर्माण इकाइयों पर टीम दबिश देगी। मिठाइयों के साथ मावा, घी, खाद्य तेल और अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जाएंगे। जहां अस्वच्छ या अनहाइजीनिक परिस्थितियां मिलीं, वहां संबंधित प्रतिष्ठान को सुधार के लिए नोटिस देने के साथ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी ने बताया कि विभाग की टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर सैंपलिंग और जांच कर रही है। मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की जाएगी, ताकि रक्षाबंधन के दौरान लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिल सके। इंदौर में करीब 5 हजार से ज्यादा मिठाई की दुकानें हैं। त्योहार के दौरान मिठाइयों की मांग कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में खाद्य विभाग की टीम दुकानों के साथ मिठाई बनाने वाले कारखानों पर भी निगरानी रखेगी। अधिकारियों की नजर खासतौर पर मावे और दूध से बने उत्पादों की गुणवत्ता पर रहेगी। पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित अग्रवाल के मुताबिक मिलावटी खाद्य पदार्थों का सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है।

नकली रंग, हानिकारक रसायन और घटिया गुणवत्ता की सामग्री के लंबे समय तक सेवन से पेट, लीवर और किडनी से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका असर अधिक हो सकता है। इंदौर में बड़ी संख्या में छोटी-बड़ी खाद्य निर्माण इकाइयां संचालित होती हैं। यहां तैयार होने वाली खाद्य सामग्री केवल शहर तक सीमित नहीं रहती, बल्कि देश के अलग-अलग हिस्सों में सप्लाई होती है। ऐसे में यहां होने वाली मिलावट का असर व्यापक स्तर पर हो सकता है। विभाग के अनुसार दूध से बने उत्पादों और मसालों में मिलावट की शिकायतें और मामले ज्यादा सामने आते हैं।

### बस और रेलवे स्टेशन पर भी विशेष कार्रवाई

खाद्य विभाग की टीम की विशेष नजर बस और रेलवे स्टेशन पर रहेगी। अधिकारियों के मुताबिक छोटे जिलों और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी मात्रा में मावा और मिठाइयां इंदौर पहुंचती हैं। त्योहार के दौरान इनकी आवक बढ़ने की संभावना है। ऐसे में बाहर से आने वाले खाद्य पदार्थों की भी जांच की जाएगी।

### खाद्य विभाग के पास स्टाफ की कमी

खाद्य विभाग के सामने स्टाफ की कमी भी बड़ी चुनौती है। जिले में अधिकारी और अन्य स्टाफ के केवल 11 पद स्वीकृत हैं और लगभग इतना ही स्टाफ वर्तमान में उपलब्ध है। विभाग को शहर की आबादी, खाद्य प्रतिष्ठानों और व्यापारिक गतिविधियों को देखते हुए करीब 25 अधिकारियों-कर्मचारियों की जरूरत है।

इंदौर का स्वच्छता मॉडल देखने बंगाल से पहुंची टीम

# स्वच्छता में बहुत पीछे हैं, इंदौर का मॉडल अपनाएंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

स्वच्छता के क्षेत्र में देश-दुनिया में पहचान बना चुका इंदौर अब पश्चिम बंगाल के लिए रोल मॉडल बन रहा है। पश्चिम बंगाल के रूरल डेवलपमेंट एवं पंचायत मंत्री दिलीप घोष गुरुवार को अधिकारियों की टीम के साथ इंदौर पहुंचे।

टीम में आईआईटी के प्रोफेसर और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के इंजीनियर समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे। टीम ने इंदौर के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से लेकर घर-घर कचरा संग्रहण, सेग्रीगेशन, परिवहन और कचरे की प्रोसेसिंग तक की व्यवस्था को करीब से समझा। कचरे का सेग्रीगेशन किस तरह होता है और उसे किस तरह



ट्रांसपोर्ट व प्रोसेस किया जाता है, इसकी भी जानकारी ली गई। टीम ने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का भी निरीक्षण किया। मंत्री ने कहा कि जब स्वच्छता की बात होती है तो इंदौर का नाम सबसे पहले आता है। यह हमारे लिए एक मॉडल है। इंदौर यहां तक कैसे पहुंचा, इसका इतिहास और यहां लागू किए गए सिस्टम को हम समझ रहे हैं। धीरे-धीरे इसी प्रक्रिया को पश्चिम बंगाल में शुरू किया जाएगा। उन्होंने माना कि स्वच्छता के मामले में बंगाल अभी काफी पीछे है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार नई आई है। अभी से इस पर पूरा ध्यान देकर व्यवस्था को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

### कैसे बना इंदौर देश का सबसे साफ शहर, यह समझने आए

मंत्री घोष ने कहा कि इंदौर आज ही नहीं, बल्कि कई सालों से देश का सबसे साफ शहर बना हुआ है और लगातार इस व्यवस्था को बनाए हुए है। बंगाल की टीम यह समझने आई है कि आखिर इंदौर ने यह मुकाम कैसे हासिल किया और इसे लगातार कैसे बरकरार रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीम ने यहां सफाई व्यवस्था, उसकी मॉनिटरिंग और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की पूरी प्रोसेस को समझा।

# सिम मामले में महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल की लिंक

## अन्य आरोपियों की तलाश में इंदौर क्राइम ब्रांच, डेटा भी खंगाल रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

साइबर फ्रॉड के लिए सिम मुहैया कराने वाले तीन आरोपी क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में हैं। तीनों से पूछताछ में क्राइम ब्रांच को महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल की लिंक भी मिली है। जिस पर टीम काम कर रही है। बताया जा रहा है कि इस मामले में ओर भी आरोपी है, जिन्हें टीम जल्द पकड़ेगी।

दरअसल, इंदौर क्राइम ब्रांच ने साइबर अपराधियों तक पहुंचने वाले फर्जी और संदिग्ध सिम कार्ड के नेटवर्क पर कार्रवाई की और बुधवार को मामले का खुलासा किया। गृह मंत्रालय के आई3सी से मिली संदिग्ध पीओसी धारकों और फेक सिम यूजर की सूची के आधार पर की गई जांच में चार संदिग्ध मोबाइल नंबर सामने आए।

इन नंबरों से जुड़े सिम का इस्तेमाल महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में हुए साइबर फ्रॉड में किया गया था। शिकायतों के मिलान में कुल 84 लाख 58 हजार 499 रुपए की धोखाधड़ी सामने आई है। क्राइम ब्रांच ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

क्राइम ब्रांच अब यह पता लगाने में जुटी है कि इन सिम कार्ड को किन लोगों तक पहुंचाया गया और इनके पीछे साइबर फ्रॉड का कितना बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने राजेंद्र राऊत(40) निवासी स्वर्ण बाग कॉलोनी, आनंद वासरे(22) निवासी मालवा मिल, सूरज सिंह(24) निवासी पाटनीपुरा को गिरफ्तार किया है।

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि पकड़ाए तीनों आरोपियों से क्राइम ब्रांच पूछताछ कर रही है। टीम को महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल की कुछ लिंक मिली है, जिस पर टीम काम कर रही है। इस मामले में और भी आरोपियों के बारे में जानकारी मिली है, जिन्हें जल्द पकड़ा जाएगा।

कमरे में युवक के साथ मिली पत्नी को पति ने फटकारा

# महिला ने एसिड पीकर जान दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

खुड़ैल थाना क्षेत्र के ग्राम दुधिया में एक महिला ने एसिड पीकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि पति ने उसे एक युवक के साथ कमरे में देख लिया था। इस बात पर दोनों के बीच कहासुनी हुई और पति ने पत्नी को डांट लगाई। इसके बाद पति अपनी बेटी को लेकर घर से चला गया। कुछ देर बाद लौटने पर महिला की तबीयत बिगड़ी मिली। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, रानू (31) पत्नी सोनू लोधी ने बुधवार को एसिड पी लिया था। पति सोनू ने बताया कि वह घर पहुंचा तो पत्नी एक युवक आशीष के साथ कमरे में बैठी थी। इस बात पर उसने पत्नी को फटकार लगाई। दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद सोनू अपनी एक बेटी को लेकर घर से चला गया। कुछ देर बाद सोनू वापस लौटा तो रानू की तबीयत बिगड़ी हुई थी। पूछने पर उसने एसिड पीने की बात बताई। सोनू उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां इलाज के दौरान गुरुवार को रानू की मौत हो गई। सोनू ने बताया कि उसकी शादी को करीब 9 साल हो चुके हैं। उसकी दो बेटियां हैं। वह मूल रूप से विदिशा का रहने वाला है और दुधिया में एक कीटनाशक कंपनी में काम करता है। सोनू के मुताबिक, जिस आशीष को उसने पत्नी के साथ देखा था, वह भी दुधिया इलाके का रहने वाला है। सोनू के घर पहुंचने पर आशीष वहां से भाग गया था।

ग्रीन बिल्डिंग कांग्रेस 2026

# मुंबई में जुटेंगे देश-दुनिया के विशेषज्ञ नेट-जीरो भविष्य पर होगा मंथन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मुंबई

सीआईआई-इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल का 24वां ग्रीन बिल्डिंग कांग्रेस 26 से 28 नवंबर 2026 तक मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा। इस वर्ष की थीम फॉर्जिंग ए सस्टेनेबल फ्यूचर- डू गुड, फील गुड। बिल्डिंग ग्रीनर वर्ल्ड्स टुगेदर रखी गई है।

आयोजन में सरकार, उद्योग, वित्त, शिक्षा और वैश्विक ग्रीन बिल्डिंग क्षेत्र के विशेषज्ञ ग्रीन एवं नेट-जीरो निर्माण को बढ़ावा देने पर मंथन करेंगे। आईजीबीसी के अनुसार देश में 20,000 से अधिक ग्रीन बिल्डिंग प्रोजेक्ट पंजीकृत हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 16.33 अरब वर्गफुट है। कांग्रेस में 3,000 से अधिक प्रतिनिधियों और 10,000 से अधिक बिजनेस विजिटर्स के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजन के साथ ग्रीन बिल्डिंग एक्सपो भी होगा।

# कोर्ट के आदेश पर आईटीआई गेस्ट फैकल्टी पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मुंबई

हीरा नगर थाना क्षेत्र में कोर्ट के आदेश के बाद आईटीआई की एक गेस्ट फैकल्टी के खिलाफ गुरुवार को एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी महिला फैकल्टी शासन द्वारा दिव्यांग छात्र-छात्राओं को दिए जाने वाले निशुल्क भोजन के बदले उनसे हर महीने 2 से 3 हजार रुपए ले रही थी। फरियादी अंजू कोहली की शिकायत और अदालत के निर्देश के बाद पुलिस ने आरोपी इंद्रा जाटव (पति अनिल जाटव, निवासी राजीव आवास विहार) के खिलाफ अमानत में खयानत की धाराओं में केस दर्ज किया है।

हीरा नगर थाना प्रभारी (टीआई) सुशील पटेल ने बताया कि आरोपी इंद्रा यहां गेस्ट फैकल्टी के रूप में कार्यरत थी। शासन की योजना के अनुसार संस्थान में पढ़ने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाता है। शनिवार और रविवार को मेस बंद रहने का फायदा उठाकर आरोपी महिला फैकल्टी भोजन देने के नाम पर हर विद्यार्थी से 500 से 700 रुपए तक लेती थी। इस मामले में एक दिव्यांग छात्रा ने वकील के माध्यम से कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर हीरा नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। थाना प्रभारी के मुताबिक, फिलहाल आरोपी महिला टीचर की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इंदौर-दाहोद रेल प्रोजेक्ट

# 2.95 किमी सुरंग की लाइनिंग पूरी

## अब ट्रैक बिछाने का काम तेज, रेस्क्यू शाफ्ट और वेंटिलेशन का काम भी जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना के तहत बन रही करीब 2.95 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण तेजी से आगे बढ़ रहा है। सुरंग की लाइनिंग का काम पूरा हो चुका है। अब अंदर ट्रैक बिछाने के साथ ड्रेनेज, पीसीसी और सुरक्षा से जुड़े अन्य कामों को गति दी गई है। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के मुताबिक, सुरंग में कई निर्माण कार्य समानांतर चल रहे हैं। लाइनिंग पूरी होने के बाद अब बैलास्टलेस ट्रैक और अन्य सिविल वर्क पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि सुरंग में अब तक 1216 मीटर बैलास्टलेस ट्रैक तैयार हो चुका है। वर्तमान में 810 मीटर हिस्से में ट्रैक बिछाने का काम जारी है। पीसीसी की फाइनल लेयर का 1470 मीटर और पहली लेयर का 2007 मीटर काम पूरा हो चुका है। फिलहाल 740 मीटर में पीसीसी का काम चल रहा है। सुरंग में जलभराव रोकने के लिए ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण भी साथ-साथ किया जा रहा है। दोनों तरफ की साइड ड्रेन, इनवर्ट ड्रेन और अन्य संरचनात्मक कार्यों का बड़ा हिस्सा पूरा हो चुका है। कट एंड कवर सेक्शन में ओवरट रिइनफोर्समेंट और लाइनिंग का काम भी पूरा कर लिया गया है। बाकी ड्रेनेज और बैकफिलिंग जैसे कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।



### इमरजेंसी में बचाव के इंतजाम

सुरंग में यात्रियों की सुरक्षा के लिए रिफ्यूज निच और रेस्क्यू शाफ्ट बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा वेंटिलेशन डक्ट और एग्जॉस्ट फैन लगाने का काम भी जारी है। इन व्यवस्थाओं से सुरंग के भीतर हवा का प्रवाह बनाए रखने और आपात स्थिति में धुआं बाहर निकालने में मदद मिलेगी। पश्चिम रेलवे का निर्माण विभाग सुरंग के बाकी सिविल कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए आधुनिक मशीनरी और उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल कर रहा है। ट्रैक, ड्रेनेज और अन्य निर्माण कार्यों को समानांतर गति दी जा रही है। इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन पूरी होने के बाद मध्य प्रदेश और गुजरात के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा। इससे यात्रियों के लिए आवागमन आसान होने के साथ माल परिवहन को भी गति मिलने की उम्मीद है। इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में व्यापार, उद्योग और आर्थिक गतिविधियों को भी इस परियोजना से फायदा मिल सकता है।

कालसर्प दोष
मंगल दोष, पितृदोष
विशेषज्ञ
उज्जैन में कालसर्प दोष के लिए संपर्क करें
पंडित देवकीनंदन
अवंतिका तीर्थ पुरोहित
पंडित देवकीनंदन बृजमोहन जी द्विवेदी
॥ यजुर्वेद आचार्य ज्योतिर्विद् ॥
पताः म.नं. 58, योगीपुरा, हरसिद्धि माता मंदिर के पास, उज्जैन
मोबा. : 9907584370, 7772877083

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006, 9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com